सुप्रभात

रांची, गुरुवार

20.04.2023

* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ





khabarmantra.net | वैशाख, कृष्ण पक्ष, अमावस्या संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 275



12 मेरिट के आधार पर हो कास्टिंग : प्रियंका चोपड़ा





## न्यूज डायरी

### वीरेंद्र राम की हिरासत अवधि 29 तक बढ़ी

**रांची।** ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में बुधवार को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से हुई। वीरेंद्र की न्यायिक हिरासत की अवधि 29 अप्रैल तक के लिए बढ़ा दी है।

### बड़गाईं सीआइ समेत 7 लोगों से 24 तक पूछताछ

**रांची।** सेना भूमि घोटाले के आरोप में गिरफ्तार आरोपी बड़गाईं सीआई भानु प्रसाद, जमीन दलाल प्रदीप बागची, अफसर अली, इम्तियाज खान, तलहा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम से ईडी और पांच दिनों तक पूछताछ करेगी। अर्थात उनकी पूछताछ आगे 24 अप्रैल तक जारी रहेगी।

### चाईबासा : फिर पांच आइइडी बम बरामद

**चाईबासा।** चाईबासा पुलिस को पांच आइइडी बम मिले हैं। पुलिस ने ये विस्फोटक पश्चिमी सिंहभूम जिले में लगातार नक्सलियों के खिलाफ चल रहे ऑपरेशन के दौरान गोइलकेरा थाना क्षेत्र के छोटा कुईड़ा जंगल में सुबह लगभग 9.30 बजे बरामद किया है।

### राष्ट्रीय क्वांटम मिशन केंद्रीय मंत्रिमंडल से मंजूर

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए राष्ट्रीय क्वांटम मिशन को मंजूरी दे दी है, जिसके लिए करीब 6000 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान भी है।

### देश में कोरोना के नये मामले 10 हजार के पार

**नयी दिल्ली।** भारत में एक दिन में कोरोना संक्रमण के 10,542 नये मामले सामने आये। अब संक्रमित लोगों की संख्या 4,48,45,401 हो गयी। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या 63,562 पर पहुंच गयी।

### नेपाल के राष्ट्रपति राम चंद्र पौंडेल एम्स में भर्ती

**नयी दिल्ली।** नेपाल के राष्ट्रपति राम चंद्र पौंडेल को सांस लेने में परेशानी के कारण बुधवार को दिल्ली के एम्स में भर्ती कराये गये।

### मालगाड़ियों की टक्कर में लोको पायलट की मौत

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर-कटनी खंड में सिंहपुर रेलवे स्टेशन के समीप बुधवार की सुबह दो मालगाड़ियों की टक्कर में एक लोको पायलट की मौके पर ही मौत हो गयी।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 77,000 रु./प्रति किलो |



# चीन को पछाड़ भारत बना नंबर-1

**आबादी का मामला**

➲ चीन की आबादी 142.57 और भारत की 142.86 करोड़

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सदियों से दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाला देश चीन अब भारत से पिछड़ गया। दुनिया में सबसे ज्यादा आबादी वाला देश अब चीन नहीं, बल्कि भारत है। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार भारत की आबादी बढ़कर 142.86 करोड़ हो गयी है। संयुक्त राष्ट्र विश्व जनसंख्या कोष (यूएनएफपीआइ) के अनुसार, चीन की आबादी 142.57 करोड़ है। भारत में अब चीन की तुलना में 20 लाख से ज्यादा लोग हैं। वहीं चीन में बच्चे पैदा करने की दर कम हुई है। रिपोर्ट में ताजा आंकड़े 'डेमोग्राफिक इंडिकेटर्स' की कैटेगरी में दिये गये हैं। ऐसे में कुल मिलाकर देखा जाये तो चीन को आबादी के मामले में पीछे छोड़ना जहां एक ओर हमारे लिए संभावनाओं के द्वार खोल रहा है वहीं दूसरी ओर यह एक चुनौतीपूर्ण स्थिति भी है। (शेष पेज 11 पर)

### संभावनाओं के द्वार, पर चुनौती भी

ऐसे में कुल मिलाकर देखा जाए चीन को आबादी के मामले में पीछे छोड़ना जहां एक ओर हमारे लिए संभावनाओं के द्वार खोल रहा है वहीं दूसरी ओर यह एक चुनौतीपूर्ण स्थिति भी है। ऐसे तो बढ़ती आबादी का मतलब है और बड़ा बाजार। इससे अर्थव्यवस्था को फायदा हो सकता है। पर अगर हमने बढ़ती जनसंख्या से जुड़ी चुनौतियों की अनदेखी की तो हालात बुरी तरह बिगड़ भी सकते हैं। अगर सरकारी और सामाजिक स्तर पर हमने बढ़ती आबादी की चुनौतियों से निपटने के लिए ठोस प्रयास नहीं किए तो भविष्य में उसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। यह जरूरी है कि विश्व की सबसे अधिक आबादी वाले देश के रूप में हम अपनी युवा आबादी को बेहतर मानव संसाधन में तब्दील करें। जिससे इस युवा आबादी को हम अपनी कमजोरी की जगह ताकत बनाकर उनका देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में इस्तेमाल कर सकें।

### दुनिया के सबसे अधिक युवा भारत में

आंकड़ों के अनुसार यहां दुनिया की सबसे युवा आबादी भी रहती है। भारत की आधी आबादी 30 साल से कम लोगों की है जिनकी औसत उम्र 28 वर्ष है। अमेरिका और चीन की बात की जाए तो वहां की औसत उम्र 38 वर्ष है। दुनिया की लगभग 2.4% भूमि वाला देश भारत कुल वैश्विक आबादी के लगभग पांचवें हिस्से का घर है। यहां गौर करने वाली बात यह है कि भारत की आबादी अपेक्षाकृत युवा और बढ़ रही है। वहीं चीन की आबादी में वृद्धों की संख्या अधिक है और यह घट रही है।

# नियोजन नीति के विरोध में झारखंड बंद का राज्यभर में मिलाजुला असर

➲ कहीं हाइवे किया जाम, तो कहीं टायर जलाकर जोरदार प्रदर्शन

➲ दो सौ से अधिक गिरफ्तार, रिहा, नहीं चलीं लंबी दूरी की बसें

➲ संथाल के जिलों में दिखा बंद का सबसे अधिक असर

➲ रांची-पटना रोड जाम, वाहनों की लगी लंबी कतार, यात्री परेशान

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** नियोजन नीति के विरोध में झारखंड बंद का राज्य भर में मिला जुला असर रहा। बंद का दुमका समेत संथाल में व्यापक असर रहा। वहीं राजधानी रांची समेत रामगढ़, पलापू, चाईबासा, धनबाद, पलामू, गढ़वा, जमशेदपुर में मिलाजुला असर रहा। राजधानी रांची में कहीं बंद कराने छात्रों का हुजूम उमड़ा है तो कहीं जनजीवन सामान्य रहा। छात्रों ने राज्य भर में कई जगह टायर जला कर रोड अवरुद्ध कर दिया। बंद समर्थकों ने रांची-पटना रोड को घंटों जाम रखा। बंद को देख नेशनल हाइवे और स्टेट हाइवे के साथ रेलवे की सुरक्षा बढ़ा दी गयी थी। हर शहर में चौक-चौराहे पर पुलिस अलर्ट थी। लंबी दूरी बसें नहीं चलीं, इससे यात्रियों को भारी परेशानी हुई। पुलिस मुख्यालय के मुताबिक, राज्य भर से 200 अधिक बंद समर्थकों को हिरासत में लिया गया था। उन्हें देर शाम रिहा कर दिया गया। अकेले रांची में ही करीब सौ लोग हिरासत में लिये गये थे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस गश्ती लगाती रही। (शेष पेज 11 पर)

### रांची में लाठीचार्ज

रांची में मिला जुला असर रहा। रांची में कुछ बंद समर्थक उतरे, लेकिन पुलिस ने लाठीचार्ज कर उन्हें खदेड़ दिया। पुलिस ने रांची में 30 को गिरफ्तार किया। रांची से दूसरे जिलों के लिए खुलने वाली बसों के परिचालन पर व्यापक असर पड़ा। पटेल चौक स्थित सरकारी बस स्टैंड, कांटाटोली से भी बस सेवा प्रभावित रही। रांची से कोडरमा, चाईबासा, चतरा, सिमडेगा, गया, नवादा सहित कई जिलों के लिए बसें नहीं खुली। बंद के दौरान रामगढ़ में बड़ी संख्या में छात्र सड़क पर उतरे। कोठार और टायर मोड़ ओवरब्रिज के पास छात्रों ने टायर जलाकर सड़क पर आवागमन बाधित रखा। एनएच- 33 पर गाड़ियों की लंबी कतार लगी। छात्रों ने जमकर राज्य सरकार और 60-40 की नियोजन नीति के खिलाफ नारेबाजी की।

फार्म हाउस और डिफेंस कॉलोनी के घर समेत कई जगहों की संपत्ति इडी ने की जब्त

# वीरेंद्र राम की 39. 28 करोड़ की संपत्ति कुर्क

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने बुधवार को भ्रष्टाचार में लिप्त ग्रामीण कार्य विकास और ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र कुमार राम के खिलाफ कार्रवाई की है। इडी ने वीरेंद्र राम की 39.28 करोड़ की संपत्ति जब्त कर ली। इडी ने वीरेंद्र कुमार राम के पिता गेंदा राम के नाम पर खरीदे गये छतरपुर के फार्म हाउस और दिल्ली की डिफेंस कॉलोनी में खरीदे गये मकान को जब्त कर लिया है। दिल्ली समेत अन्य शहरों में वीरेंद्र राम की बनायी अचल संपत्ति को पीएलएमए प्रावधानों के तहत जब्त किया गया है। वीरेंद्र राम की संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई से जुड़ी प्रेस रिलीज भी इडी ने जारी किया है। (शेष पेज 11 पर)



**18 करोड़ कैश देकर खरीदी थी छतरपुर की प्रॉपर्टी :** इडी जांच में छतरपुर की प्रापर्टी वीरेंद्र ने 18 करोड़ कैश देकर खरीदी थी। जबकि इसका बाजार मूल्य 30 करोड़ के करीब है। इडी ने प्रॉपर्टी के मालिक का बयान भी दर्ज किया है। प्रॉपर्टी की खरीद वीरेंद्र राम ने अपने पिता गेंदा राम के नाम पर की थी, जबकि गेंदा सेवानिवृत शिक्षक हैं। उनके खातों से पैसे दिल्ली के सीए मुकेश समेत कइयों के खाते में भेजे गये थे। एक माह में ही गेंदा के खाते से करीब 5.50 करोड़ रुपये का ट्रांजेक्शन दिसंबर 2022 से जनवरी 2023 के बीच हुआ था। इडी की पूछताछ में गेंदा ये नहीं बता पाये थे कि इन पैसों का क्या स्रोत है? वहीं दिल्ली की डिफेंस कॉलोनी का मकान भी तकरीबन चार करोड़ कैश देकर वीरेंद्र राम ने 2019 में खरीदा था।

## इफ्तार दावत : सीएम ने अमन-चैन की दुआ मांगी



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रमजान उल मुबारक पर बुधवार को दावत ए इफ्तार आयोजित किया। मुख्यमंत्री आवास में आयोजित इफ्तार में सभी धर्मों के लोग शामिल हुए। सीएम ने सभी रोजेदारों को रमजान की दिली मुबारकबाद दी। मौके पर सभी ने राज्य की प्रगति, प्रेम, भाईचारा, खुशहाली और अमन-चैन के साथ सुरक्षित जनता, सुरक्षित झारखंड की दुआ की। दावत ए इफ्तार में राज्यसभा सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, बन्ना गुप्ता, मिथिलेश ठाकुर, बादल पत्रलेख, हफीजुल हसन, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, कई विधायक, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह, सीएम के प्रधान सचिव वंदना डाडेल, सीएम के सचिव विनय कुमार चौबे के अलावा कई लाग मौजूद रहे।

## ओबीसी आरक्षण विधेयक राजभवन ने लौटाया

**रांची (खबर मन्त्र)।** ओबीसी आरक्षण पर अब ग्रहण लगता दिख रहा है। ऐसा इसलिए कह रहे हैं कि झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने राज्य में सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण बढ़ाने की मांग वाले विधेयक को फिर समीक्षा का सुझाव के साथ वापस कर दिया है। विधेयक अन्य पिछड़ा वर्ग कोटे को 14% से बढ़ाकर 27% और अनुसूचित जनजाति के कोटे को 26% से बढ़ाकर 28% और अनुसूचित जाति को 10% से 12% करने का प्रावधान है। ऐसे में अगर यह बिल पारित होता है, तो राज्य में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए 10% आरक्षण को शामिल करने के साथ सरकार की नौकरियों में कुल आरक्षण 77% हो जायेगा।। राजभवन के अधिकारी ने कहा कि बिल अटॉर्नी जनरल से कानूनी राय के आधार पर लौटाया गया है। कहा कि झारखंड के पिछले राज्यपाल रमेश बैस ने इस बिल को अटॉर्नी जनरल को भेजा था। जिन्होंने कहा है कि बिल आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के फैसलों को ध्यान में नहीं रखा गया है।



## हाइकोर्ट ने विधानसभा सचिव को बनाया प्रतिवादी

**सूचना आयुक्तों की नियुक्ति का मामला**

**रांची (खबर मन्त्र)।** सूचना आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित राजकुमार की अवमानना याचिका समेत राज्य के 12 संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष एवं सदस्यों के पद रिक्त रहने को लेकर एडवोकेट एसोसिएशन की जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने विधानसभा सचिव को मामले में प्रतिवादी बनाया है। साथ ही विधानसभा सचिव को जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई 3 मई निर्धारित की है। खंडपीठ ने विधानसभा में विपक्ष के नेता के रिक्त पद के संबंध में मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि इस पद को लेकर स्पीकर डिसक्वालीफिकेशन (बाबूलाल मरांडी) के इश्यू को क्यों नहीं डिसाइड कर रहे हैं। राजकुमार की अवमानना याचिका में प्रार्थी के अधिवक्ता अभय मिश्रा ने कोर्ट को बताया कि ऐसा प्रावधान है कि अगर विपक्ष के नेता नहीं है तो विपक्ष में सबसे बड़ी पार्टी के नेता को कमेटी में रखकर राज्य सूचना आयोग में सूचना आयुक्त एवं अन्य पदों की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की जा सकती है। (शेष पेज 11 पर)






# गर्मी से लोग बेहाल, 21 से राहत की उम्मीद

➲ वन्यजीवों पर भी दिखने लगा भीषण गर्मी का असर

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** गर्म हवा के थपेड़ों और सूरज की तपिश के कारण झारखंड की धरती तप रही है। चिलचिलाती धूप की वजह से गर्मी से लोगों को राहत नहीं मिल रही है। आलम यह है कि जमशेदपुर और गोड्डा जिले में तापमान 44 डिग्री के पार चला गया है। राजधानी रांची में भी सूरज आग उगल रहा है। रांची का तापमान 40 डिग्री दर्ज किया गया। भीषण गर्मी का असर वन्य जीवों पर भी नजर आने लगा है। मौसम विभाग रांची के अनुसार गुरुवार को राज्य के कुछ जिलों में आंशिक बादल छाने लगेंगे। वहीं शुक्रवार से थोड़ी राहत शुरू हो जायेगी। शुक्रवार को कुछ इलाकों में तो शनिवार से राज्य के अधिकांश हिस्सों में गर्जन के साथ बारिश की संभावना है।

### पानी की तलाश में बेतला पहुंचा हाथियों का झुंड, अलर्ट



भीषण गर्मी का असर अब वन्यजीवों पर भी दिखने लगा है। पलामू के बेतला नेशनल पार्क में हाथियों का एक झुंड पानी की तलाश में पहुंचा है। इसे देखते हुए वन विभाग ने अलर्ट जारी किया है। भीषण गर्मी से परेशान वन्यजीव भी पानी की तलाश में निकल रहे हैं। बेतला पहुंचे हाथियों के इस झुंड में करीब 20 से 25 हाथी हैं। इसमें कई बच्चे हाथी भी हैं। हाथियों की गतिविधि पर निगरानी रखी जा रही है। लोगों से सतर्क रहने की अपील की जा रही है।

# जेई सुरेश प्रसाद के आवास से ₹2.5 करोड़ बरामदगी मामले में इडी और एसीबी स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करे : हाई कोर्ट

**मामले की सीबीआई जांच कराने का आग्रह करने वाली जनहित याचिका पर हाईकोर्ट में हुई सुनवाई**

**बरामद रुपए के मामले में निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की भी सहभागिता का अंदेशा**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** ग्रामीण कार्य विभाग, सरायकेला-खरसावां के तत्कालीन जूनियर इंजीनियर के जमशेदपुर स्थित आवास से करीब ढाई करोड़ रुपए की बरामदगी मामले की सीबीआई जांच कराने का आग्रह करने वाली पंकज कुमार यादव की जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने ईडी और एसीबी को मामले में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। खंडपीठ ने मामले की सुनवाई 14 जून निर्धारित की है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने पैरवी की। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि जूनियर इंजीनियर सुरेश प्रसाद के जमशेदपुर आवास से नवंबर 2019 में करीब ढाई करोड़ बरामद हुए थे। लेकिन यह किसका है यह पता नहीं चल पाया था। एसीबी ने इस मामले में सिर्फ सुरेश प्रसाद को जेल भेज दिया बाकी के खिलाफ किसी तरह की न तो जांच की गई और न ही कोई कार्रवाई की गई। सुरेश प्रसाद ने एसीबी को बरामद राशि के बारे में किसी तरह की कोई जानकारी नहीं दी और कहा था कि यह किसका है पता नहीं। उनकी और से कहा गया कि इतनी बड़ी राशि बरामद हुई थी इस संबंध में आयकर विभाग को भी सूचित करना चाहिए था लेकिन इस मामले में एसीबी ने आगे की किसी तरह की कार्रवाई नहीं की। उनकी ओर से यह भी कहा गया कि जूनियर इंजीनियर सुरेश प्रसाद के आवास से बरामद करीब ढाई करोड़ रुपए मामले में ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की भी सहभागिता है। हाल ही में ईडी ने वीरेंद्र राम को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।


## जिला अभियंता का कार्यालय जिला परिषद, खूँटी

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई० टेन्डर रिफरेन्स नम्बर – DOPR/DE/KHUNTI/03/2023-24

| क्र. | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्रा० राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अड़की | अड़की प्रखण्ड के सिन्दरी में मार्केट कॉम्पलेक्स का निर्माण | 19,99,300.00 | 40,000.00 | 5,000.00 | 4 माह |

नोट :-
1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 21.04.2023 के अपराह्ण 05:00 बजे।
2. वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि 28.04.2023 के अपराह्ण 05:00 बजे तक।
3. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ–पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये योग्यता दस्तावेज की प्रति जमा करने की तिथि एवं समय 29.04.2023 अपराह्ण 03:00 बजे तक। जो समय पर अभिलेख जमा नही करेंगे उनकी निविदा को खोला नही जायेगा।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 02.05.2023 अपराह्ण 01:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430752050
7. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट / बैंकर्स चेक के रूप में जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी के पक्ष, जो आई०डी०बी०आई०, बैंक, खूँटी शाखा में भुगतेय होगा जो लौटाया नही जायेगा।
8. जिला परिषद, खूँटी / RWD/BCD के समुचित श्रेणी का निबंधन ही मान्य होगा।
9. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह०/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद, खूँटी

PR 295445 District (23-24)_D

## ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल
## मुख्य अभियंता का कार्यालय, कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग
## भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड, रांची

ई–प्रोक्योरमेन्ट नोटिस

टेन्डर रेफरेन्स नं0–BCD/CE/06/Daltonganj/2023-24 दिनांक–19-04-2023

| Sl. No | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | i | Construction of Boundary wall of ITI Administrative Block and work shop Building campus Hussainabad palamu for the year 2022-23 | Rs.1,09,37631.00 | 06 माह |
| | ii | Renovation work of ITI Lalgarh for Government of Jharkhand at palamu,Jharkhand for the year 2023-23 | Rs.1,47,24,529.00 | 06 माह |
| 2 | | वेबसाइट पर निविदा प्रकाषन की तिथि | 25.04.2023 | |
| 3 | | वेबसाइट पर बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 09.05.2023 up to 11:00 A.M | |
| 4 | | निविदा प्रकाषित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल मुख्य अभियंता का कार्यालय, कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची। | |
| 5 | | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9631476651 | |
| 6 | | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 7759091091 | |

किसी भी प्रकार का बदलाव http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
• अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

*Note: UCAN Registration is mandatory for the Bidders*

नोडल पदाधिकारी
ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल, मुख्य अभियंता का कार्यालय,
कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग,
भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची।

PR.NO.295543 Building(23-24):D

## कार्यालय, अधीक्षक, मंडल कारा, गुमला।

### आम निलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मंडल कारा, गुमला के कारा परिसर में वर्श 2019 में कटे कुल 571 युकिल्पटस एवं 09 अन्य प्रजाति के वृक्षों के एकत्रित एवं दावा रहित शेष बचे काष्टों की बिक्री आम निलामी द्वारा की जानी है। निलामी प्रक्रिया की निम्नलिखित शर्तो के अनुसार की जानी है:–

1) (क) निलामी का स्थान – मंडल कारा, गुमला।
(ख) निलामी की तिथि – 09.05.2023 (मंगलवार)।
(ग) निलामी का समय – 03.00 अपराह।

2) आम निलामी की तिथि एवं समय पर इच्छुक क्रेता (पैन कार्ड, आधार कार्ड, दूकानदार/प्रतिष्ठान का रजिट्रेशन नंबर धारक) निलामी प्रक्रिया में शामिल होने से पूर्व राशि–30,000.00 (तीस हजार) रूपये मात्र नगद/किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत बैंक ड्राफ्ट जो अधीक्षक, मंडल कारा, गुमला के पदनाम से प्रतिक्षिप्त होगा, जिसे कारा कार्यालय में जमा करेंगे।
3) निलामी प्रक्रिया में भाग लेने से पूर्व स्थल निरीक्षण कर काष्टों को देखा जा सकता है एवं कटे हुए वृक्षों के काष्टों की बिक्री जहाँ है जैसा है के आधार पर उच्चतम डाक बोलने वाले को दी जायेगी।
4) सफल क्रेता को डाक की राशि का 15% तुरंत जमा करना होगा।
5) क्रेता द्वारा डाक बोली में बोले गये मूल्य का टैक्स (कर) नियमानुसार देय होगा।
6) सफल क्रेता को काष्टों के उठाव संबंधित आदेश निर्गत तिथि से 03 दिनों के अंदर बिक्री मूल्य के अनुसमर्थन (रटिफिकेशन) मूल्य का अवशेश राशि जमा करना होगा। तत्पश्चात् 15 दिनों के अंदर निश्चित रूप से काष्टों का उठाव कर लिया जाना होगा।
7) अग्रधन के रूप जमा की गई राशि को सफल क्रेता के बिक्री राशि में समायोजित कर ली जायेगी एवं निलामी कार्यवाही पूर्ण होने के पश्चात् असफल क्रेता द्वारा अग्रधन के रूप में जमा की गई राशि को वापस कर दी जायेगी।
8) निविदा को पूर्णतः या अशतः संशोधित या रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को रहेगा।
9) कार्यालय को आम निलामी हेतु निर्धारित तिथि से पूर्व किसी भी कार्य दिवस में अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, मंडल कारा, गुमला के कार्यालय में कार्यालय अवधि के दौरान संपर्क स्थापित कर किया जा सकता है।

ह0/–
अधीक्षक
मंडल कारा, गुमला।

PR 295497 (Home) 23-24 (D)

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉंची पश्चिम, रॉंची

ई–प्रोक्योरमेंट अति अल्पकालीन निविदा सूचना (12th Call)

जिसका PR No. 255948 (Drinking Water and Sanitaion) 2021–22 है।

Tender Reference No. - DWSD/RW/SVS-05/2021-22 Date - 18-04-2023

| S.No | Name of the Work | Cluster Name | Sub Cluster/Group No. | Block | Estimate Cost (in Lac) | Ernest money (in Lac) | BOQ cost (in Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Construction of Solar Based Mini Water Supply Schemes (SVS) in Different Block, comprising of suitable R.C.C. / Framed structure ESR, Distribution Lines, Source (as required) and FHTC all complete job in the Different Block of District Ranchi under Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi West, Ranchi for the year of 2021-22 (on Turn Key Basis) | 2A | 2A (i) | Chanho | 828.03 | 8.29 | 10000.00 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | | | 09 Months + 1 months (trial and run) | | | |
| 4 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | | | 19-04-2023 at 04:00 P.M | | | |
| 5 | बीड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | | | 25-04-2023 up to 04:00 P.M | | | |
| 6 | निविदा की हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि/समय/स्थान | | | 26-04-2023 up to 04:00 P.M कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रॉंची पश्चिम, रॉंची / अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता, रॉंची अंचल, रॉंची। | | | |
| 7 | बीड खोलने की तिथि/समय | | | 27-04-2023 up to 04:00 P.M | | | |
| 8 | निविदा प्रकाषित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता। | | | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रॉंची पश्चिम, रॉंची। | | | |
| 9 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | | | 0651-2491247 | | | |

•किसी भी प्रकार का बदलाव http://jharkhandtendars.gov.in पर देखा जा सकता है।
•अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http://jharkhandtendars.gov.in पर देखा जा सकता है।
•निविदा में प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि मान्य होगा।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
रॉंची पश्चिम, रॉंची

PR 295482 (Drinking Water and Sanitation)23-24*D


## हाईकोर्ट ने इडी और सीबीआई से पूछा

# निलंबित अभियंता रास बिहारी सिंह और वीरेंद्र राम के मामले में क्या कार्रवाई हुई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम और पथ निर्माण विभाग के निलंबित अभियंता प्रमुख रास बिहारी सिंह के खिलाफ सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्र की खंडपीठ ने अब तक हुई कार्रवाई पर ईडी और एसीबी को स्टेटस रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया है। सुनवाई के दौरान ईडी की तरफ से समय की मांग की गई। कोर्ट ने दोनों एजेंसियों को 4 सप्ताह का समय देते हुए स्टेटस रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया है। मामले की सुनवाई 14 जून को रखी गई है। इस संबंध में पंकज यादव ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है।

बता दें कि 12 जनवरी 2023 को आयकर विभाग ने जमशेदपुर के आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित दोराबजी ऑटो प्राइवेट, परसुडीह और सुंदर नगर स्थित पहाड़ी इंजीनियरिंग मुंशी मोहल्ला के आवास समेत छह स्थानों पर छापेमारी की थी। जहां आयकर विभाग को निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के करीबी सुरेश प्रसाद वर्मा के आवास से ढाई करोड़ कैश, भारी मात्रा में बेनामी संपत्ति के कागजात, सोने के आभूषण, निवेश के पेपर समेत टैक्स चोरी से संबंधित दस्तावेज मिले थे।

## सारंडा में पड़े लाखों टन आयरन ओर के निष्पादन के लिए सरकार क्या प्रक्रिया अपना रही : हाईकोर्ट

**विधायक सरयू राय ने दाखिल की है जनहित याचिका**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सारंडा के जंगल में आयरन ओर (लौह अयस्क) के खनन एवं उसकी ढुलाई से होने वाले प्रदूषण की रोकथाम को लेकर विधायक सरयू राय की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में बुधवार को हुई। मामले में हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सरकार से पूछा कि माइनिंग गतिविधियों के कारण सारंडा के जंगल में जो लाखों टन आयरन ओर बचे हैं उसे निष्पादित करने के लिए क्या प्रक्रिया अपनाई जा रही है। मामले में राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए कोर्ट ने मामले की सुनवाई 21 जून निर्धारित की। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने कोर्ट को बताया कि फिलहाल सारंडा के जंगल में माइनिंग गतिविधि रुकी हुई है, लेकिन पहले से वहां जो लाखों टन आयरन ओर निकाले गए हैं वह पड़ा हुआ है, जिससे वहां प्रदूषण की समस्या अभी भी बनी हुई है।

बता दें कि वर्ष 2012 में सरयू राय ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की थी। जिसके बाद हाई कोर्ट ने कई सुनवाई में मामले में दिशा-निर्देश दिए थे। इसके बाद सारंडा क्षेत्र में चल रहे माइनिंग गतिविधियों पर रोक लगी है।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस आज, झारखंड के 16 जिलों में चलाया जायेगा अभियान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के 16 जिलों में आज 20 से 25 अप्रैल तक कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन किया गया है। 16 जिलों में चतरा, दुमका, गढ़वा, गिरिडीह, हजारीबाग, जामताड़ा, गोड्डा, खूंटी, लातेहार, लोहरदगा, पलामू, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, रांची, सिमडेगा और सरायकेला-खरसांवा) के कुल 118 प्रखंडों में अभियान चलाया जायेगा। इसके तहत 1 वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों एवं किशोर-किशोरियों, युवाओं को कृमि नियंत्रण की दवा उनके स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में निःशुल्क दी जाएगी।

राज्य भर में इस अभियान के अंतर्गत 98,17,594 बच्चों, किशोरों और युवाओं को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाने का लक्ष्य है। किसी विशेष कारण से छूटे हुए बच्चों को 25 अप्रैल 2023 को मॉप अप दिवस के दिन दवा खिलायी जाएगी। डॉ आरएन शर्मा (प्रभारी, शिशु स्वास्थ्य कोषांग) की अध्यक्षता में इसे लेकर सभी 16 जिलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया, ताकि कोई भी बच्चा छूटे नहीं। साथ ही 1 से 19 वर्ष के के किशोर एवं किशोरी दवा का सेवन जरूर करने की अपील की गयी है, ताकि राज्य कृमि मुक्त बन सके।

**कृमि नियंत्रण की दवा सभी के लिए सुरक्षित** : 16 जिलों के अलावा अन्य 8 जिलों में एलएफ–एमडीए कार्यक्रम के तहत एल्बेंडाजोल की गोली फरवरी माह में खिलायी जा चुकी है। कृमि नियंत्रण की दवाई सभी के लिए सुरक्षित है। किसी भी तरह कि प्रतिकूल घटना प्रबंधन के लिए राज्य सरकार ने 104 (स्वास्थ्य हेल्प लाइन सेवा) तथा 108 (एम्बुलेंस सेवा) के साथ–साथ सभी ब्लॉक/जिलों में आपातकालीन चिकित्सा टीम भी तैयार कर रखी है।

## सीबीआई ने कोर्ट को बकोरिया कांड की क्लोजर रिपोर्ट सौंपी

**रांची/पलामू।** चर्चित बकोरिया मुठभेड़ में टॉप माओवादी अनुराग उर्फ आरके समेत 12 की जान जाने के मामले में सीबीआई ने क्लोजर रिपोर्ट कोर्ट को सौंप दी है। बकोरिया मुठभेड़ की जांच पिछले चार वर्षों से सीबीआई कर रही थी। क्लोजर रिपोर्ट में मुठभेड़ को सही बताया गया है। सीबीआई की फोरेंसिक जांच के आधार पर मुठभेड़ को सही पाया गया है और मामले में पांच अलग-अलग बिंदु भी प्रस्तुत किए गए हैं।

गौरतलब हो कि आठ जून 2015 को पलामू के सतबरवा थाना क्षेत्र के भलवही में टॉप माओवादी आरके उर्फ अनुराग समेत 12 मारे गए थे। मुठभेड़ में पलामू के मनिका के रहने वाले उदय यादव और नीरज यादव की भी जान गई थी। पूरे मामले में उदय यादव के पिता जवाहर यादव ने मुठभेड़ पर सवाल उठाते हुए हाईकोर्ट में पीआईएल दायर की है। हाईकोर्ट के आदेश के बाद सीबीआई मुठभेड़ की घटना करने के लिए पलामू में एक कैंप कार्यालय भी खोला था। बकोरिया मुठभेड़ जांच के लिए सीबीआई की टीम पलामू में दो दर्जन से भी अधिक बार दौरा कर चुकी है। बकोरिया मुठभेड़ के मामले में सीबीआई ने तत्कालीन डीजीपी, आईजी, डीआईजी, एसपी, डीएसपी, थानेदार, पत्रकार समेत 500 से अधिक लोगों से पूछताछ की थी।

## जमशेदपुर हिंसा की सीबीआई जांच कराये सरकार : भाजपा


**भाजपा के दस सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से की मुलाकात**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जमशेदपुर स्थित कदमा के शास्त्रीनगर में हुए सांप्रदायिक हिंसा को लेकर प्रदेश भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल दिनेशानंद गोस्वामी के नेतृत्व में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की। इस प्रतिनिधिमंडल में डॉ प्रदीप वर्मा, जेबी तुबीद, लक्ष्मण प्रसाद सिंह, लक्ष्मण टुडू, गुंजन यादव, संजीव सिन्हा, अनिल मोदी, राकेश सिंह, राजेश सिंह शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से 9 अप्रैल को जमशेदपुर में हुए साम्प्रदायिक हिंसा की जांच सीबीआई या उच्च न्यायालय के न्यायाधीश से कराने तथा सभी निर्दोष भाजपा एवं विहिप कार्यकर्ताओं को रिहा कराने का आग्रह किया। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि जटाधारी शिव मंदिर के पास महावीर झंडा लगे खम्बे पर पोलिथीन से टांगे गये मांस के टूकड़े पाये जाने पर क्षेत्र में तनाव उत्पन्न हुआ। मंदिर समिति के लोगों ने प्रशासन से महावीर झंडे के खम्बे पर मांस का टुकड़ा टांगने वाले को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार करने, मंदिर के इलाके में सीसीटीवी लगाने तथा माँस बेचने वाले दुकानों के अतिक्रमण हटाने की मांग की। 9 अप्रैल को शाम 60-70 श्रद्धालुओं के द्वारा मंदिर परिसर के प्रांगण में हनुमान चालीसा का पाठ किया जा रहा था, उसी समय कुछ उपद्रवी तेजी से आकर मंदिर में पत्थरबाजी कर भाग गये। इस घटना से मंदिर परिसर के लोग आक्रोशित हुये एवं जय श्रीराम के जयकारा करने लगे। पुलिस बल आकर मंदिर परिसर तथा आस-पास खड़े बहुसंख्यक समाज के लोगों को मजमा न लगाने तथा अपने घर वापस जाने के लिए दबाव दिया। बहुसंख्यक समाज के लोग अपने घरों में चले गये। भाजपा नेता सुधांशु ओझा पुरी गए थे। पुलिस उन्हें अपराधी की तरह गिरफ्तार कर जमशेदपुर लाई तथा उन्हें जेल भेज दिया। इससे पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश के निर्देश पर गठित पांच सदस्यीय समिति ने घटना से संबंधित जांच रिपोर्ट प्रदेश को सौंपा। समिति में डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, विद्युतवरण महतो, जेबी तुबिद, लक्ष्मण प्रसाद सिंह, लक्ष्मण टुडु शामिल थे।

## खबर एक नजर में

### राज्य में 24 घंटे में मिले कोरोना के 45 नये मरीज



**रांची।** झारखंड में बीते 24 घंटे में 45 नये मरीज मिले हैं। वहीं रांची में 6 संक्रमित मरीजों की पुष्टि हुई है। इसी के साथ राजधानी में सक्रिय मरीजों का आंकड़ा बढ़कर 72 हो गया है। वहीं राज्य भर में संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़कर 226 पहुंच गया है। हालांकि राहत भरी खबर यह भी है कि इस दौरान 16 मरीज स्वस्थ हुए हैं। बोकारो, कोडरमा, लातेहार, रामगढ़, पलामू और गिरिडीह में कोरोना के 6–6, देवघर में 16, धनबाद में 3, पू. सिंहभूम में 46, गढ़वा में 4, गोड्डा में 3, गुमला में 10, हजारीबाग में 7, खूंटी में 2, लोहरदगा में 15, पाकुड़ में 2, रांची में 72 और प. सिंहभूम में 10 सक्रिय मरीज हैं।

### मंत्री सत्यानंद की डिस्चार्ज अर्जी पर छह मई को सुनवाई



**रांची।** बीज घोटाला मामले में तत्कालीन कृषि मंत्री सह वर्तमान श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता की डिस्चार्ज अर्जी पर अब छह मई को सुनवाई होगी। एसीबी की विशेष अदालत में 46.10 करोड़ के बीज घोटाला मामले में आरोपियों पर आरोप तय किया जाना है। जिसको लेकर मंत्री सत्यनाद भोक्ता ने आरोप मुक्त करने के लिए डिस्चार्ज अर्जी अदालत में दाखिल की थी। इस पर एसीबी के द्वारा जवाब दाखिल किया जा चुका है। अब याचिका पर बहस होनी है लेकिन मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने अदालत में आवेदन देकर स्वास्थ्य का हवाला देते हुए तीन सप्ताह समय की मांग की है। इस पर अदालत ने छह मई की तिथि सुनवाई के लिए निर्धारित की है।

### राजद के झारखंड प्रभारी पलामू गये

**रांची।** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के झारखंड प्रभारी और पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश नारायण बुधवार को रांची पहुंचे। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर राजद नेताओं व कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। एयरपोर्ट से वे मोरहाबादी स्थित गेस्ट हाउस पहुंचे और अपराहन तीन बजे पलामू के लिए प्रस्थान कर गये। रांची एयरपोर्ट पर उनका स्वागत करने वालों में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभय कुमार सिंह, रंजन यादव, रानी कुमारी, डॉ मनोज कुमार, कमलेश यादव, अंजल किशोर सिंह, इरफान अंसारी, राम कुमार यादव आदि थे।

### न्यूनतम मजदूरी के लिए परामर्शदातृ पर्षद गठित

**रांची।** राज्य के विभिन्न अनुसूचित नियोजनों में न्यूनतम मजदूरी दरों के निर्धारण, पुनरीक्षण के लिए राज्य सरकार को परामर्श देने के लिए न्यूनतम मजदूरी परामर्शदातृ पर्षद का पुनर्गठन किया है। इस संबंध में श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग ने अधिसूचना जारी कर दिया है। नव गठित समिति का कार्यालय रांची में होगा। दो वर्ष की इसकी अवधि होगी। जारी अधिसूचना के अनुसार पर्षद के स्वतंत्र सदस्य के रूप में अध्यक्ष श्रम सचिव होंगे। वहीं, श्रमायुक्त झारखंड सचिव सह संयोजक, निदेशक, न्यूनतम मजदूरी झारखंड, ग्रामीण विकास विभाग, जलसंसाधन विभाग, अभियंता प्रमुख, मुख्य अभियंता पथ निर्माण विभाग व एक्सआइएसएस रांची का प्रतिनिधि सदस्य होंगे. इसके अलावा नियोजकों के प्रतिनिधि अध्यक्ष, सचिव, आदित्यपुर, स्मॉल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन आदित्यपुर, अध्यक्ष, सचिव फेडरेशन ऑफ झारखंड चेम्बर्स ऑफ कामर्स रांची, दुमका, छोटानागपुर होटल एवं रेस्तरां एसोसिएशन अध्यक्ष, सचिव, प्राचार्य डीपीएस रांची, सचिव रामकृष्ण मिशन देवघर, बीडी मर्चेन्ट एसोसिएशन, भारतीय किसान संघ के अध्यक्ष,महामंत्री रिफ्रेक्ट्रीज ऑनर्स एसोसिएशन धनबाद का एक प्रतिनिधि, एमडी टाटा स्टील या उनके प्रतिनिधि, बिल्डर एसोसिएयेशन के अध्यक्ष, सचिव हों। इसके अलावा बीएमस, इंटक, एटक, सीटी, एआईयूटीयूसी, एक्टू, यूटीयूसी, बीड़ी मजदूर संघर, भवन निर्माण एवं सन्निर्माण कामगार यूनियन, घरेलू कामगार यूनियन, दैनिक मजदूर संघ के अध्यक्ष व सचिव होंगे।

## भाजपा एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव फरमाते हैं कि

# संथाल में पीएफआइ के जरिये आदिवासी डेमोग्राफी पर हो रहा आक्रमण, आदिवासी युवतियों से शादी कर हड़प रहे हैं जमीन

**उदय चौहान**



**रांची।** भाजपा एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव फरमाते हैं कि झारखंड में भी अतिवादी व प्रतिबंधित संगठन पीएफआइ सक्रिय है। श्री उरांव बुधवार को भाजपा मुख्यालय में खबर मन्त्र से विशेष बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विशेष कर संथालपरगना में आदिवासी युवतियों को बरगला कर शादी कर मुस्लिम युवक जमीन हड़पने व जल, जंगल, जमीन पर कब्जा जमा रहे हैं। इसके कारण संथाल पगरना के साहिबगंज, पाकुड, गोड्डा, राजमहल आदि जिलों में आदिवासियों की डेमोग्राफी पर प्रतिकूल असर पड़ा है। हालांकि, यह भी कहा कि वर्त्तमान दौर में भी आदिवासी विकास की मुख्यधारा से कोसों दूर है। उन्होंने राज्य सरकार पर आदिवासियों के विकास पर अपेक्षित ध्यान नहीं देने का आरोप लगाया है। पूरे झारखंड में आदिवासी युवतियों पर सर्वाधिक बलात्कार के मामले दर्ज किये जाने की भी बात कही है। उन्होंने कहा कि पीएफआइ जैसे अतिवादी संगठनों के खिलाफ राज्य सरकार को कठोर कार्रवाई करना होगा। ऐसा नहीं होने पर आदिवासियों के अस्तित्व पर संकट गहराना मुश्किल नहीं है। यह भी कहा कि राज्य सरकार माफिया व आतंकी तत्वों को संरक्षण देने में जुटी है।

श्री उरांव गठबंधन सरकार पर सभी मोर्चे पर फेल होने का भी आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग को रोजगार व नौकरी देने का वादा पूरा नहीं किया गया है। यही कारण है कि युवा वर्ग अभी आक्रोश है और सड़क पर आंदोलन कर रहा है। उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार ने किसानों, महिलाओं व बेरोजगारों के साथ वादाखिलाफी कर रही है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज को विकास के मुख्यधारा से जोड़ने के लिये सभी वर्गो को ध्यान देना होगा। राज्य सरकार को त्वरित रूप से आदिवासियों के हित के लिये योजनाओं को क्रियान्वित करना होगा। उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार साढ़े तीन साल के कार्यकाल में भ्रष्टाचार व आर्थिक अपराध को संरक्षण दिया है। इसी कारण सीएम हेमंत सोरेन के कई नजदीकी भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे हैं। उन्होंने कहा कि आगामी 2024 में भाजपा का रास्ता प्रशस्त है और झारखंड मे एनडीए की सरकार बनना तय है। इसके लिये भाजपा अभी से रणनीति बना कर कार्य कर रही है। झामुमो, कांग्रेस व राजद को जनता समय आने पर जरूर जवाब देगी।

# रांची की बेटी को राजस्थान में डेढ़ लाख में बेचा, तीन गिरफ्तार

## रेस्क्यू में जुटी टीम

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी के चान्हो इलाके की रहने वाली एक 18 वर्षीय लड़की को राजस्थान में बेच दिया गया है। मानव तस्करों ने लड़की को पहले काम दिलाने के नाम पर अपने चुंगल में फंसाया और फिर उसे डेढ़ लाख रुपए में राजस्थान के एक व्यक्ति को बेच दिया। मामले को लेकर लड़की के परिजनों ने रांची के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित एटीयू में प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस ने इस मामले में तीन मानव तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार मानव तस्करों में प्रतिमा, यूसूफ और अनिल शामिल है।

दर्ज प्राथमिकी में लड़की के परिजनों ने बताया है कि उनकी बेटी रांची के ही एक मुहल्ले में किराए का मकान में रहती थी। इसी दौरान युसूफ अंसारी नाम के एक व्यक्ति ने प्रतिमा नाम की एक युवती को उनकी बेटी के साथ रहने के लिए भेज दिया। यूसूफ लड़की के परिजनों का परिचित था। इसलिए



प्रतिमा को उनकी बेटी ने अपने साथ रख लिया। इसी बीच अचानक 30 मार्च को लड़की की मां के नंबर पर अनजान व्यक्ति का कॉल आया, अंजान व्यक्ति ने अपना नाम दिनेश सैनी पता भरतपुर राजस्थान बताया। उसने बताया कि तुम्हारी बेटी को डेढ़ लाख रुपया लेकर राजस्थान में बेच दिया गया है।

### बेटी ने फोन कर दी जानकारी

परिजनों ने यूसुफ से भी संपर्क करने की कोशिश की लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पाया। परिजन अभी अपनी बेटी को लेकर परेशान थे ही कि तभी लड़की ने मौका पाकर अपने मां-बाप को फोन किया और उन्होंने बताया कि अनिल, प्रतिमा और युसूफ अंसारी ने उन्हें बहला-फुसलाकर राजस्थान लाया और यहां एक व्यक्ति के हाथों बेच दिया। लड़की से परिजनों की फिर दोबारा बात नहीं हो पाई जिसके बाद उन्होंने एटीयू में मामला दर्ज कराया।

### डेढ़ लाख रुपया लेकर आ जाओ और बेटी ले जाओ

मामला दर्ज होते ही पुलिस ने इसे गंभीरता से लिया और आनन-फानन में मानव तस्कर गिरोह के तीन सदस्यों को धर दबोचा। गिरफ्तार तस्करों में एक महिला भी शामिल है। जिन तीन मानव तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है उनमें प्रतिमा देवी, अनिल और युसूफ अंसारी शामिल है। तीनों आरोपियों ने पुलिस के सामने यह स्वीकार किया है कि उन्होंने 18 वर्षीय लड़की को राजस्थान में बेच डाला है। गिरफ्तार आरोपियों ने पुलिस के सामने यह खुलासा किया है कि राजस्थान के रहने वाले चेतन सैनी नाम के व्यक्ति ने डेढ़ लाख रुपए में अपने भांजे के लिए लड़की को खरीदा है। वह व्यक्ति अपने भांजे से लड़की की शादी करवाने वाला है। परिजनों ने यह भी बताया है कि जब चेतन सैनी के नाम के व्यक्ति से उन्होंने अपनी बेटी को छोड़ देने की फरियाद लगाई तो उसने कहा कि अगर तुम्हें अपनी बेटी वापस चाहिए तो डेढ़ लाख रुपया लेकर आ जाओ और बेटी ले जाओ।

# सीएम ने नीतू चंद्रा को फिल्म निर्माण में हर संभव सहयोग का दिया भरोसा

**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से फिल्म अभिनेत्री नीतू चंद्रा ने की शिष्टाचार मुलाकात**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** फिल्म निर्माता नीतू चंद्रा ने सीएम हेमंत सोरेन से बुधवार को मुलाकात की। नीतू चंद्रा ने फिल्मों के माध्यम से झारखंड के स्थानीय और क्षेत्रीय भाषाओं को आगे बढ़ाने की दिशा में कार्य करने की इच्छा जतायी। उन्होंने यहां के खूबसूरत लोकेशंस पर फिल्मों की शूटिंग और स्थानीय कलाकारों को बेहतर प्लेटफार्म उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य करने की इच्छा जताई। उन्होंने मुख्यमंत्री से कहा कि झारखंड में फिल्मों के जरिए यहां के अलग-अलग व्यवसायों को प्रमोट करने की काफी संभावनाएं हैं और इस क्षेत्र में पूरा सहयोग करने को तैयार हूं।

**झारखंड- बिहार की पृष्ठभूमि पर बनाती आ रही हैं फिल्में :** नीतू चंद्रा ने मुख्यमंत्री को बताया कि राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त फिल्म निमार्ता नितिन एन चंद्रा के साथ मिलकर पिछले 12 वर्षों से झारखंड -बिहार की पृष्ठभूमि पर और यहां के अलग-अलग लोकेशंस पर फिल्म बनाते आ रहे हैं। इसी कड़ी में अब झारखंड की क्षेत्रीय भाषाओं में स्थानीय कलाकारों के साथ फिल्म बनाने की योजना है। जो अंग्रेजी सबटाइटल के साथ होगी। ताकि यहां की कला संस्कृति, परंपरा और अन्य विधाओं को देश-दुनिया के सामने दिखाया जा सके। मुख्यमंत्री ने इसने हर संभव सहयोग करने का भरोसा दिलाया।

## रांची जिला पर्यटन संवर्द्धन परिषद की बैठक में कई प्रस्तावों को मिली मंजूरी

# पहाड़ी मंदिर में अतिक्रमण रोकने के लिए बनेगा गार्डवाल, सौंदर्यीकरण भी होगा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची जिले के कई पर्यटन स्थलों का सौंदर्यीकरण होगा। इसकी मंजूरी के लिए बुधवार को डीसी राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में जिला पर्यटन संवर्द्धन परिषद की बैठक हुई। इसमें पहाड़ी मंदिर के सौंदर्यीकरण के साथ ही अतिक्रमण से बचाव हेतु गार्डवाल निर्माण कार्य के प्रस्ताव को स्वीकृत किया गया। बैठक में वित्त वर्ष 2020-21 की प्रस्तावित योजनाओं बुढ़मू प्रखंड के तिरु फॉल जलाशय के समीप आधारभूत संरचना निर्माण कार्य, लापुंग प्रखंड अंतर्गत घघारी जलप्रपात के सौंदर्यीकरण एवं नामकुम प्रखंड अंतर्गत चुटिया में



स्वर्णरेखा व हरमू नदी के किनारे अवस्थित इक्किसी महादेव मंदिर के निकट शौचालय निर्माण कार्य की स्थलीय जांच का निर्देश दिया गया।

**सीता फॉल का भी सौंदर्यीकरण होगा :** बैठक में वित्त वर्ष 2022-23 में रांची जिला के अधिसूचित श्रेणी सी एवं डी के विभिन्न पर्यटन स्थलों के विकास हेतु उपलब्ध राशि से प्रस्तावित योजनाओं को मंजूरी दी गई। इसके तहत अनगड़ा प्रखंड के सीता फॉल का सौंदर्यीकरण, मारशली पहाड़ स्थित मरियम अंबा चौक से घघारी होते हुए पीसीसी सड़क निर्माण हेतु डीपीआर बनाने, जगन्नाथ मंदिर स्थित तालाब का सौंदर्यीकरण, सोलर लाइट व्यवस्था, डीप बोरिंग एवं जलमीनार निर्माण एवं पहाड़ी मंदिर के सौंदर्यीकरण, अतिक्रमण से बचाव हेतु गार्डवाल निर्माण कार्य के प्रस्तावों को स्वीकृत किया गया।

**बैठक में महापौर आशा लकड़ा ने दिया निर्देश :** बैठक में महापौर आशा लकड़ा द्वारा प्रस्तावित गौरी शंकर स्थल के समीप श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु शौचालय एवं स्नानाघर निर्माण के प्रस्ताव एवं तमाड़ में हरडी के सौंदर्यीकरण के प्रस्ताव को अधिसूचित करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में राज्यसभा सांसद महुआ माजी, पूर्व विधायक बंधु तिर्की, रांची डीडीसी दिनेश कुमार यादव, वन प्रमंडल पदाधिकारी, सांसद/ विधायक प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित हुए।

# रांची में बंद का मिला जुला असर, पुलिस ने बंद समर्थकों को खदेड़ा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** छात्र संगठनों के झारखंड बंद का रांची में मिला जुला असर रहा। विधि व्यवस्था को सामान्य बनाए रखने के लिए एसएसपी किशोर कौशल ने खुद मोर्चा संभाला था। रांची के मोराबादी में सब्जी दुकानदारों को जबरन हटा रहे बंद समर्थकों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया। सुबह में पुलिस ने बंद समर्थकों को मोराबादी मैदान से खदेड़ दिया था, लेकिन दोपहर होते ही वे दोबारा मोराबादी मैदान पहुंच गए और वहां पर दुकानदारों के साथ अभद्र व्यवहार करने लगे। बंद समर्थक जबरदस्ती दुकानों को बंद करवाने लगे, उसी समय सिटी डीएसपी दीपक कुमार के नेतृत्व में



पुलिस की एक टीम पहुंच गई और छात्रों को वहां से शांतिपूर्ण तरीके से जाने को कहा लेकिन छात्र हंगामा करने लगे जिसके बाद पुलिस ने छात्रों पर लाठीचार्ज कर उन्हें खदेड़ दिया। रांची एसएसपी ने बताया कि पुलिस के कड़े तेवर देख कर अधिकांश बंद समर्थक भाग खड़े हुए, वहीं 82 से ज्यादा को पुलिस ने हिरासत में लेकर कैंप जेल भेज दिया। देर शाम उन्हें रिहा कर दिया। रांची के सिटी डीएसपी दीपक कुमार ने बताया कि बंद समर्थक मोराबादी में दुकानदारों को डरा-धमका रहे थे। जब बंद समर्थक नहीं माने तब उन पर हल्का बल प्रयोग किया। वहीं बूटी मोड़ के पास भी बंद समर्थकों ने सड़क को अवरुद्ध कर जाम लगाने की कोशिश की, मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने सड़क जाम कर रहे बंद समर्थकों को बल प्रयोग कर खदेड़ा।

## विदेशी मेहमान से लगवाया 60-40 नाय चलतो का नारा



**रांची।** नयी नियोजन नीति के विरोध में बुधवार को बुलाये गये झारखंड बंद के दौरान दुमका के शिकारीपाड़ा में विरोध प्रदर्शन का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें बंद समर्थक विदेशी मेहमानों से भी 60-40 नहीं चलेगा का नारा लगवा रहे हैं। वीडियो में दिख रहा है कि आंदोलनरत छात्रों ने विदेशी मेहमान को भी सिखा कर 60-40 नाय चलेगा का नारा लगवा दिया।

# युवाओं की आवाज दबाने की बजाय वादा निभाए सरकार : सुदेश महतो



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि हेमंत सरकार जितनी मशक्कत युवाओं की आवाज और वाजिब हक दबाने के लिए कर रही, उतनी मशक्कत सही नीति बनाने, नौकरी व रोजगार देने के लिए करती तो ये नौबत नहीं आती। सरकार वादे निभाने में नाकाम रही है। उसकी दोषपूर्ण नीति और नीयत के कारण युवा सड़कों पर आंदोलन करने को मजबूर हैं। रांची स्थित पार्टी मुख्यालय में एक प्रेस वार्ता में उन्होंने ये बातें कही। इससे पहले उन्होंने विधानसभा प्रभारियों के साथ राज्य में राजनीतिक और सामाजिक हालात पर चर्चा के साथ पार्टी के कार्यक्रमों की सफलता की समीक्षा की। आजसू प्रमुख ने कहा कि नीयत नेक हो तो नीतियां सही बनती हैं लेकिन राज्य सरकार की नीयत ठीक नहीं है। सरकार ने हर वर्ग को निराश किया है। सबसे ज्यादा युवा वर्ग छला गया है।

**सत्तारूढ़ कांग्रेस राज्य में जातीय जनगणना कराने की पहल करे :** एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि देर सही कांग्रेस ने जातीय जनगणना को लेकर आवाज उठाई है। झारखंड में सत्तारूढ़ कांग्रेस इस मांग के अनुरूप जातीय जनगणना कराने की सीधी और शीघ्र पहल करे। उन्होंने कहा कि बिहार समेत कई राज्यों में वहां की राज्य सरकारें जातीय जनगणना करा रही हैं। जबकि झारखंड में राज्य सरकार जातीय जनगणना कराये, इसके लिए हमने मुख्यमंत्री को पत्र भी लिखा है।अलग-अलग मंचों से हम और हमारी पार्टी लगातार यह मांग उठाती रही है।

**30 अप्रैल को राज्यस्तरीय सामाजिक न्याय मार्च रांची में :** सुदेश कुमार महतो ने बताया कि विस प्रभारियों के साथ बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 30 अप्रैल को रांची में आजसू पार्टी राज्यस्तरीय सामाजिक न्याय मार्च निकालेगा। पहले यह कार्यक्रम 23 अप्रैल को होना था। विधानसभा प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए हैं।

**समीक्षा बैठक में मौजूद रहे :** समीक्षा बैठक पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, रामगढ़ विधायक सुनिता चौधरी, पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता, देवशरण भगत, रोशनलाल चौधरी, नीरु शांति भगत, यशोदा देवी, सुबोध प्रसाद, तरुण गुप्ता, अर्जुन बैठा, निर्मला भगत, भरत कांशी, रामधन बेदिया, हरेलाल महतो, बुलू रानी सिंह सरदार, तिवारी महतो, अनूप पांडे, रामजीत गौंझू, मंगल सिंह सुरीन, नंदलाल बिरुआ, रामलाल मुंडा, फणीभूषण महतो, माधव चंद्र महतो एवं मनोज सिंह शामिल रहे।

# श्रम कानूनों का पालन करें उद्यमी : प्रदीप लकड़ा

**चेंबर भवन में श्रम कानून पर कार्यशाला का आयोजन**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** श्रम कानूनों पर जागरूकता लाने के लिए बुधवार को चेंबर भवन में श्रम नियोजन विभाग द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के माध्यम से न्यूनतम वेतन, बोनस एक्ट, डिजीटल भुगतान, ग्रेच्युटी एक्ट समेत नियोजकों की सुविधा के लिए विभागीय नीतियों से व्यापारियों को अवगत कराया गया। उप श्रमायुक्त प्रदीप लकड़ा ने राज्य की आर्थिक उन्नति में किये जा रहे प्रयासों के लिए व्यापारियों व उद्यमियों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें श्रम कानूनों का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि नियोक्ता अपने प्रतिष्ठान में हमारे यहां स्टीकर लगाकर बतायें कि हमारे यहां बाल श्रमिक कार्यरत नहीं हैं। व्यापारी अपने पुत्र को भी स्कूल ऑवर में दुकान में नहीं बैठा सकते। केवल छुट्टी के दिन ही बैठा सकते हैं। महिला-पुरूष को समान काम के लिए समान वेतन देना अनिवार्य है।

20 या 20 से अधिक कर्मचारी जहां कार्यरत हैं वहां मेटरनिटी लीव एक्ट का पालन भी अनिवार्य है। अनावश्यक कठिनाईयों से बचने के लिए नियोजक अपने कर्मचारियों के वेतन का भुगतान डिजिटली करें। पेमेंट व बोनस एक्ट की भी उन्होंने जानकारी दी और कहा कि जिस प्रतिष्ठान में 10 या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं वहां ग्रेच्युटी एक्ट लागू होता है। जिस कर्मचारी ने 5 वर्ष सेवा पूरी कर ली हो, उनकी किसी भी प्रकार से सेवा समाप्त होने पर लेंथ ऑफ सर्विस के हिसाब से ग्रैच्युटी का भुगतान करना होगा। चोरी, अनुशासनहीनता, व्यापार में हानि की अवस्था में ग्रेच्युटी नहीं बनेगा। उन्होंने कर्मचारियों के बीमा समूह की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रतिष्ठान-कारखाने में जैसे जैसे कर्मचारी सेवानिवृत्त होंगे, उनके स्थान पर नये लोगों में स्थानीय को रोजगार उपलब्ध कराना होगा। 75 फीसदी पूरा होने पर शेष 25 फीसदी अन्य राज्य के लोगों को रोजगार दे सकते हैं।

चेंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि इस प्रावधान से व्यापारियों के बीच असमंजसता की स्थिति बनी हुई है। चैंबर अध्यक्ष के आग्रह पर उप श्रमायुक्त ने इसी विषय पर जल्द ही चैंबर भवन में विभाग द्वारा कार्यशाला आयोजित करने की बात कही।

कार्यशाला में श्रम अधीक्षक वाल्टर कुजूर, अविनाश कृष्ण के अलावा विभाग के कई उच्चाधिकारी, चेंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, अमित शर्मा, महासचिव डॉ अभिषेक रामाधीन सहित चेंबर के कई पदाधिकारी मौजूद थे।

# अक्षय तृतीया में तनिष्क से लाएं 'स्टनिंग एवरी इयर' कलेक्शन

**14 से 24 अप्रैल तक सोने और हीरे के आभूषणों पर 20 प्रतिशत की भारी छूट**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अक्षय तृतीया के अवसर पर तनिष्क ने इयररिंग्स के मनमोहक, शानदार कलेक्शन के साथ आकर्षक ऑफर पेश किये हैं जो इस त्योहार में तनिष्क के ग्राहकों के लिए समृद्धि और खुशियां लेकर आयेंगे। तनिष्क के द्वारा 14 से 24 अप्रैल 2023 तक सोने के आभूषणों के मेकिंग चार्ज और हीरे के आभूषणों के मूल्य पर 20 प्रतिशत की भारी छूट दी जा रही है। इस साल अक्षय तृतीया पर तनिष्क के 'स्टनिंग एवरी इयर' के इयररिंग्स के साथ घर ले आइए सुख, समृद्धि और खुशियां। भारत के किसी भी दूसरे ज्वेलर से खरीदे हुए सोने को एक्सचेंज करके सौ प्रतिशत एक्सचेंज मूल्य मिलेगा। तनिष्क में ग्राहकों की पसंद के अनुरूप आभूषणों की विशाल रेंज प्रस्तुत है। आभूषणों की एडवांस बुकिंग करके ग्राहक गोल्ड रेट प्रोटेक्शन का लाभ उठा सकते हैं। 30 अप्रैल 2023 तक सोने की बढ़ती कीमतों से सुरक्षित रह सकते हैं। इस कलेक्शन के हर आभूषण को सटीकता के साथ तैयार किया गया है। इसमें 18 और 22 कैरेट में तैयार किये गये खूबसूरत, कलात्मक डिजाइन शामिल हैं।

## एम्स में पढ़ रहे छात्र आशीष गहलोत ने उसके नाम व रैंक का गलत इस्तेमाल पर जताया एतराज

# बायोम इंस्टीट्यूट पर फर्जीवाड़े का आरोप!

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजधानी के कुछ कोचिंग इंस्टीच्यूट पर फर्जीवाड़े का आरोप लग रहा है। पिछले कुछ दिनों से राजधानी के चर्चित बायोम इंस्टीच्यूट पर एम्स में पढ़ाई कर रहे छात्र आशीष गहलोत ने उसके नाम और रैंक का गलत इस्तेमाल का आरोप लगाया है। दरअसल, एम्स में डॉक्टरी की पढ़ाई कर रहे जोधपुर के आशीष गहलोत ने वीडियो जारी कर कहा कि उसका नीट के एग्जाम में ऑल इंडिया रैंकिंग 165 रहा है। उसने जोधपुर के होलीपैड स्कूल से 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की है। इसके अलावा



आइएटी मेडिकल एकेडमी से कोचिंग करने की बात कही है। आशीष ने दावा किया है कि उसके नाम व रैंक का बायोम इंस्टीच्यूट फर्जी तरीके से इस्तेमाल कर रहा है। दिलचस्प यह है कि आशीष गहलोत को झारखंड की रैंकिंग वन बताया गया है। यहां के स्टेट काउंसिलिग में उसका नाम व नंबर वन बताया गया है, जो गलत है। उसने यह भी कहा है कि उसके नाम और रैंक का गलत इस्तेमाल करते हुये विज्ञापन व पोस्टर लगाया गया है। आशीष ने कहा है कि बायोम इंस्टीच्यूट ने उसके नाम को इंस्टाग्राम में ब्लॉक कर दिया है। इसलिये उसने बायोम इंस्टीच्यूट पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

इधर, छात्र आशीष गहलोत ने उसके स्थान पर किसी दूसरे विद्यार्थी को मंत्री बन्ना गुप्ता व सांसद महुआ मांजी के हाथों चेक लेने व सम्मानित किये जाने का भी आरोप लगाया है। उसने कहा है कि उसके स्थान पर किसी दूसरे छात्र को सम्मानित होते दिखाया गया है। यह पूरी तरह बायोम का फर्जीवाड़ा है। इससे आर्थिक, मानसिक और सामाजिक शोषण का मामला बनता है।

इधर, बायोम इंस्टीच्यूट के निदेशक पंकज सिंह ने आरोपों को सिरे से नकारा है। उन्होंने कहा कि आशीष गहलोत नामक युवक से किसी प्रतिद्वंद्वी कोचिंग सेंटर ने गुमराह कर विवादित खबर प्रकाशित कराया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बायोम किसी प्रकार का फर्जीवाड़ा नहीं करता है। उन्होंने अपने कोचिंग के विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत करने और मेधावी बताया है।

## खबर एक नजर में

### डीजी-एडीजी ने सीएम को लगाया बैच



**रांची।** कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा विभाग के डीजी अनिल पालटा और एडीजी सुमन गुप्ता ने मुलाकात की। इस दौरान डीजी और एडीजी ने सीएम को अग्निशमन सेवा सप्ताह का बैच लगाया। मुख्यमंत्री ने उन्हें अग्निशमन सेवा सप्ताह की शुभकामनाएं दीं। मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अग्निकांडो से बचाव के तौर-तरीकों के लिए आम लोगों को जागरूक करने पर बल दिया। गौरतलब हो कि अग्निशमन सेवा विभाग द्वारा 14 से 20 अप्रैल 2023 तक राज्य में अग्निशमन सेवा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।

### संजय सेठ ने में बांटे मिट्टी के बर्तन



**रांची।** भाजपा सांसद संजय सेठ ने पक्षियों को पानी अभियान के तहत बुधवार को हटिया, हरमू बाजार और हरमू चौक पर राहगीरों, दुकानदारों, विद्यार्थियों के बीच मिट्टी के बर्तनों का वितरण किया। सांसद ने आग्रह किया कि भीषण गर्मी को देखते हुए पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था अपने घर, प्रतिष्ठान, स्कूल-कॉलेजों के आसपास अवश्य करें। उन्होंने कहा कि यह अभियान पूरे रांची लोकसभा क्षेत्र के जन-जन का अभियान बने। इस अवसर पर इंद्रजीत यादव, संतोष मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सीएम से मिला माझी परगना का प्रतिनिधिमंडल



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को माझी परगना महाल, धार दिशोम, पूर्वी सिंहभूम के प्रतिनिधि मंडल ने औपचारिक मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि जेसीईआरटी के निर्देशों के तहत सरकारी विद्यालयों में कक्षा तीन से छह तक की गणित और पर्यावरण विज्ञान किताब का अनुवाद संताली भाषा की ओलचिकी लिपि में किया गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से ओलचिकी लिपि में अनुवादित इस पुस्तक को पाठ्यक्रमों में शामिल करने की दिशा में पहल करने का आग्रह किया। उन्होंने मुख्यमंत्री से संथाली भाषा के टीचर्स की नियुक्ति और संताली अकादमी स्थापित करने की दिशा में कदम उठाने का भी आग्रह किया।

### रतन हाइट्स मामले में सुनवाई 25 अप्रैल को

**रांची।** रतन हाइट्स बिल्डिंग सोसाइटी की याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। मामले में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश शंकर की कोर्ट ने प्रार्थी के अधिवक्ता से पूछा कि वे सक्षम सिविल इंजीनियर से मंतव्य लेकर बताएं कि कैसे रतन हाइट्स की संरचना सुरक्षित रहे इसके लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 25 अपने निर्धारित की है।

### छात्रों पर लाठियां बरसाना अनुचित : केके गुप्ता

**रांची।** भारतीय जनता युवा मोर्चा रांची महानगर जिला ने हरमू चौक के समीप छात्रों पर लाठियां बरसाने के विरोध में सीएम का पुतला जलाया। इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता ने गठबंधन सरकार को जनविरोधी व छात्र विरोधी करार दिया। उन्होंने कहा कि यह सब सरकार के इशारे पर हो रही है। मौके पर पार्टी प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि जनता की आवाज को डंडे और लाठियों के बल पर गठबंधन सरकार दबाना चाह रही है। कार्यक्रम में सचिन साहू, आरती कुजुर, वरूण साहु, रमेश सिंह, बलराम सिंह, नीरज सिंह, जितेन्द्र वर्मा, सूर्यप्रभात, अश्मित सिंह सेठी, अमन जयसवाल, अरबिंद तिवारी, लक्ष्मी कुमारी, अनिता गुप्ता, रौशनी खलखो, रणजीत सिंह, इंद्रजीत यादव, संजय यादव, अभिषेक, ऋषि खखड़, रोहित, चिंटू मिश्रा, रूपक, वरूण थे।

### जगरनाथ महतो के पुत्र को मंत्री बनाने की मांग

**रांची।** झारखंड प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ ने राज्य के दिवंगत मंत्री जगरनाथ महतो के पुत्र अखिलेश महतो को मंत्री बनाने की मांग की है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय महतो ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जगरनाथ महतो के अधूरे कार्य को पूरा करने के लिए, झारखंड को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए तथा जगरनाथ महतो के 1932 का सपना पूरा करने के लिए जगरनाथ महतो के पुत्र अखिलेश महतो उर्फ राजू को मंत्री बनाने की मांग की। उनके अधूरे सपने को पूरा करने के लिए अखिलेश महतो को मंत्री बनाया जाना राज्यहित में होगा।

### गैंगस्टर अमन साव गैंग पर आरोप तय

**रांची।** एटीएस मामले के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने बुधवार को अपराधी अमन श्रीवास्तव गैंग के 11 सदस्यों के खिलाफ रंगदारी व लेवी से पैसे जुटाने, उससे हथियार खरीदकर दहशत फैलाने, रंगदारी के रूप में मिलने वाली राशि हवाला के माध्यम से रिश्तेदारों तक पहुंचाने के मामले में आरोप तय किया है। मामले में 30 मई को अब अभियोजन साक्ष्य प्रस्तुत किया जायेगा। आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई के दौरान अदालत ने आरोपियों से उनपर लगे आरोपों के बारे में सवाल किया। आरोपियों ने कहा कि मामले में निर्दोष हैं। आगे ट्रायल फेस करने को तैयार हैं। अदालत ने आरोपियों पर आरोप तय किया। वहीं मामले के मुख्य आरोपी अमन श्रीवास्तव, उसकी बहन मंजरी श्रीवास्तव, एशले लकड़ा एवं प्रिंस राज के खिलाफ आरोप तय नहीं किया गया है। इनलोगों के खिलाफ अभी चार्जशीट दाखिल नहीं की गई है। वहीं बाद में गिरफ्तार एक आरोपी कुमार शिवेंद्र उर्फ शिव शर्मा का रिकॉर्ड अलग कर दिया गया है। मामले में अभिक श्रीवास्तव, चंद्रप्रकाश राणू, सुनील कुमार शर्मा, अनिल कुमार शर्मा, अनिल शर्मा व आनंद पारीख, सिद्धार्थ साहू, विनोद कुमार पांडेय, जहीर अंसारी, फिरोज खान एवं संदीप प्रसाद पर आरोप तय किया गया है।

### नक्सली अघनू गंझू पर तीन लाख का इनाम

**रांची।** लातेहार जिले के रूप पंचायत जंगल में हथियार बरामदगी मामले में एनआईए ने भाकपा माओवादी कमांडर अघनू गंझू को मोस्ट वांटेड घोषित करते हुए उस पर तीन लाख रुपये का इनाम घोषित किया है। अघनू गंझू मूल रूप से लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र के मड़मा गांव का रहने वाला है। उसके ऊपर झारखंड पुलिस ने भी पांच लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा है। गौरतलब है कि एनआईए ने 23 अप्रैल 2021 को लातेहार के गारू थाना क्षेत्र स्थित रूप पंचायत के जंगल में माओवादियों की मौजूदगी की जांच को टेकओवर किया था। लातेहार के गारू थाना में दर्ज केस संख्या 32/2017 और एनआईए केस संख्या आरसी 14/2017 के अनुसंधान के दौरान मिले तथ्यों के आधार पर एनआईए की रांची ब्रांच केस संख्या आरसी 03/2021 दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### 2015 में रद्द आवास बोर्ड के 209 प्लॉट का आवंटन पुनर्बहाल

रांची। झारखंड राज्य आवास बोर्ड ने 21 मार्च 2015 को रद्द किये गये 209 प्लॉट के आवंटन को पुनर्बहाल कर दिया है। आवास बोर्ड ने सभी लाभुकों को नोटिस भेजकर इसकी जानकारी दे दी है। लाभुकों को पोजेशन मिलना शुरू हो गया है। जो लाभुक बचे हुए हैं, वे डिविजन कार्यालय में संपर्क करके प्लॉट पर कब्जा पा सकते हैं। इन सभी प्लॉट का आवंटन आवेदकों को लॉटरी के जरिये 20 अगस्त 2011 को किया गया था। लेकिन लॉटरी को लेकर विवाद हो जाने के कारण आवास बोर्ड ने 2015 में आवंटन रद्द कर दिया था। इसके बाद मामला हाईकोर्ट में भी पहुंच गया, जिसके कारण लाभुकों को आवास नहीं मिल पाया। अब करीब साढ़े 11 साल बाद उन्हें फ्लैट मिल रहा है।

# वरदान है पेन एंड पैलिएटिव केयर यूनिट

## रिम्स में हुई शुरुआत, अब मरीजों को नहीं जाना पड़ेगा राज्य से बाहर

### कैंसर व अन्य गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों को होगा फायदा



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में पेन एंड पैलिएटिव केयर यूनिट का उद्घाटन डीन डॉ अनिल कुमार ने किया। इस दौरान रिम्स के चिकित्सा उपाधीक्षक डॉ शैलेश त्रिपाठी, निश्चेतना विभागाध्यक्ष डॉ लाधू लकड़ा, पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ उषा सुवालका तथा अन्य वरीय व कनीय चिकित्सक और स्टॉफ उपस्थित थे। यह इकाई कैंसर विभाग के पहले तल्ले के रूम नंबर 2 में स्थित है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ अनिल कुमार ने निश्चेतना विभाग की सराहना करते हुए कहा कि आज के दौर में भारत में प्रमाणक देखभाल की अत्यधिक आवश्यकता है। ऐसे में रिम्स में इस इकाई की शुरुआत होना निश्चेतना विभाग द्वारा काफी महत्वपूर्ण उपलब्धि है। वहीं, पेन एंड पैलिएटिव केयर यूनिट के विषय में डॉ लाधू लकड़ा ने कहा कि दर्द की रोकथाम में निश्चेतना विभाग ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। यह हमारे पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ उषा की दूरदर्शिता के कारण ही संभव हो पाया है। इस इकाई का रांची में शुरू होना रिम्स के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

झारखंड में पैलिएटिव केयर की वर्तमान स्थिति के बारे में डॉ वसीम होदा ने कहा कि पैलिएटिव केयर को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में 2012 में शामिल किये जाने के बावजूद झारखंड के किसी भी सरकारी अस्पताल में सुविधा नहीं है। उन्होंने बताया कि कैंसर के मरीज उचित पैलिएटिव केयर एवं मॉरफीन टैबलेट के अभाव में मर जाते हैं। उन्हें केवल मॉरफीन के लिए महानगरों में जाना पड़ता है। ऐसे में रिम्स में पैलिएटिव केयर इकाई के शुरू होने से राज्य के लोगों को लाभ पहुंचेगा।

**इन बीमारी से ग्रसित मरीजों को होती है पैलिएटिव केयर की जरूरत :** रिम्स के पैलिएटिव केयर टीम का नेतृत्व डॉ लाधू लकड़ा करेंगे। इस टीम में डॉ वसीम होदा और डॉ दीपाली सिंह के साथ दो नर्स अनिमा कच्छप और जलिस्टा एक्का भी होंगी। इसमें जानलेवा बीमारी से ग्रसित रोगियों और उनके परिवारों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार किया जाता है।

इसमें प्रारंभिक पहचान, सही मूल्यांकन और दर्द या अन्य समस्याओं का उपचार के माध्यम से राहत पहुंचाया जाता है। इसके साथ-साथ मरीज और उसके परिजन को नर्सिंग देखभाल और मनो-सामाजिक और आध्यात्मिक सहायता भी प्रदान की जाती है। विभिन्न गंभीर बीमारी जैसे कैंसर, आइएलडी, एचआइवी/एड्स, डेमेंसिया, पार्किंसन, अल्जाइमर, हृदय और किडनी संबंधित बीमारी से जूझ रहे व्यक्तियों को पैलिएटिव केयर की जरूरत होती है।

## मुंडा सभा की बैठक में मुंडारी भाषा साहित्य के विकास पर विचार विमर्श

**रांची।** मुंडा सभा रांची एवं सभी मुंडा शाखा के कमेटी मेंबर्स तथा मुंडा सभा के बुद्धिजीवी एवं कार्यकताओं की बैठक बुधवार को डिबडीह रांची में हुई। श्री रोशन होरो की अध्यक्षता में संपन्न इस बैठक में विशेषकर मुंडारी साहित्य सम्मेलन पर चर्चा की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की जुलाई 2023 में राष्ट्रीय स्तर पर मुंडारी साहित्य सम्मेलन का आयोजन रांची में किया जाएगा। जिसमें खासकर मुंडारी भाषा साहित्य के विकास एवं संवद्र्धन पर खास चर्चा की जाएगी। बैठक में सभी वक्ताओं ने इस विशेष उद्देश्य के लिए सम्मेलन एवं अध्ययन कार्यक्रम की आवश्यकता पर बल दिया। कहा कि आज हमारे समाज की स्थिति दयनीय है। उसकी रक्षा करना अत्यावश्यक है बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 30 अप्रैल को सोनाहातु प्रखंड के चोकाहाटू गांव में स्थित मुंडाओं का शासन स्थल का भ्रमण किया जायेगा।




### रुखसत होते रमजान मुक्कदस के बचे दिनों में नेकी कर ज्यादा से ज्यादा सवाब कमायें : अकील उर रहमान



**रांची।** रुखसत हो रहे रमजान उल मुबारक का मुकद्दस महीना अब कुछ ही दिनों में जुदा होने वाला है। बरकत और रहमत के इस खास महीने के जो भी दिन बचे हैं, उसमें यथासंभव नेकी का काम करें। क्योंकि, इस पाक महीने में किसी एक अच्छे या नेक कार्य के लिए 70 नेक काम करने का सवाब मिलता है। सेंट्रल मुहर्रम कमिटी रांची के महासचिव अकील उर रहमान ने यह जानकारी देते हुए बयां किया कि इस महीने में जकात की बड़ी अहमियत है। इसलिए तमाम ईमानवाले ईमानदारी के साथ जकात निकालें, ताकि उस जकात से समाज के जरूरतमंदों की मदद हो। उन्होंने कहा कि इस महीने की बरकत तो देखिये कि कोई भी व्यक्ति भूखा प्यासा नहीं सोता है। अल्लाह पाक हर एक के लिए उसका इंतजाम कर देते है। अकील उर रहमान ने इस क्रम में यह भी कहा कि रमजान के पाक महीने में कुरआन की तिलावत करना का बड़ा सवाब है। बरकत के इस महीने में अपने आस-पड़ोस, रिश्तेदार, दोस्त सभी का ख्याल करें और अल्लाह पाक से दुआ करें कि अल्लाह रमजान के बचे हुए दिनों में हम सबको ज्यादा से ज्यादा सवाब कमाने वाला बनायें।

### रमजान में बेसहारों का सहारा बनें : मकसूद



**रांची।** अब रमजान माह के रुखसत होने के कुछ ही दिन बाकी हैं। देखते ही देखते यह रमजान हमसे जुदा होने वाला है। उलेमा से सुना है कि रोजेदारों को इफ्तार कराना सुन्नत का काम है। अपनी हैसियत के हिसाब से रोजेदार और गरीबों को इफ्तार कराना चाहिए। यह अमल अल्लाह के नजदीक बहुत ही उम्दा है। कलाल टोली रांची के सामाजिक कार्यकर्ता मो मकसूद आलम ने यह जानकारी देते हुए बताया कि रोजेदार अल्लाह के नेक बंदे होते हैं। रोजेदार का एहतेराम करना सुन्नत है। रमजान के महीने में अल्लाह ताला नेकियों का बदला 1 से 70 गुना बढ़ा देता है। इंसान के जिस्म के हर हिस्से का रोजा होता है। हाथ कोई गलत काम ना करे, पैर गुमराही की तरफ ना बढ़े, जुबान नशीली चीजों का स्वाद ना ले, रमजान का महीना पवित्र वाला महीना है। रोजेदारों को इफ्तार कराना भी बहुत बड़ा नेक काम होता है। जो रोजेदारों को इफ्तार कराता है, रिज्क में बरकत होता है। रोजेदार को इफ्तार कराना और गरीब एवं बेसहारा लोगों की मदद करने से अल्लाह बहुत खुश होते हैं और अपने बंदों को इनाम देते हैं। रमजान में बेसहारों का सहारा बनें, यानी उन्हें मदद करें। पैसा से ही मदद करना नहीं होता है, साथ खड़े रहना भी मदद है। नेक मशविरा देना भी मदद है।

### रमजान के आखिरी लम्हों को गनीमत समझें : खालीद उमर



**रांची।** रमजान मुबारक में इबादत करने का मौका सबको मिला, इस नजरिए से हम सभी खुशनसीब हैं। लेकिन, इसी में जो लोग तरावीह नमाज नहीं अदा की, रोजे नहीं रखे, वे खुद को बदनसीब समझते होंगे। हिंदपीढ़ी के सामाजिक कार्यकर्ता खालिद उमर ने यह जानकारी देते हुए कहा कि रमजान मुबारक को जिसे रहमत मगफिरत और जहन्नम से निजात का मुकद्दस करार दिया गया। अपनी तमाम तर रहमतों और बरकतों समेत हमसे जुदा होने को है। पता नहीं इसके बाद हमें अगले साल रमजान मुबारक का महीना नसीब होता है या नहीं। लिहाजा माहे रमजान का यह जुम्मा इस बात का तकाजा करता है कि हम अपने रब को मना लें। माहे रमजान का आखिरी लम्हात को गनीमत जानते हुए गुनाहों पर नदामत का इजहार करते हुए तौबा का दामन थाम लें। रसूल (स) ने इरशाद फरमाया के सूरज के तुलूह और गुरूब वाले दिनों में कोई भी दिन जुमा के दिन से अफजल नहीं। यानि, जुमा का दिन तमाम दिनों से अफजल है। रसूल (स) ने फरमाया कि जब जुम्मा का दिन आता है, तो फरिश्ते हर दरवाजे पर खड़े हो जाते हैं। पहले आने वाले बंदे का नाम लिखते हैं, जो बाद में आते हैं उनका बाद में नाम लिखते हैं। जब इमाम खुतबा देने के लिए आता है, तो फरिश्ते रजिस्टर को बंद कर देते हैं। फरिश्ते खुतबा सुनते हैं। जब मस्जिद में खुतबा हो, तो बात नहीं करनी चाहिए। रमजान की आखिरी लम्हों को गनीमत समझना है।

# ईद बाजार खरीदारों से रहा गुलजार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रमजान पाक का मुकद्दस महीना खरामा खरामा हम लोगों से रुखसत होने की ओर अग्रसर है। चांद रात और उसके बाद ईद उल फित्र को कुछ ही दिन शेष रह गए है। इसी के साथ राजधानी रांची में ईद का बाजार खरीदारों से देर रात तक गुलजार रहा।

ईद के इस बाजार में महिला, पुरुष, युवक युवतियां समेत हर तरह के खरीदारों का एक वर्ग जहां एक ओर नये रेडिमेड कपड़ों की खरीदारी के लिए ब्रांडेड शॉप व मॉल में अपने पसंदीदा कपड़ों की खरीदारी करते नजर आ रहे हैं। वहीं दूसरी ओर मध्यम व आर्थिक नजरिए से कमजोर परिवार के लोगों का समूह डेली मार्केट के सामने चर्च रोड कपड़ा मंडी, डेली मार्केट के पास से लेकर अंजुमन प्लाजा तक सड़क के दोनों ओर के तमाम रेडिमेड दुकानों में खरीदारो की खासी भीड़ खरीदारी करते नजर आए। वहीं दूसरी ओर उर्दू लाइब्रेरी के सामने के बेकरी शॉप तथा फुटपाथ पर लगाए गए स्टॉलों पर लगाए गए दुकानों से लोग विभिन्न प्रकार की सेवईयां, अतर, सुरमा, टोपी, जैनमाज, रुमाल, कुर्ता पायजामा, बुर्का आदि की खरीदारी करते नजर आए। महिलाओं की भीड़ चप्पल जूते तथा कपड़ों के साथ साथ रंग-बिरंगे चूड़ियों की खरीदारी करते नजर आए। अंजुमन प्लाजा परिसर के हर दुकानों में खरीदारों की भीड रही। जिसमें लोग जूता-चप्पल, रेडिमेड कपड़े, टोपी,अतर, रुमाल की खरीदारी करते नजर आए। वहीं कश्मीर वस्त्रालय, वुल हाउस, हिंदुस्तान टावर में महिला, पुरुषों की भीड़ कपड़ों की खरीदारी में मशगूल नजर आए। ईद बाजार का आलम यह है कि दिन में धूप के कारण खरीदार कम नजर आए। अफ्तार के बाद ईद के बाजार में लोगों की खासी भीड़ नजर आयी। उनकी खरीदारी का यह सिलसिला देर रात लगभग एक डेढ़ बजे तक जारी रहा। देर रात की खरीदारी करने वालो में महिलाएं और बच्चों का परिवार अपनी जरुरतों के मुताबिक पसंदीदा चीजों की सामग्री करते नजर आए।

# एचएमएआइ ने राज्यपाल राधाकृष्णन से की झारखंड में आयुष यूनिवर्सिटी खोलने की मांग



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** एचएमएआई, झारखंड ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से राज्य में आयुष यूनिवर्सिटी खोलने की मांग की है। इस संबंध में एचएमएआई के छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने उनसे बुधवार को राजभवन में मिलकर अनुरोध किया। इसमें डॉ राजीव कुमार (सचिव), डॉ नरेश कुमार (अध्यक्ष), रामजी यादव, डॉ बीएन सहाय रंजन, डॉ रानू मेहता, डॉ शिखा कुमारी भी शामिल थीं। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को झारखंड में आयुष सम्बंधी समस्याओं के बारे में भी अवगत कराया। राज्य में आयुष चिकित्सा पद्धति के विकास के लिए कई अहम मांगों को भी उनके समक्ष रखा। आयुष विश्वविद्यालय की स्थापना कर उसमें होमियोपैथी, आयुर्वेद, यूनानी, योगा सिद्धा, नेचुरोपैथी एवं पंचकर्म की पढ़ाई कराने की अपील की। राजभवन में सरकारी कर्मियों को होमियोपैथिक चिकित्सा सेवा मुहैया कराने को राज भवन परिसर में आयुष ओपीडी खोले जाने, राज्य के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी विश्वविद्यालयों के परिसर में भी आयुष ओपीडी खोलने एवं सामान्य बीमारियों के लिए होमियोपैथिक दवाईयां उपलब्ध कराने के अलावा साप्ताहिक जागरूकता अभियान चलाए जाने का भी अनुरोध किया। अनिवार्य साप्ताहिक गतिविधि के रुप में योग को सम्मिलित किये जाने, 21 जून 2023 को योग दिवस के 50 दिन पूर्व से सभी विश्वविद्यालयों के परिसर में योग कैंपेन चलाने, राज्य में किसी कारणवश बंद पड़े सभी होमियोपैथिक कॉलेजों के पुनः संचालन के लिए एक कमिटी गठित करने के संबंध में भी आग्रह किया। एचएमएआई, रांची यूनिट के आग्रह पर राज्यपाल ने अपनी सहमति प्रदान की। राजभवन परिसर में एक आयुष ओपीडी खोले जाने पर सहमति दी। साथ ही महीने में एक दिन राज्य के रिमोट आदिवासी बहुल इलाकों में हर घर आयुष के तहत निःशुल्क आयुष चिकित्सा मेगा कैंप शुरू करने हेतु पूरे महीने में अपना एक दिन देने के लिए आयुष चिकित्सकों से कहा। एचएमएआई के सचिव डॉ राजीव कुमार ने इसे सहर्ष स्वीकार कर लिया।

## ऑल इंडिया ओपन कराटे के लिए राज्य टीम के खिलाड़ियों का चयन शुरू



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सिकोकई कराटे डू इंटरनेशनल झारखंड के मेजबानी में एवं सिकोकई कराटे डू इंटरनेशनल इंडिया के तत्वावधान में आयोजित ऑल इंडिया ओपन इन्विटेशनल कराटे चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है।जिसमें देश भर से लगभग 700 कराटे खिलाड़ी एवं 50 पदाधिकारियों के शामिल होने की संभावना है। वहीं मेजबान टीम झारखंड के भी खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

मेजबान टीम झारखंड के खिलाड़ियों की चयन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।चयन प्रक्रिया के प्रथम चरण में लोहरदगा के खिलाड़ियों का चयन किया गया है जिसमें कुल 11 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। जिसमें 6 लड़कियां और 5 लड़के खिलाड़ी शामिल है।

इस प्रतियोगिता के मुख्य आयोजक एवं सिकोकई कराटे डू इंटरनेशनल झारखंड के राज्य प्रतिनिधि रेंसी सुनील किस्पोप्ता ने बताया कि खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर सभी जिले से खिलाड़ियों को इस प्रतियोगिता के लिए चयनित किया जा रहा है। ताकि मेजबान टीम का प्रदर्शन अच्छा हो सके।

## सेल सुरक्षा संगठन रांची ने किया अग्नि सेवा सप्ताह का पालन

**रांची।** अग्नि सेवा सप्ताह (14-20 अप्रैल, 2023) के अनुपालन के क्रम में बुधवार को सेल सुरक्षा संगठन (एसएसओ), रांची के तत्वावधान में झारखंड अग्निशमन सेवा रांची के सहयोग से एक अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सेल के इस्पात भवन प्रांगण में किया गया। अभिषेक कुमार सिंह, लीडिंग फायरमैन एवं झारखंड अग्निशमन सेवा के टीम ने अग्नि से बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी एवं अग्नि सुरक्षा के उपकरणों के उपयोग एवं संचालन की विधि से भी सेल कर्मियों को अवगत कराया। कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक (एसएसओ) आशीष चक्रवर्ती, सीजीएम (सुरक्षा), शशि वशिष्ठ, सीजीएम (कार्मिक एवं प्रशासन), एसजे जाचुक, सेल इकाई रांची सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी, कार्मिक एवं सुरक्षाकर्मी उपस्थित थे।

# रमजानुल पाक के महीने में हजारों परिवारों के बीच हुआ खाद्यान्न किट का वितरण




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रमजान पाक का महीना बरकत व रहमत वाला महीना है। रमजानुल मुबारक के इस मुकद्दस महीने में हर मुसलमान चाहता है कि वह रोजा रखे, नमाज अदा करे और ज्यादा से ज्यादा नेकी का कार्य करे। क्योंकि रमजान के इस मुकद्दस महीने में एक नेक काम करने वाले को अल्लाह पाक 70 नेक काम के बराबरी का सवाब अता करते है। इसे ध्यान में रख इस बार के रमजानुल मुबारक महीने में अल इमान चैरिटेबुल ट्रस्ट नजफी हाउस मुंबई के प्रतिनिधि तथा अंसार नगर रांची स्थित जाफरिया मस्जिद के इमाम मौलाना तहजीबुल हसन रिजवी ने हर साल की तरह इस वर्ष भी झारखंड समेत देश के बिहार, बंगाल, छतीसगढ़, यूपी के विभिन्न क्षेत्रों में गरीब, मिसकीन व जरुरतमंद सैकड़ों परिवारों के बीच एक माह के खाद्यान्न सामग्री किट का वितरण किया। इसमें झारखंड के विभिन्न जिलों (हुसैनाबाद, हैदर नगर, अमीर नगर, मांडर, गढ़वा, धनबाद, कुमारडुबी, रांची, रामगढ़ व हजारीबाग)में कुल 1613 परिवार के बीच खाद्यान्न किट का वितरण किया गया।प्रत्येक किट में आटा, चावल, तेल, बेसन, चना, चनादाल, मसूर दाल, चायपत्ती खजूर, चीनी, गुड़, मसाला, साबुन व सर्फ आदि शामिल थे। खाद्यान्न सामग्री के इस किट वितरण का उद्देश्य रमजान के इस पाक महीने में किसी के चेहरे पर चिंता की लकीर नहीं खुशी की चमक दिखे।

मौलाना तहजीबुल हसन रिजवी ने बताया कि अल्लाह ने कहा कि रमजान मेरा महीना है और बदले में मैं खुद हूं। उन्होने कहा कि हजरत अली ने फरमाया हर बंदा खुद खुश रहे और अपने काम व एखलाक से दूसरों के जीवन में भी खुशहाली लाएं।

## खबर एक नजर में

### बेलदार मुहल्ला डोरंडा में दावत-ए-इफ्तार



**रांची।** बेलदार मोहल्ला डोरंडा के लोगों के तरफ से रमजान के पाक महीने में दावते इफ्तार का आयोजन किया गया । इसमें मुहल्ले के स्थानीय लोगों के अलावा विभिन्न क्षेत्रों से लोग इस दावत-ए- इफ्तार में शामिल हुए। दावत-ए-इफ्तार के इस कार्यक्रम में शामिल तमाम लोगों ने अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी मांगी । साथ ही अपने मुल्क और राज्य की खुशहाली के लिए भी दुआएं की। इफ्तार के बाद सभी ने नमाज-ए-मगरिब अदा की। उपस्थित लोगो में अली खान, हमजा आमिर , मोज्जाम शेख ,अरमान खान, मोहम्मद जैद, मोइन खान, आरिफ अख्तर , आसिफ मलिक, मोहम्मद नाजिश, आरिफ खान , रुस्तम खान, अज्जू खान, अशरफ खान, इब्राहिम खान, इमरान खान समेत अन्य लोग शामिल थे।

### मारवाड़ी युवा मंच महिला समर्पण शाखा ने वृद्धाश्रम के बुजुर्गों को कराया भोजन



**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच महिला समर्पण शाखा के तत्वावधान में जन सेवा के तहत डीएवी नंदराज स्कूल में बृद्ध जनों को भोजन कराया गया। जन सेवा प्रभारी कविता सोमानी एवं शुभा अग्रवाल के संयुक्त नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में भोजन दान दाता कृष्णा अग्रवाल और नेहा पारस पुरिया रहीं। उन्होंने अपने बच्चे के जन्म दिन के उपलक्ष्य में आज आश्रम में भोजन करवाया । आश्रम के बुजुर्ग समर्पण की सेवा से काफी खुश नजर आए। हर्ष के साथ उन्होंने मारवाड़ी युवा मंच महिला समर्पण शाखा को आशीर्वाद दिया । मारवाड़ी युवा मंच महिला समर्पण शाखा की मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने यह जानकारी दी। बताया कि इस मौके पर उपस्थित लोगो में अध्यक्ष स्वेता भाला सुमिता लाठ राधा ड्रोलिया विनीता सिंघानिया मीना ताइवला कविता सोमानी शुभा अग्रवाल सपना सिंघानिया कृष्णा अग्रवाल नेहा परसपुरिया पुजा अग्रवाल स्मिता उपस्थित थी ।

### झारखंड बंद 101 प्रतिशत सफल : विजय नायक

रांची। विभिन्न छात्र संगठनों द्वारा पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार बुधवार को संपूर्ण झारखंड बंद 101 प्रतिशत सफल रहा। ये बातें बुधवार को झारखंड बचाओ मोर्चा के केंद्रीय संयोजक विजय शंकर नायक ने झारखंड बंद सफल होने पर अपनी प्रतिक्रिया में कही। उन्होंने यह भी आगे कहा कि अगर जल्द से जल्द झारखंड की सोरेन सरकार 60-40 वाली नियोजन नीति का बदलाव नहीं करती है, तो आने वाले दिनों में सभी आदिवासी मूलवासी समाज संगठित होकर चरणबद्ध आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# हॉरर फिल्म 'बेरा एक अघोरी' का सिनेमाघरों में प्रदर्शन 28 से

## फिल्म के निर्माता राजू भारती ने कहा- नयी सोचवाली, नये जमाने की, नये मिजाज की है यह फिल्म



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** धिराल एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित हॉरर फिल्म 'बेरा- एक अघोरी' का बुधवार को अपरा? 12:30 बजे रांची प्रेस क्लब, रांची में फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया। इस मौके पर फिल्म के निर्माता राजू भारती निर्देशक- प्रेम धिराल, म्यूजिक-प्रेम शक्ति, डीओपी- रोशन खडगी, वीर धिराल और हिना पंचाल, प्राजक्ता शिंदे सहित अन्य फिल्म के कलाकार मौजूद थे।

फिल्म के निमार्ता राजू भारती निर्देशक- प्रेम धिराल ने मीडिया को बताया कि धिराल एंटरटेनमेंट द्वारा प्रस्तुत निमार्ता राजू भारती की हॉरर फिल्म 'बेरा- एक अघोरी' का थियेटर प्रदर्शन आगामी 28 अप्रैल, 2023 को एक साथ सर्वत्र किया जायेगा। शक्तिवीर धिराल द्वारा लिखित और प्रेम धिराल द्वारा निर्देशित इस फिल्म में मनोरंजन के अनेक रंग हैं। मूलतः हॉरर विषयक फिल्म 'बेरा- एक अघोरी' में सिर्फ डरावनी दृश्यावलियां नहीं हैं बल्कि रोचक और लुभावने वाकये भी हैं। इसमें रहस्य रोमांच के समानांतर रोमांस का भी तड़का है जो नौजवानों को खूब पसंद आयेगा।

इन सारे इंद्रधनुषी दृश्यों को आपके समक्ष जीवंत रूप में दिखायेंगे शक्ति धिराल, प्रेम धिराल और प्राजक्ता शिंदे। सुंदरी प्राजक्ता दोनों प्रेमी शक्ति और प्रेम को अपनी अंगुली पर नचाती है कि स्वयं मोहित हो कर दोनों के मध्य पेंडुलम बन कर झूलती रहती है, यह देखना रोचक होगा, अत्यंत रोमांचक होगा। 'बेरा- एक अघोरी' नयी सोचवाली नये जमाने की नये मिजाज की फिल्म है, यंगस्टर्स खूब एंज्वॉय करेंगे। फिल्म की संगीतकार जोड़ी प्रेम-शक्ति ने कर्णप्रिय संगीत दिया है। नक्काश अजीज, शाहिद माल्या और वैशाली द्वारा गाये गीतों के लोकप्रिय होने की उम्मीद है। फिल्म के डीओपी रोशन खड़गी हैं। ऑडियो लैब मीडिया कॉर्पोरेशन द्वारा प्रदर्शित होने जा रही हॉरर फिल्म 'बेरा- एक अघोरी' 28 अप्रैल, 2023 से सिनेमाघरों में दिखाई जायेगी।

## प्रथम पुण्यतिथि पर याद किये गये ठाकुर नवीननाथ शाहदेव

**रांची।** ठाकुर नवीन नाथ शाहदेव की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन जगरनाथपुर स्थित देवी घर में कई गयी। स्व स्वर्गीय ठाकुर नवीन नाथ शाहदेव की तस्वीर पर पुष्पाजंलि कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर संतोष राय ने स्व ठाकुर साहब को गरीबों का मसीहा और सर्वसमाज को साथ लेकर चलने वाला अगुआ बताया। ठाकुर साहब का शिक्षा पर बहुत जोर रहता था। उनका मानना था कि जब समाज शिक्षित होगा, तभी राज्य और देश तरक्की करेगा। गरीब बच्चों को गुणवतापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जगरनाथपुर में बिरसा निकेतन नामक स्कूल भी चलाते थे। उन्होंने सभा में एक प्रस्ताव रखा कि जगरनाथपुर चौक का नाम स्व ठाकुर नवीन नाथ शाहदेव के नाम पर हो।

स्पीड न्यूज

### वाइबीएन यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर ने स्कूटी चुरायी रंगे हाथ गिरफ्तार

**नामकुम।** पुलिस नें थानाक्षेत्र के सिदरौल से फामेर्सी के प्रोफेसर प्रसन्न ज्योति मल्ला को चोरी की स्कूटी के साथ गिरफ्तार किया है। राजाउलातु के रहनेवाले पीडित जेरोम लकड़ा ने बताया कि वह सुबह साढ़े नौ बजे सिरखाटोली स्थित जीम में गया और लगभग एक घंटे बाद ज बवह वापस निकला तो देखा कि उसकी स्कूटी संख्या जेएच01डीएल 0552 को एक अज्ञात व्यक्ति लेकर जा रहा है, उसने उसको आवाज दी पर वह तेज गति से भागने लगा। जेरोम ने उसका पीछा किया और सिदरौल समीप उसे पकड लिया और पुलिस बुलाकर उसे सुर्पूद कर दिया। थानेदार सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि जेरोम के दिए आवेदन पर प्रोफेसर मल्ला को रंगे हाथो गिरफ्तार कर लिया गया है। उसे गुरूवार को जेल भेजा जाएगा।

### टाटीसिलवे में बंद असरदार रहा



सड़क पर उतरे बंद समर्थक।

**नामकुम।** बुधवार को छात्र आंदोलन को लेकर एक दिवसीय झारखंड बंद टाटीसिलवे क्षेत्र में असरदार रहा। सुबह से ही बड़ी संख्या में बंद समर्थक छात्र चैक चैराहों पर निकले और दुकानों और संस्थानों को बंद करा दिया। हालांकि बहुत सारी दुकाने स्वतरू बंद रही। इस दौरान बंद सकर्थको ने 60,40 नय चलतउ आदि नारेबजी भी की। क्षेत्र में दवा और दुध जैसी जरूरी दुकाने खुली रही। बंद समर्थको में मुख्य रूप से लखींद्र महतो, सुमित कुमार महतो, मुकेश महतो, हेमंत महतो, अमरीका देवी, राजेश बैठा सहित बड़ी संख्या में छात्र खतियान आधारित नियोजन नीति की मांग को लेकर दोपहर लगभग तीन बजे तक सड़क पर डटे रहें।

### मैक्लुस्कीगंज पुलिस ने अवैध बालू लदा टर्बो ट्रक जब्त

**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र में अवैध बालु का कारोबार थमने का नाम नही ले रहा है। बीते कुछ सप्ताह पहले ही अवैध बालु लदा टर्बो ट्रक को पकड़ कर जप्त किया गया। इसके बाद भी बालू माफिया चोर पुलिस की खेल खेला जा रहा है। मैक्लुस्कीगंज पुलिस रात्रि गस्ती के दौरान मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के दल्ली मैगजीन मोड़ के पास रात्रि 10 बजे लगभग एक बालू लोड टर्बो ट्रक पकड़ कर मैक्लुस्कीगंज थाना मे जप्त किया गया। पकड़े गये टर्बो ट्रक जेएच01बीपी 5725 पर दामोदर नदी से अवैध बालु उठाकर रांची की ओर आ रहा था। अवैध बालु का परिचालन लगातार सूचना मिल रही थी इसी क्रम में बीते रात्रि लगभग 10 बजे पुलिस की संध्या गश्ती में प्रस्थान स.अ.नि. मिरजा सोरेन सशस्त्र बल के साथ मैक्लुस्कीगंज थाना अंतर्गत अवैध बालु परिवहन करते हुए पकड़ा गया।

### नव विवाहिता जोड़े ने फांसी लगा कर ली आत्महत्या

**तमाड़।** थाना क्षेत्र के दाडीदा गांव निवासी बलराम प्रमाणिक (22 वर्ष) और उनकी पत्नी मनिता कुमारी (20 वर्ष) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली हैं। इस घटना की सूचना बुधवार को ग्रामीणों ने तमाड़ पुलिस को दी। पुलिस ने दोनों पति पत्नी की शव को अपने कब्जे में कर लिया हैं। पुलिस ने बताया कि उक्त दोनों पति पत्नी ने अपने घर के अन्दर ही तीन चार दिन पूर्व आत्महत्या कर ली थी। परंतु इसकी जानकारी ग्रामीणों को नही थी। बुधवार की सुबह गांव के अन्य व्यक्ति किसी काम के लिए बलराम प्रमाणिक का घर गया था। तब बाहर से ही दुर्गंध आने लगा। तब उसने गांव के अन्य लोगों को इसकी जानकारी दी गई। गांव के लोंगों ने जब बलराम प्रमाणिक का घर का दरवाजा खोला तो देखा कि दोनों पति पत्नी का फांसी में झूलते हुए शव। इसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने बताया कि आत्महत्या के कारण का पता नही चल पाया हैं। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त दोनों की शादी पिछले वर्ष में ही हुई थी। इधर दोनों पति पत्नी द्वारा आत्महत्या किये जाने के बाद गांव के ग्रामीण तरह तरह की चर्चा कर रहे हैं।

# चोरी की लोहा का गेट के साथ एक गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** पुलिस ने चोर गिरोह का खुलासा करते हुये ऑटो जेएच 02 एजी 2211 में लदे लोहे का गेट के साथ मोबिन अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वह हुरहुरी नयांटोली निवासी सेराज अंसारी का पुत्र है। उसकी निशानदेही पर फुटकलटोली स्थित प्रतीक राइस मील के पीछे संचालित जाकिर अंसारी की कबाड़ी दुकान और तिलता चौक के उमेश प्रसाद के यहां बेचे गये चार गेट और लोहे की कई खिड़की बरामद की गयी है। इसकी अनुमानित कीमत 5 लाख रुपये है। मोबिन अंसारी की ऑटो को भी जब्त कर लिया गया है। जाकिर अंसारी नरकोपी के इंटा गांव का रहने वाला है। गिरोह के दो अन्य सदस्यों में साबिर अंसारी और जेयारत अंसारी शामिल हैं। दोनों चचेरे भाई हैं। चोरी के आरोप में कई बार जेल भी जा चुके हैं। मामले को लेकर रातू थाने में भादवि की धारा 379 के तहत कांड संख्या 165/23 दर्ज की गयी है। साबिर और जेयारत अंसारी की गिरफ्तारी के लिये छापेमारी की जा रही है।

## चोर गिरोह का खुलासा

- हुरहुरी नयांटोली का है मोबिन
- चार गेट, कई खिड़की बरामद

**गश्ती दल ने पकड़ा :** पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी बीच लोहे का गेट लदा ऑटो दिखाई दी। रुकने का इशारा किया गया। लेकिन, वह भागने लगे। उसका पीछा कर मोबिन अंसारी को धर दबोचा। साबिर और जेयारत अंसारी भागने में सफल रहे। अभियान में थानेदार सपन कुमार महथा, अवर निरीक्षक नीतीश कुमार, अमरनाथ सोनी, बिष्णु साहू, गुलाम हशनैन खान, अजित कुमार ठाकुर आदि शामिल थे।

## जानें क्या है मामला

गिरोह के सदस्य गांव के अलावा टिकराटोली और उषामातु स्थित निमार्णाधीन मकान व चहारदीवारी में लगे गेट को आये दिन निशाना बना रहे थे। सोमवार की रात यह गिरोह ऑटो लेकर समर्पणदीप बीएड कॉलेज के समीप एक चहारदीवारी में लगे लोहे का गेट चोरी करने पहुंचा। गेट काटने की आवाज सुन लोगों के कान खड़े हुये। जब तक लोग उन्हें पकड़ पाते, तीनों गेट लेकर फरार हो गये।



मोबिन अंसारी।

## सुगदा गांव मे निजी जमीन पर सरकारी भवन बनाकर ठेकेदारों ने की बंदरबांट



सुगदा गांव में निजी जमीन पर बना सरकारी भवन।

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** सरकार गांव के विकास के लिए सरकारी योजना गांव तक भेजती है कि गांव का विकास हो पर योजना से लोगों का लाभ हो और पर ठीकेदारों के भ्रष्टाचार के कारण सभी नियमों को ताक मे रखकर जैसे तैसे भवन बनाकर निकल जाते है जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ता है और योजना अधर में लटक जाती है इस तरह का एक योजना में ठिकेदारों ने नियम को ताक में रखकर रैयत की निजी जमीन पर लैम्स भवन बनाकर निकल गये । सरकारी भवन बनाने समय ना जमीन की जांच की और न एनओसी ली बस पैसे का बंदरबांट और भष्टाचार करने की नीयत से लैम्स भवन बनाकर निकल गये।यह भष्टाचार का मामला नगड़ी अंचल के सुगदा गांव की है जहां चार साल पहले एक निजी वाकस्त भुहरी जमीन पर ठिकेदारों ने सरकारी भवन बना दी है इधर जमीन के रैयत जमीन के मालिक अपनी जमीन को मांग को लेकर राज्य के वरीय अधिकारी राज्य के राज्यपाल सहित मुख्यमंत्री प्रशासनिक अधिकारियों के समझ गुहार लगा लगा कर थक जा रहे हैं पर आज तक इनकी मांग को लेकर किसी भी तरह का कोई कार्रवाई नहीं की गई इस संबंध में जमीन के मालिक जमीन के रैयत दयाल पहन के पुत्र विश्वनाथ उरांव ने बताया कि वह जमीन मेरा खानदानी पुश्तैनी जमीन है जिस पर जबरदस्ती सरकार के फंड से लैम्स भवन का निर्माण किया गया है इसका निर्माण के समय भी विरोध किया गया पर ठेकेदार ने जबरदस्ती भवन बनाकर यहां से निकल गए पिछले 5 साल पुर्व से खतियान रैयत दयाल पाहन विभिन्न कार्यालयों में अपनी जमीन की मांग को लेकर आवेदन दे रहे हैं पर इनकी आवेदन को कोई सुनने वाला नहीं है इधर परिवार वालों ने अपनी जमीन की वापसी के लिए रांची उपायुक्त मुख्यमंत्री और राज्यपाल और एसडीओ सहित स्थानीय अधिकारियों सीओ, बीडिओ आवेदन दी गई है दुख की बात है कि एक बार आवेदन देने के बाद कहीं कार्रवाई नहीं हुई तो इन्होंने दोबारा भी इसकी जांच की मांग करते हुए आवेदन दी है इधर खतियान रैयत जमीन के खतियान रही है जिस पर लैम्स भवन का निर्माण किया गया है। इस संबंध में रैयत के परिजनों ने सरकार से न्याय की गुहार करते हुए इस मामले का जांच की मांग है।

### सिंगारी वन बरवाडीह में लगा नया ट्रांसफार्मर

**सिकिदिरी।** सिंगारी वन बरवाडीह बुधवार को नया ट्रांसफार्मर का उदघाटन जिला परिषद सदस्य राजेंद्र शाही मुंडा ने किया। एक सप्ताह पूर्व गांव का ट्रांसफार्मर खराब हो गया था। सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो के प्रयास से 25 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। राजेन्द्र शाही मुंडा ने कहा कि भीषण गरमी में जहां भी ट्रांसफार्मर खराब हो उसकी सूचना दे। जल्द ही नया ट्रासफार्मर लगाया का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर समाजसेवी श्याम सुंदर बेदिया, शंकर बेदिया, अमर सिंह मुंडा, मोहन बेदिया, बिरसा उरांव, मंगरा उरांव, सुकरा उरांव, नारायण बेदिया, पौलुश उरांव, सुनील उरांव, बब्लू अंसारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## बेड़ो के घाघरा व नेहालु कपरिया पंचायत में गड्ढा खोदो अभियान का हुआ शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता



बेड़ो में गड्ढा खोदो अभियान की शुरूआत करते बीडीओ व जनप्रतिनिधि।

**बेड़ो।** बेड़ो के घाघरा पंचायत घाघरा ग्राम में बुधवार को लाभुक जीरामणि पन्ना के जमीन में बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत के गड्ढा खोदो अभियान के अंतर्गत गड्ढा खुदाई कर योजना का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार, मुखिया रमेश उरांव व ग्राम प्रधान के द्वारा किया गया। योजना स्थल पर पूर्व से ही मनरेगा के अंतर्गत निर्मित सिंचाई कूप अवस्थित है। जिससे बागवानी की सिंचाई करने में मददगार होगा। इसके अलावा टीसीबी के निर्माण से आसपास के सिंचाई कूप में जलस्तर सिंचाई के लिए पर्याप्त है। इधर घाघरा पंचायत में वित्तीय वर्ष 2023 -24 में कुल 15 एकड़ जमीन पर योजना स्वीकृत की गई है। जिसमें 9 एकड़ जमीन में गड्ढों की खुदाई पूर्ण हो चुकी है। बाकी में कार्य चालू है। वहीं वित्तीय वर्ष 2022-23 में इस पंचायत में कुल 18 एकड़ में बिरसा हरित ग्राम योजना के अंतर्गत आम की बागवानी की गई है। वहीं मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, कनीय अभियंता,उप मुखिया, वार्ड सदस्य समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे। इधर बेड़ो प्रखंड के नेहालू कपरिया पंचायत अंतर्गत बरटोली गांव के रामकुमार उरांव के खेत में बिरसा मुंडा आम बागवानी योजना अन्तर्गत गड्ढा खोदो अभियान का शुभारंभ किया गया। मौके पर पंचायत के मुखिया विरेन्द्र भगत, उप मुखिया, सभी वार्ड सदस्य, ग्राम प्रधान, एवं पंचायत कर्मी आदि मौजूद थे।

### सीओ को ज्ञापन सौंपने पहुंचे लोहरा समाज के लोग



**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी अंचल मे आदिवासी लोहरा समाज प्रखंड कमेटी नगड़ी और केंद्रीय कमिटी अध्यक्ष ढुमा तिर्की के अगुवाई में नगड़ी अंचल अधिकारी संतोष कुमार शुक्ला से मुलाकात कर लोहरा जनजाति छात्र-छात्राओं की जाति प्रमाण पत्र निर्गत कराने हेतु मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा तत्पश्चात नगड़ी के अंचलाधिकारी ने समिति के सामने 11 छात्र-छात्राओं के आवेदन पर हस्ताक्षर कर 8 से 10 दिनों के अंदर समस्याओं का निपटारा करने का आदेश पारित किया। साथ ही समिति को आश्वस्त किया कि खतियान में दर्ज कॉम लोहार की जमीन का मोटेशन नहीं किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संरक्षक सह झारखंड आंदोलनकारी अशोक लोहरा, संजय लोहरा, विजय कच्छप , सुमन लोहरा, सहावीर लोहरा, रामविलास लोहरा, सीमा कच्छप,जीतू लोहरा, सनी लोहारा, जगन्नाथ लोहरा, साधो लोहरा, पिंटू लोहरा, समीर सहित 13 पंचायत के लोहरा समाज के लोग शामिल हुए।

### सिकिदिरी थाना से नबालिग लापता

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी थाना क्षेत्र के खालसा निवासी ममता देवी ने सिकिदिरी थाना में एक आवेदन देकर अपनी नबालिग पुत्री को खोजने की गुहार लगाई है। लिखित आवेदन में कहा गया है की मंगलवार की सुबह करीब आठ बजे वह दुध लेकर पड़ोस के घरों में देने गई थी। लौटने पर देखा की घर से उसकी पुत्री घर से गायब है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### रातू : झारखंड बंद का मिला-जुला असर



सड़क जाम करते बंद समर्थक।

**रातू।** थाना क्षेत्र में झारखंड बंद का मिला-जुला असर रहा। आदिवासी छात्र संघ के केंद्रीय मीडिया प्रभारी सुमित उरांव की अगुआई में चट्टी चौक काठीटांड़ चौक की दुकान को बंद करा राष्ट्रीय राज मार्ग को आधे घंटे तक जाम किया गया। सूचना मिलने ही डीएसपी प्रवीण सिंह व थानेदार सपन महथा जाम स्थल पहुंचे। उन्होंने छात्रों को समझा-बुझाकर जाम हटवाया। प्रदर्शनकरियों में विश्वविद्यालय अध्यक्ष मनोज उरांव, जिला उपाध्यक्ष मंगल उरांव, प्रखंड अध्यक्ष रमेश मुंडा, रोहीत उरांव, रोशन उरांव, रोशन तिग्गा, शशी उराँव, बाबू, संगम कच्छप, बबलू शंकर, दीपक दयाराम, रोकी रावण, आशिश आदि शामिल थे।

## एक नजर में

### कोकदोरो मस्जिदे अली रजि. में सामूहिक रुप से किया रोजा इफ्तार



**पिठोरिया।** प्रखंड के कोकदोरो स्थित मस्जिदे अली रजि. में दावते इफ्तार का आयोजन किया गया। जिसमें गांव के दर्जनों लोग इफ्तार में शामिल हुए। इसके पूर्व मस्जिद के इमाम मौलाना सहामत हुसैन ने देश व प्रदेश में अमन व भाईचारे की सामूहिक रुप से दुआ करायी। उन्होंने कहा कि रमजान के पवित्र दिनों में रोजा, मानवता की सेवा, एक अल्लाह की बंदगी जैसे नेक कार्यों से इंसानों के अंदर धैर्य, अनुशासन, सहनशीलता, सादगी को बढ़ावा मिलता है। इससे परस्पर प्रेम और भाईचारे की भावना को बल मिलता है। उन्होंने कहा कि इस पवित्र माह में हम सभी भेद-भाव भुलाकर एक साथ इफ्तार में शामिल होते हैं जिससे आपसी भाईचारे मजबूत होती है। मौके पर सदर ईदुल अंसारी, नायब इमाम हाफिज आबिद अली, मास्टर इम्तियाज अंसारी, शमीम अंसारी, अमीर हमजा, मोहम्मद फिरोज आलम, फारुक अंसारी, जमील अख्तर, तौहिद अंसारी, अख्तर अंसारी, आरिफ आलम, खालिद अंसारी, मजहर अंसारी, हमीद अंसारी, मुर्तजा अंसारी सहित कई लोगों की सक्रिय भुमिका रही।

### मैक्लुस्कीगंज के दौरे में पहुंचे कांके विधायक



कार्यकताओं व लोगों से हाल चाल लेते विधायक समरी लाल व अन्य

**खलारी।** कांके विधायक समरीलाल दो दिनों के निजी दौरे में पहुंचे मैक्लुस्कीगंज। विधायक ने अपने दौरे में मैक्लुस्कीगंज के अपने बीते हुए कल के हित प्रीत, संबधी कार्यकताओं से मिले। इस दौरान विधायक ने हाल में ही विधायक दल के नेता बाबुलाल मरांडी ने उद्घाटन किये स्कूल सीजीएम सेवन स्टार्स एकेडमी में पहुंचे। अथवा स्कूल के प्रधानाचार्य से मिले व स्कूल का जायजा लिया गया। उसके बाद विधायक ने लपरा राजीव नागर कॉलोनी गये। पुराने जमाने के जनता दल से लेकर भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता दीपक राणा के घर अथवा खेल प्रेमी शेखर बोस के आवास में जाकर मुलाकात किये। लपरा के पूर्व मुखिया तुलसी प्रसाद साहू के घर मे जाकर मुलाकात किये। इस दौरान उनके साथ विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह, गोपी चौरसिया, रोहित कुमार, जितेंद्र नाथ पांडेय, शशि प्रसाद साहू, अनिल गंझू, रूपेश गिरिव सेवन स्टार एकेडमी के प्रधानाचार्य उपस्थित थे।

### शहीद जीतराम बेदिया की प्रतिमा का अनावरण पूर्व डीप्टी सीएम सुदेश महतो करेंगें



**अनगड़ा।** प्रस्तावित जोन्हा प्रखंड के सीताडीह में शहीद जीतराम बेदिया की प्रतिमा का अनावरण पूर्व उपमुख्यमंत्री सह सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो करेंगे। पहान गोवर्धन बेदिया की अध्यक्षता में प्रतिमा अनावरण की तैयारी को लेकर बुधवार को एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य राजेंद्र शाही मुन्डा पारसनाथ उरॉव सहित मुखिया प्रतिनिधि सत्यनारायण मुंडा शंकर बेदिया सोनाराम मुंडा बुधराम बेदिया राजकुमार बड़ाइक राजेश बेदिया मनोज बेदिया कुंती देवी शीला देवी दिनेश बेदिया रोहित बेदिया सरस्वती देवी जयराम बेदिया बब्लू समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### बुंडू में छात्र संगठनों का बंद असरदार



**बुंडू।** बुंडू में राज्य सरकार के वर्तमान नियोजन नीति के विरोध में तथाकथित छात्रों का झारखंड बंद असरदार रहा। बंद के समर्थन में बुंडू के सड़कों पर बड़ी संख्या में छात्रों ने रैली निकालकर बंद को सफल बनाने की अपील की। बुंडू में नगर की सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठानें, बैंक, स्कूल, कॉलेज के अलावा दैनिक हाट बाजार बंद रहा। बुंडू बस स्टैंड से खुलने वाली छोटी बड़ी बहाने नहीं चली। इधर बंदी के मद्देनजर बुंडू अनुमंडल प्रशासन की ओर से सुरक्षा के दृष्टिकोण से जगह-जगह चौक चौराहा पर पुलिस बल तैनात किया गया था। बंद के दौरान किसी प्रकार के अप्रिय घटना का कोई समाचार नहीं है।

### विवाहिता ने फांसी लगायी, मौत

**नामकुम।** खरसीदाग ओपी क्षेत्र के कोचबोंग गांव में परिवारिक कलह को लेकर एक महिला बाजो देवी उम्र 30 वर्स ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है बाजो का पति जगदेव मुंडा काम नहीं करता था और हमेशा शराब पीता रहता था जिसको लेकर दोनो में कहासुनी होती रहती थी मृतका बाजो के पति जगदेव मुंडा ने बताया कि रात में सभी खा पीकर सो गए थे, सुबह लगभग छह बजे जब जगदेव उठा तो उसने देखा कि बाजो एसबेस्टस की पाईप के सहारे रस्सी से लटकी हुई है। उसके बाद उसने ओपी पुलिस को मामले की जानकारी दी।

# गनेशपुर में रैयतों की हुई बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में मौजूद रैयत विस्थापित व अन्य।

**खलारी।** रैयत विस्थापित मोर्चा के बैनर तले गणेशपुर के एक चटियां गांव में सुधू उरांव के आवास प्रांगण में भू रैयतों का एक आवश्यक बैठक की गई। इस बैठक की अध्यक्षता गणेशपुर मुखिया परमेश्वर उरांव एवं संचालन सुधू उरांव ने की। इस बैठक में मगध संघमित्रा एरिया के गणेशपुर कोल ब्लॉक आउटसोर्सिंग के विषय पर चर्चा किया।गणेशपुर पंचायत में कोल ब्लॉक खदान खोले जाने पर यहां के भू रयतो ग्रामीणों को जमीन के बदले नौकरी एव सभी तरह के पुनर्वास नीति के मुआवजा पर चर्चा की गई।इस बैठक में रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय सचिव रंथु उरांव तथा रैयत विस्थापित मोर्चा के एन के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता उपस्थित थे। इस बैठक में केंद्रीय सचिव रंथू उरांव के द्वारा ग्रामीणों को अपने हक एवम भू रैयत के अपने अधिकार का जानकारी दी गई, बिगन सिंह भोगता के द्वारा ग्रामीणों को जल जंगल, जमीन को बचाने के लिए सभी को एकजुट रहने की आवश्यकता है, तथा ग्रामीणों के द्वारा गणेशपुर कोल ब्लॉक सभी के एक और अधिकार के लिए सर्वसम्मति से यहां रैयत विस्थापित मोर्चा का कमिटी करने पर सहमति बनी। इस मौके पर रामलखन गंझू, अमृत भोगता, विनय खलखो, रामधारी गंझू, शिवनारायण लोहरा, प्रभाकर गंझू, राजेंद्र उरांव, राजेश उरांव, शनिचर उरांव, भोला राणा, नीरज कुमार, राजकुमार उरांव, विनय उरांव, लक्ष्मण यादव, देव कुमार उरांव, फुलदेव उरांव सहित एकचटिया, कारी माटी, गणेशपुर, चमरेगा के बैठक में भाग लिए और एन के एरिया के परियोजना के पदाधिकारी एवं एरिया के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## नियोजन नीति को लेकर झारखंड बंद का पिपरवार में मिश्रित असर

खबर मंत्र संवाददाता



झारखंड बंद के मौके पर खड़ी वाहन।

**पिपरवार।** झारखंड बंद का पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में मिश्रित असर देखा गया। छात्र संगठनों द्वारा नियोजन नीति को लेकर इस एक दिवसीय बंद को लेकर छात्र संगठनों द्वारा कोयलांचल के क्षेत्रों में ट्रांसपोर्टिंग एवं संप्रेषण का कार्य ठप करा दिया गया। इस दौरान क्षेत्र के बैंक एवं शैक्षणिक संस्थान सहित पोस्ट ऑफिस यात्री बसों का परिचालन एवं रेलवे मार्ग से रेल का परिचालन जारी रहा। जबकि अशोका परियोजना एवं पिपरवार मैं कोयले का उत्पादन सहित कार्यालयों में सामान्य उपस्थिति देखी गई। जबकि क्षेत्र के बचरा बहेरा कल्याणपुर सहित समीपवर्ती क्षेत्र राय बाजार में व्यवसायिक प्रतिष्ठान खुले रहे। वहीं देश के अन्यत्र पावर प्लांट में रोड सेल के माध्यम से भेजे जाने वाली कोयले की ढुलाई का कार्य ठप रहा। बंद समर्थकों द्वारा नियोजन नीति लागू किए जाने में हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ जमकर नारे लगाए गए। साथ ही आक्रोश व्यक्त करते हुए साठ चालिस नाय चलतो के भी नारे लगाए गए बंद के दौरान ट्रांसपोर्टिंग सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। इस बंद के दौरान पिपरवार पुलिस प्रशासन सीआईएसएफ के जवान सभी संवेदनशील स्थानों पर गश्त करते देखे गए। बंद के दौरान किसी भी स्थान से कोई भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।

# ग्रामीणों की सक्रियता से लूट से बचे घर वाले

## लूट की घटना को अंजाम देने पहुंचे अपराधी अपनी कार छोड़ भागे

खबर मन्त्र संवाददाता





**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के उकरीद ओरमांझी व आसपास के ग्रामीणों की सक्रीयता ने एक परिवार को अपराधियों से लूटने से बचा लिया। मंगलवार को देर रात को घटना को अंजाम देने पांच नकाबपोस हथियारबंद अपराधी पहुंचे थे। रात लगभग 1:30 बजे के करीब एक सफेद रंग की जैलो कार बीआर01पीई-2338 में सावर हो पांच अपराधी गुड्डु साहू के घर पहुंचे। वाहने रूकने की आवाज सून पड़ोसी ने देख लिया। एनएच-20 रांची रामगढ़ पथ किनारे गुड्डु साहू की सिमेंट दुकान के आगे वाहन खड़ी कर पांचो अपराधी उतरे और कुछ मकान के आगे से तो कुछ पिछे से दीवार फांद मकान के अंदर जाने लगे। जिसकी जानकारी पड़ोसी ने गुड्डु साहू को दी। अपराधियों के आने की सूचना मिलते ही चारो ओर से ग्रामीण पहुंचने लगे। वहीं ग्रामीणों द्वारा हल्ला करने पर अपराधी अपने आप को घिरता देख भागने लगे। ग्रामीण ने दौड़ाकर पकड़ने का प्रयास भी किया। लेकिन सभी अंधेरे का लाभ उठा गिरते-पड़ते इधर-उधर भागने में सफल रहे। वहीं अपराधियों ने लाए अपनी वाहन भी छोड़ भागे। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस द्वारा वाहन की तलासी में पांच मोबाईल, ड्राइवरी लाइसेंस व एक नंबर प्लेट मिला। पुलिस द्वारा वाहन के साथ बरामद सामन को जब्त कर लिया गया है। इधर सिल्ली डीएसपी क्रिस्तोफर केरकेट्टा व थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर कार्रवायी शुरू कर दी गई है। जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### बंद समर्थकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया, छोड़ा



ओरमांझी थाना में गिरफ्तार सभी बंद समर्थक।

**ओरमांझी।** झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन द्वारा झारखंड सरकार के नियोजन नीति खिलाफ बुधवार को घोषित झारखंड बंद को सफल बनाने निकले बंद समर्थकों को ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। इसके अलावे प्रखंड क्षेत्र में बंद का मिला-जूला असर देखा गया। सड़क पर वाहनों की परिचलन आम दिनो की अपेक्षा कम रही। वहीं क्षेत्र के प्रमुख शास्त्री चैक ओरमांझी व आसपास की दुकान व प्रतिष्ठान व सभी शैक्षणिक संस्थान बंद रही। जिसके कारण चैक-चैराहा में भी चहलकदमी कम देखी गई। वहीं अन्य जगह के दुकान प्रतिष्ठान खुले थें। बाद में ओरमांझी पुलिस द्वारा गिरफ्तार सभी बंद समर्थकों को छोड़ दिया गया।

# बढ़ता कोरोना

एक बार फिर कोरोना संक्रमण में तेजी की खबरें चिंतित तो करती हैं। एक तो सवा दो अरब टीकों से हासिल रोग प्रतिरोधक क्षमता है, वहीं भारतीयों की प्राकृतिक इम्यूनिटी भी इसके मुकाबले भारी पड़ेगी। हम दशकों से इस तरह के संक्रामक रोगों का मुकाबला करते रहे हैं। अब हमारे पास पहली-तीसरी और घातक दूसरी लहर से मुकाबले का अनुभव भी है। हम कोरोना प्रोटोकॉल और व्यक्तिगत स्तर पर सफाई, सुरक्षित शारीरिक दूरी व भीड़-भाड़ से बचने के परंपरागत उपायों का पालन ईमानदारी से करें। दूसरी ओर सामाजिक दायित्वों का भी हमें विशेष ध्यान रखना है, ताकि वंचित समाज का कोई व्यक्ति भूख व बीमारी से पीड़ित न रह जाये। यह ठीक है कि कोराना का वायरस लगातार रूप बदल रहा है और इस बार नये वेरिएंट एक्सबीबी-1.16 का प्रकोप है। लेकिन हमारे पास पिछली लहरों से हासिल व्यापक अनुभव हैं। आईआईटी कानपुर के विशेषज्ञ कह रहे हैं कि यह संख्या मई तक बीस हजार प्रतिदिन भी हो सकती है जो अभी दस हजार के आसपास है। ऐसे में बचाव के लिये अतिरिक्त सावधानी जरूरी हो जाती है। वैसे इस संक्रमण से जुड़े कई सवाल आज भी अनुत्तरित ही हैं। यह ठीक है कि नये संक्रमण से ग्रस्त रोगियों को बुखार, सिरदर्द, बेचैनी व गले में दिक्कत होती है, लेकिन दो-तीन दिन में ये ठीक भी हो जाते हैं। अस्पताल में लोगों को भर्ती कराने की जरूरत कम पड़ रही है। लेकिन इसका तेजी से फैलना चिंता पैदा करता है। यही वजह है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन लगातार इसकी निगरानी की सलाह दे रहा है। वैसे बुजुर्गों, असाध्य रोगों से ग्रसित मरीजों, विभिन्न लाइफ स्टाइल जनित रोगों से जूझ रहे लोगों को इस स्थिति में अतिरिक्त सावधानी जरूर बरतनी होगी। अभी 60 हजार से अधिक सक्रिय मामले हैं। मौत के आकड़ें 50 से कम होना सकून की बात है।

# बड़ी चेतावनी

हमें इस हकीकत को स्वीकार लेना चाहिए कि जलवायु परिवर्तन के घातक प्रभावों ने हमारे जीवन को गहरे तक प्रभावित कर लिया है। इस माह के आरंभ में जहां लोग वातावरण में ठंड महसूस कर रहे थे, पहाड़ों में बर्फबारी हो रही थी और मैदानों में ओला व वर्षा जारी थी। वहीं पिछले कुछ दिनों में मौसम अचानक बदला और बात पारे के चालीस पार जाने की सामने आ गई है। यहां तक कि मौसम विज्ञानी पंजाब, हरियाणा व दिल्ली में लू की चेतावनी देने लगे हैं। निस्संदेह, मौसम में बदलाव कुदरत का नियम है। ठंड के बाद गरमी और गरमी के बाद बरसात कुदरत के शाश्वत नियम हैं। लेकिन यह परिवर्तन निर्धारित समय के साथ धीरे-धीरे होता है। जिसमें मानव शरीर धीरे-धीरे उसके अनुकूल खुद को ढाल लेता है। ऐसा ही फसलों व फलों के वृक्षों का भी है, वे मौसम के अनुसार ही खिलते और फलते हैं। हो सकता है अंतिम वैज्ञानिक शोध निष्कर्ष बाद में आएं, लेकिन हमारी फसलों की गुणवत्ता व मात्रा में इस अप्रत्याशित मौसम से गिरावट दर्ज की जा रही है। मानव जाति के लिये यह चेतावनी है कि कुदरत का अंधाधुंध दोहन बंद करके अपनी विलासिता पर लगाम लगाए ताकि वातावरण में तापमान नियंत्रित रह सके। जिससे हम ग्लोबल वार्मिंग के खतरों से बच सकें। अप्रत्याशित मौसम बदलाव का असर जहां हमारी खाद्य सुरक्षा को जोखिम में डाल रहा है, वहीं तमाम तरह की बीमारियों का भी जन्म हो रहा है।

दरअसल, बढ़ती आबादी की जरूरतों को पूरा करने तथा मनुष्य की पैसा कमाने की हवस ने हमारे खाद्यान्नों व फल-सब्जियों में इतने रासायनिक पदार्थ भर दिये हैं कि आम आदमी की जीवनी शक्ति लगातार कमजोर होती जा रही है। जिसके चलते हमारा शरीर मौसम की तीव्रता को झेल पाने में सक्षम नहीं हो पाता।

# समावेशिता और पहुंच की दिशा में बदलाव




**2015 में,** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 'मन की बात' के श्रोताओं के लिए एक अनूठा सुझाव दिया था- मैंने सोचा था कि हम लोगों को विकलांग कहते हैं या जानते हैं क्योंकि उनके शरीर की संरचना में कुछ कमी है या जिनके अंग सही से काम नहीं करते हैं।

हालांकि, जब हम उनके साथ बातचीत करते हैं, तो हमें पता चलता है कि भगवान ने उन्हें कुछ अलग शक्ति प्रदान की है जिसे हम अपनी आंखों से नहीं देख सकते हैं, लेकिन जब हम उन्हें काम करते हुए देखते हैं तो हमें उनकी प्रतिभा का एहसास होता है। इसलिए, मैंने सोचा कि क्यों न हमारे देश में 'विकलांग' के बजाय 'दिव्यांग' शब्द का इस्तेमाल किया जाए।

यह अक्षमता के क्षेत्र में समावेशिता और पहुंच की दिशा में एक क्रांतिकारी दृष्टिकोण की शुरूआत थी और मैं विश्वास के साथ कह सकती हूं कि यह इस माध्यम की शक्ति है, जिसे प्रधानमंत्री ने महसूस किया है और आत्मसात किया है।

इस क्षेत्र के साथ मेरे 3 दशकों से अधिक के जुड़ाव और खुद व्हील चेयर पर होने के कारण, मैंने देखा है कि जब दिव्यांगजनों की बात आती है तो राष्ट्र के सामने कुछ गंभीर चुनौतियां होती हैं, जिनमें से तीन - अनुत्पादकता, शिक्षा और पहुंच सबसे महत्वपूर्ण हैं। हालांकि, पिछले एक दशक में, हमारे प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में देश में एक आदर्श बदलाव देखा गया है। 'सबका साथ, सबका विकास' की दृष्टि से, 3 दिसंबर, 2015 को सुगम्य भारत अभियान का शुभारंभ, विकलांग व्यक्तियों को जीवन के सभी पहलुओं में स्वतंत्र रूप से भाग लेने के लिए समान अवसर प्रदान करने की दिशा में उठाया गया एक आवश्यक कदम था।

लेकिन सरकार की इस नीति के साथ-साथ, ऐसे लोगों के इर्द-गिर्द की कहानी में बदलाव की पहल करना भी उतना ही आवश्यक था या जैसा कि मैं इसे व्यवहार परिवर्तन के लिए जन समर्थन कहना चाहती हूं। उस रेडियो संबोधन के सात साल बाद आज समाज में विकलांग व्यक्तियों के प्रति लोगों के नजरिए में बदलाव साफ नजर आ रहा है। 'मन की बात' हमारे प्रधानमंत्री को सीधे जनता से जोड़ती है जहां वे इस मुद्दे पर विस्तार से बोलते हैं और इससे व्यक्तियों और संगठनों को अपने-अपने क्षेत्रों में अधिक काम करने की ऊर्जा मिलती है। इसने सभी क्षेत्रों में विकलांग व्यक्तियों के बारे में सार्वजनिक धारणा को बदलने में मदद की है, चाहे वह मीडिया, शिक्षा या खेल हो, जिसके लिए कई पैरालंपियनों ने प्रधानमंत्री को धन्यवाद भी दिया है।



-संजना गोयल

> मैं 'मन की बात' की आगामी 100वीं कड़ी और राष्ट्रीय महत्व के विभिन्न मुद्दों पर हमारे प्रधानमंत्री के ज्ञान के शब्दों को सुनने के लिए उत्सुक हूं। मुझे विश्वास है कि सरकार द्वारा हम सबमें 'कर सकते हैं' की भावना जगाने वाले कदमों की चर्चा 'मन की बात' में और उसके माध्यम से होती रहेगी।

नवप्रवर्तन के लिए विचारों को आमंत्रित करने से लेकर, जो दिव्यांगजनों को उनके लिए मौजूदा पहलों और नीतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद कर सकते हैं, प्रधानमंत्री इस महत्वपूर्ण विषय पर प्रकाश डालने के लिए अक्सर 'मन की बात' के मंच का उपयोग करते हैं। यहां तक कि देश में की जा रही छोटी से छोटी अभिनव और प्रेरक पहल को भी उनके द्वारा अपने रेडियो संबोधन में सामने लाया जाता है। उदाहरण के लिए मस्कुलर डिस्ट्रॉफी का उदाहरण लें, एक वंशानुगत विकार जो मांसपेशियों के द्रव्यमान के क्रमिक नुकसान का कारण बनता है, जिसे 27 नवंबर, 2022 को प्रसारित ह्यमन की बातह्व के 95वें एपिसोड में हाइलाइट किया गया था, जहां प्रधानमंत्री ने हमारे संस्थान इंडियन एसोसिएशन ऑफ मस्कुलर डिस्ट्रॉफी के बारे में बात की थी जिसने बीमारी के बारे में जागरूकता फैलाने में अद्भुत काम किया था। यह परिवर्तनकारी 'मन की बात' कार्यक्रम 30 अप्रैल, 2023 को 100 एपिसोड के एक महत्वपूर्ण पड़ाव पर पहुंच रहा है। मुझे उम्मीद है कि यह मंच आने वाले समय में भी समावेशी भारत के सपने को साकार करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा। कुछ महत्वपूर्ण विषय जिनमें अधिक जागरूकता की आवश्यकता है, वे हैं 'यूनिवर्सल डिजाइन' ताकि दिव्यांगजनों तक पहुंच बढ़ाई जा सके, कार्यस्थल में दिव्यांगजनों के लिए एक समान अवसर बनाने के लिए 'समुचित समायोजन' का दृष्टिकोण, और संभावित स्टार्टअप और इनोवेटर्स के लिए बाजार पहुंच के पर्याप्त अवसर को बढ़ावा देना सहायक टच (एटी) क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए इसकी मांग बढ़ रही है।

एक पृथ्वी - एक परिवार - एक भविष्य₹ विषय के साथ जी20 में भारत की अध्यक्षता प्रगति और विकास के आसपास की चचाओं में विकलांग व्यक्तियों को शामिल करने को प्राथमिकता देने का अवसर प्रस्तुत करती है। यह भारत को समावेशिता और पहुंच को बढ़ावा देने में एक वैश्विक पथ प्रदर्शक के रूप में स्थापित करेगा, क्योंकि अपनी शताब्दी वर्ष की ओर अग्रसर भारत के लिए यह एक महान लक्ष्य है। इसके लिए, यह सुझाव दिया जाता है कि साल भर चलने वाले अभियान को लागू किया जाए, जिसमें हर महीने की 11 तारीख को ₹विकलांगता के लिए विशेष दिन₹ के रूप में नामित किया जाता है। यह दिन विकलांग व्यक्तियों को नौकरियों की पेशकश, साहस और पहल की कहानियों को साझा करने और इस विचार को शुरू करने के लिए 'मन की बात' का बेहतर मंच के रूप में जश्न मनाने और समर्थन करने का अवसर होगा।

सांकेतिक तिथि के रूप में 11 का चुनाव इस अवधारणा को दशार्ता है कि छोटे प्रयास जब संयुक्त होते हैं तो महत्वपूर्ण परिणाम प्राप्त कर सकते हैं। इस प्रकार, विकलांगता अधिकारों और समावेशन को बढ़ावा देने के लिए हर योगदान मूल्यवान है और इसे स्वीकार किया जाना चाहिए।

मैं 'मन की बात' की आगामी 100वीं कड़ी और राष्ट्रीय महत्व के विभिन्न मुद्दों पर हमारे प्रधानमंत्री के ज्ञान के शब्दों को सुनने के लिए उत्सुक हूं। मुझे विश्वास है कि सरकार द्वारा हम सबमें 'कर सकते हैं" की भावना जगाने वाले कदमों की चर्चा 'मन की बात' में और उसके माध्यम से होती रहेगी, ताकि पूरा देश समावेशी भारत के निर्माण के लिए उत्साह, प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए 'पंच प्राण' को पूरा करते हुए, इससे ओत-प्रोत हो सके, क्योंकि हम 'अमृत काल' में प्रवेश कर चुके हैं।

(लेखिका अध्यक्ष, इंडियन एसोसिएशन ऑफ मस्कुलर डिस्ट्रॉफी)

## खास बात

### सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश बना भारत

**भारत** दुनिया में सबसे अधिक आबादी वाला देश बन गया है। यह अब चीन से आगे निकल गया है। बुधवार को जारी संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) की एक नई रिपोर्ट के आंकड़ों से ये जानकारी सामने आई है। यूएनएफपीए की द स्टेट ऑफ वर्ल्ड पॉपुलेशन रिपोर्ट 2023 के अनुसार, भारत की जनसंख्या 1,428.6 मिलियन (142.86 करोड़) तक पहुंच गई है, जबकि चीन की 1,425.7 मिलियन (142.57 करोड़) है, यानि कि 2.9 मिलियन यानि 29 लाख का अंतर है।

संयुक्त राष्ट्र ने 2022 में ही भारत के सबसे अधिक आबादी वाले देश बनने का अनुमान लगाया था।

इसके अलावा, यूएनएफपीए की नवीनतम रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में 25 प्रतिशत जनसंख्या 0-14 आयु वर्ग की है, 18 प्रतिशत 10-19 वर्ष की आयु की, 26 प्रतिशत 10-24 आयु वर्ग की। लगभग 68 प्रतिशत जनसंख्या 15-64 आयु वर्ग में हैं, जबकि 65 से ऊपर के लोग सिर्फ 7 प्रतिशत हैं।

चीन जीवन प्रत्याशा के मामले में भारत से बेहतर कर रहा है, जो महिलाओं के मामले में 82 और पुरुषों के मामले में 76 साल है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के लिए यह आंकड़ा 74 और 71 है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि 68 देशों की सूची में 44 प्रतिशत महिलाओं और लड़कियों को सेक्स, गर्भनिरोधक और स्वास्थ्य देखभाल के मामलों में खुद फैसला लेने का अधिकार नहीं है। पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया की कार्यकारी निदेशक पूनम मुत्तरेजा ने एक बयान में कहा, इतनी सारी महिलाओं का अपने शरीर पर नियंत्रण नहीं है, जिसमें बच्चे पैदा करने का अधिकार भी शामिल है - यह तय करने के लिए कि उन्हें कब और कितने बच्चे चाहिए। इसके अलावा, कम उम्र में शादियां होती रहती हैं -

भारत में हर चार में से एक महिला की शादी 18 साल से पहले हो जाती है। भले ही भारत दुनिया में सबसे अधिक आबादी वाला देश बन गया है, यह सुनिश्चित होना चाहिए कि लोगों के लिए व्यापक और न्यायसंगत सेवाएं उपलब्ध हों।

# डिप्रेशन को समझें

## विचार-प्रवाह

**जग्गी बासुदेव**

**क्या** आप पिछले कुछ समय से ऐसे किन्हीं कारणों से डिप्रेशन में हैं, जिनका आप को कुछ पता ही नहीं है? क्या आप का कोई प्रियजन डिप्रेशन में है और आप उसकी कोई मदद नहीं कर पा रहे?

मैं ये जो कुछ कह रहा हूं वह इसलिये नहीं है कि मुझे आप के बारे में कोई चिंता नहीं है या मैं संवेदनहीन हूं लेकिन इसलिये कि आपको जो हो रहा है, उसका स्वभाव, उसकी प्रकृति यही है। अगर आप खुद को डिप्रेशन की स्थिति में ला रहे हैं, तो इसका मतलब यह है कि आप पर्याप्त मात्रा में तीव्र भावनायें और विचार अपने मन में पैदाकर रहे हैं, लेकिन गलत दिशा में। अगर किसी विशेष बात के लिये आप की भावनायें बहुत प्रबल नहीं हैं या आप के विचार अत्यन्त तीव्र नहीं हैं तो आप का मन निराशनहीं हो सकता, आप डिप्रेशन में नहीं हो सकते। बात बस ये है कि आपऐसे विचार और भावनायें पैदा कर रहे हैं जो आप के खिलाफ काम कर रही है, आप के लिये नहीं। तो अपने आपको डिप्रेशन की स्थिति में लाने के लिए आप पर्याप्त रूप से समर्थ हैं। ज्यादातर डिप्रेशन खुद अपने ही बनाये हुए होते हैं। बहुत कम ही लोग वास्तव मेंकिसीरोग के कारण डिप्रेशन में होते हैं। वे कुछ नहीं कर सकते, उनका डिप्रेशन अंदर से, किसी आनुवांशिक कमजोरी या ऐसे ही किसी अन्य कारण से होता है। बाकी लगभग सभी लोगों को पागल किया जा सकता है क्योंकि स्थिर मानसिकता और पागलपन की सीमारेखा में अंतर बहुत ही पतला, महीन होती है।

झारखण्ड में लगभग 6904 स्कूल 'एक-शिक्षक स्कूल' हैं।

इसमें 90% से अधिक प्राथमिक।

विकसित भारत मे यह शिक्षा व्यवस्था एक चुनौती।

**-महेश पोद्दार, सांसद**

## रोचक ट्वीट

**जल,** जंगल, जमीन - सिर्फ. नारा नहीं, हमारी पहचान है। प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर झारखण्ड जैसे राज्य के लिए जरूरी है इन संसाधनों का संरक्षण और संवर्धन हो।

**-हेमंत सोरेन, सीएम, झारखंड**





मैं निश्चित हूं कि मां कामाख्या कॉरिडार बहुत जल्द बनकर तैयार होगा। यह भव्य कॉरिडार इस क्षेत्र के आर्थिक विकास और धार्मिक प्रसार के क्षेत्र में बड़ी भूमिका निभायेगा।

**-नरेन्द्र मोदी**

## कॉर्टून वर्ल्ड




# कश्मीर के दर्द पर आधारित है द सोल फुल जर्नी

**एन झा**

**इविंस** पब्लिशिंग हाउस द्वारा प्रकाशित प्रोफेसर अनीता शेखर की किताब ₹द सोलफुल जर्नी₹ 80 के दशक के अंत और 90 के दशक की शुरूआत में जम्मू और कश्मीर राज्य में वास्तविक जीवन की घटनाओं से प्रेरित है। रांची स्थित प्रेस क्लब में एमिटी विश्वविद्यालय के छात्रों के एक समूह जिसमें देबश्री, माही, तन्वी, प्रेरणा, ट्विंकल, अनुष्का और त्रिशला द्वारा इस पुस्तक का विमोचन किया गया।

इस राज्य के आतंकवाद के बारे में बहुत कुछ लिखा और छापा गया लेकिन आम जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव को कभी खुलकर सामने नहीं लाया गया। इस किताब में एक ऐसी ही लड़की की कहानी है, जो राज्य में हुई हिंसा और आगजनी में मारे जाने के भय, चिंता और संकट में रहती है।

जम्मू और कश्मीर में 80 और 90 के दशक के शुरूआती दौर में बड़े हो रहे बच्चों ने मानवता पर हुए हिंसक हमलों के कई झटके महसूस किए हैं, जिसने उनके आत्मविश्वास और अच्छे जीवन की चाह को झकझोर कर रख दिया। उग्रवाद की क्रूरता ने मानवीय मूल्यों और पड़ोसियों पर भरोसे को चकनाचूर कर दिया। लेखक, प्रोफेसर अनीता शेखर अपनी किताब में एक परी नाम की लड़की की एक बेहतरीन कहानी लिखी है, जिसे अपने माता-पिता के बिना घाटी छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ता है, साथ ही एक युवा लड़की की रूढ़िवादी समाज के संपर्क में आने पर होने वाली बाधाओं से लड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा। उसके लिए जीवन एक पहिए की तरह घूमता है। परी की कहानी मानव जीवन के विभिन्न पहलुओं के इर्द-गिर्द घूमती है। यह किताब प्यार, रोमांस, भय, क्रोध, खुशी और पीड़ा को उजागर करती है और विभिन्न परिस्थितियों के बारे में बात करती है।

## समीक्षा



इस किताब में सबसे अच्छी बात यह है कि यह किसी घटना के बारे में आलोचनात्मक नहीं थी। किताब में विभिन्न प्रसंगों वर्णन इस तरह से है, जो आंखें खोल देने वाली है। यह किताब उनके लिए भी है जिन्होंने कभी नहीं जाना कि कश्मीरी समुदाय किस दौर से गुजरा है और मानवीय विरोध का चेहरा कितना क्रूर था।

कहानी में घाटी के प्रभावित परिवारों में से एक को दिखाया गया है, जिन्हें उनकी गलती के बिना अपना घर छोड़ने के लिए मजबूर किया गया था। लेखक द्वारा खोजी गई यह विशेष कहानी सच्ची घटनाओं पर आधारित है, जिसमें गोपनीयता का भी विशेष ध्यान रखा गया है।

प्रोफेसर अनीता शेखर अंग्रेजी साहित्य में मास्टर कर चुकी हैं। साथ वह वर्तमान में झारखंड के एमिटी विश्वविद्यालय (एयूजे) में अंग्रेजी साहित्य और संचार पढ़ा रही हैं। इससे पहले वह मारवाड़ी कॉलेज और प्रबंधन संस्थान, रांची के एमबीए विभाग के साथ एक संकाय के रूप में जुड़ी हुई थीं। राष्ट्रीय कार्मिक प्रबंधन संस्थान, कोलकाता की सदस्य भी हैं।

## लेटर टू एडिटर

### शिक्षा नीति में बदलाव

**भावी** पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और धरोहर से अवगत कराने के लिए स्कूली पाठ्यक्रम में पढ़ाए जाने वाले इतिहास को संशोधित किया जाना चाहिए। इतिहास की पुस्तक उन देशभक्तों की प्रेरक कहानियों से भरी होनी चाहिए । देश को आजाद कराने के लिए ऐसे गुमनाम चेहरे भी हैं, जिनका कहीं कोई जिक्र नहीं होता। अब सुधार से किसी को शिकायत न हो।

**- राजेश चौहान, रांची**

### स्टार्ट अप से रोजगार

**देश** आत्मनिर्भर हो रहा है, युवाओं को रोजगार मिल रहा है। जहां ज्यादातर देशों की अर्थव्यवस्था बिगड़ रही है वहीं भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। आज देश जिस नीति और रणनीति पर चल रहा है उसने देश में नई संभावनाओं और अवसरों के द्वार खोल दिए है। देश में आत्मनिर्भर भारत अभियान ने हजारों स्टार्टअप क्रिएट कर दिए हैं। **-भगवान सिंह, जमशेदपुर**

# किसी घर में पैदा न हो ऐसा जघन्य अपराधी

## सामयिक

**आर.के. सिन्हा**

**बेशक,** अतीक अहमद के मारे जाने के साथ ही एक दहशत के युग का अंत हुआ है पर किसने सोचा होगा प्रयागराज में तांगा चलाने वाले शख्स का बेटा देखतेझ्रदेखते अपराध के संसार में खौफ का पर्याय बन जाएगा। वह जिसकी संपत्ति पर चाहेगा कब्जा जमा लेगा। अगर कोई उसे अपनी संपत्ति देने में आनाकानी करेगा तो वह उसका या उसके बहन-बेटियों का अपहरण करवा लेगा। जरूरत पड़ने पर उस शख्स को मौत के घाट भी उतरवा देना उसके लिए तो मामूली बात थी।

अफसोस इस बात को लेकर होता है कि अतीक अहमद को मुलायम सिंह यादव और फिर अखिलेश यादव का लगातार और खुला समर्थन मिलता रहा। अपने को गांधीवादी समाजवादी कहने वाले मुलायम सिंह यादव का नाम अतीक अहमद के साथ जुड़ना साफ करता है कि भारतीय राजनीति का चेहरा कितना बदबूदार हो गया है। अतीक अहमद को यह राजनीतिक प्रश्रय मिला जिसके चलते वह कानून को अपने हाथ में लेता रहा। उन्हें सुनने से लगता है कि वह फिरौती की रकम पूरे अधिकार के साथ मांगा करता था। उसके हुक्म को न मानने वालों को गंभीर परिणाम भुगतने के बारे में भी कड़क आवाज में बता दिया करता था। वह लोकसभा की उस फूलपुर सीट से सदस्य रहा जहां से कभी पंडित जवाहरलाल नेहरू चुनाव लड़ा करते थे। इसी अतीक अहमद के वोट से 2008 में केंद्र में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) की सरकार बची थी। उस वक्त तत्कालीन सरकार और अमेरिका के साथ उसके परमाणु समझौते पर संकट के बादल मंडरा रहे थे, तब अतीक अहमद ने यूपीए सरकार बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उस वक्त अतीक अहमद समाजवादी पार्टी का सांसद था। उस वक्त परमाणु समझौते के विरोध में यूपीए सरकार को बाहर से समर्थन दे रहे वामदलों ने अपने हाथ खींच लिए थे।

ऐसे में विपक्ष तत्कालीन मनमोहन सिंह सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ले आया था। उस वक्त अतीक अहमद सहित छह अपराधी सांसदों को विश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग से 48 घंटे पहले विभिन्न जेलों से छोड़ा गया था, ताकि वे यूपीए सरकार के पक्ष में मतदान कर सकें। अतीक अहमद भी उन छह बाहुबलियों में से एक था, जिसने यूपीए सरकार को गिरने से बचाया था। क्या तब डॉ. मनमोहन सिंह या सोनिया गांधी को पता नहीं था कि अतीक अहमद कितने दूध के धुले हैं ?

अतीक अहमद खुद ही अपराध की दुनिया में सक्रिय नहीं हुआ। उसने अपने पुत्रों को भी अपराध के संसार में धकेल दिया। उसने अपने पुत्र असद को बचपन से ही रिवाल्वर चलाने की ट्रेनिंग देनी शुरू कर दी थी। आपको इस तरह का पिता आसानी से नहीं मिलेगा जो अपने बच्चों को ही अपराधी बनने के लिए प्रेरित करे। जरा सोचिए कि चार दशकों तक अपराध और राजनीति की मदद से लगभग 1400 करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति जब्त करने वाले का कितना खराब हश्र हुआ। उसका पूरा परिवार बर्बाद हो गया। यूपी एसटीएफ की टीम ने अतीक अहमद के तीसरे नंबर के बेटे असद और करीबी शूटर मोहम्मद गुलाम को मुठभेड़ में मार गिराया। दोनों ही उमेश पाल हत्याकांड में वांटेड और पांच-पांच लाख के इनामी थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### एनटीपीसी डायरेक्टर ने पकरी बरवाडी कोल खनन का किया दौरा

बड़कागांव। एनटीपीसी डायरेक्टर ऑपरेशंस एंड नॉमिनेटेड ओनर ऑफ माइंस रमेश बाबू वी. ने पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना का दौरा किया। दौरे के क्रम में बानादाग रेलवे साइडिंग पहुचकर उन्होंने चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का जायजा लिया। साइडिंग में मौजूद अधिकारियों ने निदेशक प्रचालन को हर एक गतिविधि के बारे में बारीकी से जानकारी दी। निदेशक प्रचालन ने एनटीपीसी पकरी बरवाडीह के महत्वकांक्षी लक्ष्य का जिक्र करते हुए कहा कि आप सबको उसी तेज गति और रफ्तार से काम करना है जिससे कि हम अपने निर्धारित लक्ष्य को हासिल कर पाएं। उन्होंने बानादाग रेलवे साइडिंग में निमार्णाधीन रैपिड लोडिंग सिस्टम के बारे में जानकारी ली, बकायदा स्वयं चलकर हर एक चीज को देखा। इस दौरान उन्होंने वहां कार्यरत तमाम कर्मचारी एवं अधिकारियों से सुरक्षा के प्रति सजग रहते हुए काम करने की बात कही। ततपश्चात परियोजना से जुड़ी अन्य जगहों पर पहुंचे जहां पर अधिकारियों ने उन्हें जानकारी दी। इसी क्रम में वे पकरी बरवाडीह की कोल माइनिंग एरिया पहुंचे जहां उन्होंने माइन व्यूप्वाइंट पर जाकर माइंस को देखा। डायरेक्टर ऑपरेशंस इसके बाद सीधा डंप देखने के लिए पहुंचे जहां उन्होंने अधिकारियों से डंप के बारे में विस्तृत जानकारी ली। इस विजिट के दौरान उन्होंने सीकरी ऑफिस में परियोजना के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की। दौरे में डायरेक्टर रमेश बाबू वी. के साथ एनटीपीसी क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक पार्थ मजूमदार,पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना मुख्य महाप्रबंधक शिवम श्रीवास्तव एवं तमाम वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

### भू रैयतों ने एसी को सौंपा मांग पत्र

केरेडारी। सीसी एल के चंद्रगुप्त ओपन कोल माइंस के भू रैयतों ने अपर समाहर्ता हजारीबाग को मांग पत्र सौंपा है! मांग पत्र मे रैयतों ने कहा है कि चंद्रगुप्त कोल माइंस से बिस्थापित छह गांव के भू रैयतों को केरेडारी अंचल के अंतर्गत आते हैं बीते 15 अप्रैल को जीएम सी सी एल चंद्रगुप्त क्षेत्र के द्वारा पत्र निर्गत किया गया है! उक्त पत्र में उपायुक्त हजारिबाग अपर समाहर्ता हजारीबाग का उल्लेख किया गया है! पत्र में लिखा गया है कि बाजार मूल्य से आरएफसीटी एल आर एक्ट 2013 के तहत जमीन का मूल्य करने हेतू मांग पत्र के माध्यम से उपरोक्त छह गांव के भू रैयत पुर्ण विश्वास के साथ मांग करते हैं जो भूमि अधिग्रहण कानून 2013के तहत रैयतों को आधिकार मिले! भू रैयतों की मांग निम्नवत है! भूमी का मूल्य बाजार दर से निर्धारित किया जाय। भूमि के मुआवजा के साथ मकान कुआं तालाब वृक्ष आदी जितने सरंचनाए है रैयतों को एक साथ दिया जाय! मुआवजा राशि के सोलेसियम राशि प्रारंभिक अधिसूचना की तारीख से भूमि के कब्जे की घोषणा तक प्रतिवर्ष 12 प्रतिशत क्षतिपूर्ति की राशि दी जाए। मांग पत्र सौंपा ने वालों में संतोष नायक जितेंद्र नायक उमेश साव राजेन्द्र यादव मनोज यादव बिहारी पासवान शामिल हैं।

### 11 बालू घाटों की होगी बंदोबस्ती : सीओ

**दारू।** दारू अंचल क्षेत्र में अवैध बालू को लेकर ट्रैक्टर लदे वाहनों की धर पकड़ और बालू की कमी के कारण निर्माण कार्य मे होने वाली बाधा जल्द ही दूर होने वाली है। बालू घाटो की नीलामी को लेकर जिला खनन विभाग ने एक एजेंसी से घाटों का सर्वेक्षण कराकर अंचल क्षेत्र के ग्यारह बालू घाटो की बंदोबस्ती करने की जानकारी अंचलाधिकारी नीतू कुमारी को चिट्ठी लिखकर दी है। अंचलाधिकारी ने बताया कि अंचल क्षेत्र के बड़वार, भण्डरवार,इरगा, दारू खैरिका, दारू, करवार, हरली, गोपलो, कवालु, दारू, बसोबार के घाटो की बंदोबस्ती किया जाना है। इस संबंध में जल्द प्रक्रिया को पूरी कर बालू घाटो की बंदोबस्ती कर दिया जाएगा जिससे बालू संबंधी परेशानी दूर हो जाएगी।

### हैकरों ने खाते से उड़ाए 32 हजार

**दारू।** बैंक ऑफ इंडिया दारू शाखा के एक बैंक खाते से हैकरों ने 32 हजार रुपये उड़ा लिए। भुक्तभोगी बैजनाथ कुमार राणा पिता प्रयाग राणा बनाहप्पा हुटपा निवासी ने मंगलवार को दारू थाना में आवेदन देकर हैकरों के खिलाफ करवाई करने की मांग की। बैजनाथ ने बताया कि उसके खाते से अचानक एक ही बार मे 32 हजार निकल गया उसका एटीएम टूटा है घर मे है कोई फोन भी नही आया इसके बाद भी खाते से पैसा कट गया। उसके मोबाइल में मेसेज आने पर शाखा प्रबंधक आरती कुमारी को जानकारी दी तो उन्होंने तीन दिन बाद करवाई करने की बात कही। दारू थाना प्रभारी को आवेदन देकर उसने मदद की गुहार लगाई है।

### जनता की समस्या के लिए मेरा घर हमेशा खुला रहेगा : सुनीता चौधरी



**रजरप्पा ।** चितरपुर प्रखंड कार्यालय परिसर में विधायक कक्ष का उद्घाटन विधायक सुनीता चौधरी ने विधिवत रूप से फीता काटकर किया। विधायक ने कहा कि आम लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विधायक कक्ष का उद्घाटन किया गया है। विधायक प्रतिनिधि और आजसू पार्टी के प्रखंड स्तर से लेकर साधारण कार्यकर्ता आम जनता की समस्या को मुझ तक पहुंचाने के लिए इस कक्ष में हमेशा मौजूद रहेंगे। समस्याओं को प्राथमिकता के साथ समाधान कराए जाने का पूरा प्रयास किया जाएगा। विधानसभा क्षेत्र की जनता के लिए उनके घर के दरवाजे हमेशा खुले हुए हैं। लोगों की समस्याओं का समाधान कराना ही उनका मुख्य उद्देश्य रहेगा। विधायक ने ब्लॉक के अधिकारियों को क्षेत्र के लोगों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने के लिए कहा। इससे पूर्व प्रखंड विकास पदाधिकारी उदय कुमार ने विधायक को बुके देकर स्वागत किया। मौके पर सीओ मंजू कुमारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनिल महतो, ब्रह्मानंद पाठक, पंचायत सेवक नेमचंद करमाली, रविंद्र महतो, आजसू के वरिष्ठ नेता अमृतलाल मुंडा, मुखिया अरविंद कुमार सिंह, भानुप्रकाश महतो, अशोक राम बेदिया, सतीश महतो, ओमप्रकाश चौधरी, सुराली महतो, देवंती देवी, टूशील देवी, संतोष कुमार महतो, अनुराग भारद्वाज, सुबिन तिवारी, प्रयाग मांझी, शम्भू कुमार, महेंद्र महतो, सतीश मुंडा, मुन्निलाल साव, लखन महतो, आकाश कुमार, देवेश कुमार बादल, सागर कुशवाहा, जगनाथ बेदिया, दिवाकर महतो, घनश्याम महतो आदि मौजूद थे।

# मूलभूत सुविधाओं से वंचित है आदिवासी गांव सिझुआ

## आज भी लकड़ी से खाना बनाती हैं महिलाएं

संदीप पांडेय



अपनी समस्याएं बताते ग्रामीण।

**टाटीझरिया।** देश की आजादी के 7 दशक और राज्य बने 22 साल हो चुके हैं बावजूद आदिवासियों को उनका अधिकार नही मिल पाया है। आज भी आदिवासी समाज शैक्षणिक, आर्थिक, सामाजिक, दृष्टि से पिछड़े हुए हैं। आदिवासी बहुल क्षेत्रो में मूलभूत समस्याएं मुंह बनाए खड़ी है। टाटीझरिया और बरकट्ठा के सीमा पर बसा आदिवासी इलाका सिझुआ गांव है। यहां लगभग 50 घर है। इस गांव में समस्याओं का अंबार है। सड़क, पानी, आवास, नेटवर्क, जैसी सुविधाएं यहां उपलब्ध नहीं है।

यहां की महिलाएं आज भी लकड़ी के जलावन से खाना बनाने को मजबूर है।विधायक सिझुआ झरना को तो विकसित करने की बात करते हैं। पर उस गांव के लोगों की समस्या को आखिर कौन देखे कभी उनकी समस्याओं को लेकर पूछताछ भी नहीं किया। सिझुआ के आदिवासी चुनूलाल मांझी, साहेब राम मांझी, अरविंद मांझी, लालजी मांझी, सुरेश मांझी, अर्जुन मांझी, गणेश मरांडी, बिशुन मरांडी, कमल मांझी, दिना मांझी, गणेश मुमु, सुगंती देवी, दुलारी देवी, मोसोमात मुलिया, मोसोमात कैली ने खबर मंत्र संवाददता को बताया की यहां मुखिया, विधायक केवल वोट के लिए आते हैं। यहां की समस्या को उनके पास हम बताते है। वे हमे आवास देने का आश्वासन देकर चले जाते हैं फिर भुल जाते हैं।

**मोबाइल नेटवर्क नहीं रहने से होती है परेशानी :** सिझुआ में मोबाइल नेटवर्क नही रहने से लोगो को परेशानी उठानी पडती जरूरत पडने पर लोग गांव से बाहर ऊंचे स्थान में जाकर दुसरे से संपर्क साध पाते हैं।लोग बताते है की सिझुआ गांव चारों तरफ से जंगलो से घिरा हुआ है ऐसे मे जंगली जानवरों का खतरा हम पर बना रहता है. जरूरत पड़ने पर हम दुसरे लोगो से मदद कैसे ले पाएंगे।

**50 घरों वाला गांव में पीएम आवास दस से भी है कम**

लगभग 50 घरों वाला सिझुआ गांव में सरकारी आवास मात्र 10 से भी कम है। बाकी सभी टुटे-फुटे कच्चे खपरैल मकान में रहने को मजबूर है. कई आदिवासियों का तो राशन कार्ड भी काट दिया गया।सिझुआ निवासी चुनूलाल मांझी ने बताया की यहां कई घरों को सरकारी आवास दिया गया है। कोई बनाया नही पैसा निकाल निकाल कर खा गए है जो देखा जा सकता है।

# रामगढ़ में छात्र संगठनों के बंद का व्यापक असर

## पटेल चौक और कोठार में सड़क किया जाम

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़।** छात्र संगठनों का बुधवार को नियोजन नीति के विरोध में आयोजित झारखंड बंद का रामगढ़ जिला में व्यापक असर दिखा। बंद के कारण रांची-पटना फ ोरलेन मार्ग और रामगढ़ बोकारो एनएच-23 पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। आंदोलनकारी छात्रों ने रांची-पटना फोरलेन मार्ग को पटेल चौक पर वाहनों की आवाजाही रोक दिया। साथ ही कोठार ओवरब्रिज के पास भी आंदोलनकारी छात्रों ने यह कहते हुए की 60/40 नाय चलतो मार्ग को जाम कर दिया। जिस कारण दोनो स्थानों पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। जाम से लोगों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। वहीं, बंद के कारण कोयलांचल क्षेत्र के सयाल, उरीमारी, कुजू आदि में कोयले का परिवहन प्रभावित हुआ है। बंद के चलते शहर में दुकानें काफी कम खुलीं। कई शोरूमों में ताला लटका रहा।

बंद समर्थक छात्रों ने कहा कि राज्य सरकार की 60/40 की नियोजन नीति हमे स्वीकार नही है। कहा कि तृतीय और चतुर्थ श्रेणी की नौकरियों में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देनी होगी। छात्रों ने कहा की ऐसा नही होने पर हमारा आंदोलन जारी रहेगा। वहीं, बंद के दौरान उग्र आंदोलनकारियों पर कोठार ओवरब्रिज के निकट लाठी चार्ज होने के बाद आंदोलनकारी जयराम महतो मौके पर पहुंचे।

उन्होंने कहा कि यह बंद छात्रों के हित में और राज्य सरकार की नियोजन नीति 60/40 के विरोध में है। कहा की मैं रांची में था और जैसे ही मुझे जानकारी मिली की यहां पर आंदोलनकारियों पर लाठी चार्ज किया गया है तो मैं तत्काल यहां पहुंचा। उन्होंने कहा कि हम प्रशासन से यह अपेक्षा करते हैं की वह छात्रों की व्यथा को समझते हुए आंदोलन में सहयोग करें। क्योंकि आंदोलन पूरी तरह से शांतिपूर्ण है।

**कुजू में मिला जुला असर :** 60-40 नियोजन नीति को लेकर झारखंड छात्र संघ का झारखंड बंद का कुजू कोयलांचल में मिला जुला असर देखा गया। इस दौरान सदस्यों ने बुधवार की सुबह आरा कांटा चेक पोस्ट के पास ही बैरियर को गिराकर आने-जाने वाले वाहनों को रोक दिया। जिससे दोनों वाहनों की लंबी कतारे लग गयी। बंद का समर्थन करते हुए संघ के सदस्यों ने कहा कि हेमंत सरकार पूरी तरह से बेहरा बन चुका है। सरकार को हमलोगों की मांग सुनाई नहीं दे रही है। अगर सरकार की यही नीति रही तो आने वाले समय में पूरे इससे और बड़ा आंदोलन कर सरकार को जवाब देने का काम किया जायेगा। इधर सड़क के जाम होने से टाटा, सीसीएल का ट्रांसपोटिंग कार्य रूक गया। वहीं यात्रियों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बंदी में काफी संख्या में छात्र संघ के लोग शामिल थे।

### भुरकुंडा में 15 लाख की अवैध शराब जब्त



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा पुलिस ने बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार की रात्रि सयाल, आजाद रोड स्थित सीसीएल के एक बंद क्वार्टर से 185 पेटी इम्पीरियल ब्लू (375 एमएल) का अवैध शराब जब्त किया है। मामले को ले बुधवार को भुरकुंडा ओपी में प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन हुआ। इसमें पत्रकारों को जानकारी देते हुए पतरातू एसडीपीओ डॉ. बीरेंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि सयाल, आजाद रोड स्थित एक सीसीएल क्वार्टर को अवैध रूप से कब्जा करके किसी व्यक्ति द्वारा भारी मात्रा में अवैध शराब स्टॉक किया जा रहा है। रामगढ़ एसपी के आदेश पर छापामारी दल का गठन किया गया। इसके बाद पुलिस ने बीती रात्रि सयाल, आजाद रोड स्थित एक सीसीएल क्वार्टर में छापामारी अभियान चलाया। क्वार्टर के दो कमरों से एक सौ पचासी (185) पेटियों से इम्पीरियल ब्लू की 4 हजार 440 (आधा बोतल) की अवैध शराब बरामद किया। जब्त अवैध शराब की कीमत लगभग 15 लाख 9 हजार 600 रुपया बताया जा रहा है।

### केंद्रीय विद्यालय को पुनः खोलने के लिए विधायक ने उपायुक्त को लिखा पत्र

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** केन्द्रीय विद्यालय भुरकुंडा को पुनः भुरकुंडा में संचालित करने को ले बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने उपायुक्त रामगढ़ को पत्र प्रेषित किया है। पत्र में विधायक ने कहा है कि पतरातू प्रखण्ड के भुरकुंडा में स्थित केन्द्रीय विद्यालय भुरकुंडा की स्थिति काफी जर्जर होने के कारण केवि को घुटवा के बंद पड़े जीएम ऑफिस में शिफ्ट किया गया था। करीब दो दशक पहले केन्द्रीय विद्यालय भुरकुंडा के रिवर साईड में संचालित हो रहा था। लेकिन विद्यालय भवन की स्थिति काफी जर्जर होने के कारण सीसीएल प्रबंधन द्वारा विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उसे घुटवा में शिफ्ट कर दिया। पत्र में अंबा ने कहा कि अब तक केन्द्रीय विद्यालय को पुनः भुरकुंडा में स्थापित करने की दिशा में कोई सार्थक पहल नहीं की गयी है।

## मेरी बढ़ती लोकप्रियता कुछ लोगों का नहीं आ रहा रास : चौहान

खबर मन्त्र संवाददाता

**आजसू बरही विधानसभा प्रभारी ने मारपीट के आरोपों को नकारा**



**बरही।** सामाजिक कार्यकर्ता, सद्भावना विकास मंच अध्यक्ष सह आजसू बरही विधानसभा प्रभारी राजसिंह चौहान ने तथाकथित मारपीट के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि उनकी बढ़ती लोकप्रियता को कुछ सफेदपोशों को नहीं आ रास। उन्होंने कहा कि विरोधियों के द्वारा सोची समझी साजिश के तहत उन्हें बदनाम करने की प्रयास किया जा रहा है। अपने ऊपर लगाए गए मारपीट व छेड़छाड़ के आरोप को बेबुनियाद बताते हुए कहा है कि वह आज तक किसी से व किसी तरह के लड़ाई झगड़ा से कोई मतलब नही रहा भीऔर यदि है तो उसे साबित करना होगा। बताया कि स्वयं सद्भावना विकास मंच जैसे सामाजिक संस्था के अध्यक्ष होने के नाते क्षेत्र में जनसेवा व समाजसेवा में पूरी भागीदारी रहती है।क्षेत्र के सभी पर्व त्योहारों में वह अपनी टीम के साथ क्षेत्र भ्रमण कर लोगो को शांति व्यवस्था बनाने को लेकर प्रेरित करते है।बताया कि घटना के दिन स्वयं के किसी प्रोजेक्ट को लेकर रांची में थे।जिसके प्रमाण मेरे पास उपलब्ध है।

### रामगढ़ में मारवाड़ी युवा मंच ने लगाया कई प्याऊ

रामगढ़। मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ कैंट शाखा की अनूठी पहल कड़ी धूप को देखते हुए मंच की ओर से अमृत धारा परियोजना के तहत मारवाड़ी धर्मशाला के अलावा शहर के विभिन्न स्थानों में प्याऊ लगवाया गया है। प्यासे रहगिरों को गर्मी में राहत मिलगी और शीतल पेयजल का आनंद लेंगे। मौके पर अध्यक्ष निलिन्द अग्रवाल ने बताया कि मारवाड़ी युवा मंच हमेशा नेक कार्यों के लिए अग्रसर रहता है। जरूरत पड़ी तो शहर के अन्य क्षेत्रों में प्याऊ लगाया जाएगा। मारवाड़ी धर्मशाला के प्याऊ का शुभारंभ मंच के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर अध्यक्ष निलिन्द अग्रवाल, सचिव आशीष अग्रवाल, कोषाध्यक्ष धीरज बंसल, श्रींजय मेवाड़, संतोष गोकुलका, अमित अग्रवाल, आशीष मिमानी, लोकेश बगड़िया, वरुण बगड़िया, राकेश अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, आशीष जैन, राहुल जैन, पंकज अग्रवाल, रचित अग्रवाल, निखिल अग्रवाल आदि मौजूद थे।

# राष्ट्रसेवा की प्रेरणा के लिए रोज फहराएं तिरंगा : जिंदल

खबर मन्त्र संवाददाता



**बिहु महोत्सव पर गुवाहाटी के नरेंगी मिलिटरी स्टेशन पर फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने फहराया विशाल तिरंगा**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र के पूर्व सांसद नवीन जिन्दल ने आह्वान किया है कि भारतवासी राष्ट्रसेवा की निरंतर प्रेरणा लेने के लिए रोज तिरंगा फहराएं। उन्होंने कहा है कि तिरंगा लैपल पिन, रिस्ट बैंड के माध्यम से भी हम राष्ट्र के प्रति अपनी निष्ठा का प्रदर्शन कर सकते हैं। तिरंगा हमें राष्ट्र निर्माण में योगदान करने के लिए प्रेरित करता है। श्री जिंदल का यह संदेश बिहु महोत्सव के शुभ अवसर पर असम की राजधानी गुवाहाटी के नरेंगी मिलिटरी स्टेशन में विशाल ध्वज फहराए जाने के उपलक्ष्य में फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जनरल अशीम कोहली (रि.) ने पढ़ें। उन्होंने कहा कि अमेरिका में प्रबंधन की पढ़ाई के दौरान नवीन जिन्दल को प्रेरणा मिली कि राष्ट्रीय ध्वज रोज फहराने से देश के लिए कुछ करने की प्रेरणा मिलती है। अमेरिका में रहते हुए ही उन्होंने प्रतिदिन तिरंगा फहराना शुरू कर दिया। वहां से भारत लौटकर उन्होंने रायगढ़ में अपनी फैक्ट्री का कामकाज संभाला और नियमित रूप से तिरंगा फहराना चाहा तो प्रशासन ने उन्हें रोक दिया। उसके बाद श्री जिन्दल ने 10 साल कानूनी लड़ाई लड़ी और 23 जनवरी 2004 को सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया, जिसमें प्रतिदिन पूरे सम्मान के साथ तिरंगा फहराना भारतवासियों का मौलिक अधिकार बन गया। इसके अलावा सांसद के रूप में नवीन जिन्दल ने नेशनल ऑनर एक्ट-1971 में संशोधन कराने की पहल 2005 में की और जिसके परिणामस्वरूप हमें प्रतिदिन कमर के ऊपर तिरंगा धारण करने का अधिकार मिला। इसी तरह केंद्र सरकार से अनुमति मिलने के बाद हरियाणा के कैथल में 2009 में फ्लैग फाउंडेशन ने पहला 207 फुट ऊंचा विशाल ध्वज फहराया। गुवाहाटी मिलिटरी स्टेशन पर फहराया गया यह झंडा फ्लैग फाउंडेशन की ओर से लोकार्पित 107वां विशाल ध्वज है। हालांकि नवीन जिन्दल की पहल से प्रेरणा लेकर 700 से अधिक विशाल ध्वज देशभर में लगाए जा चुके हैं, जो दुनिया के किसी भी देश में लगाए गए झंडों की संख्या से अधिक है। अपनी स्थापना के बाद से ही फाउंडेशन देशवासियों को हर घर तिरंगा-हर दिन तिरंगा के लिए निरंतर प्रेरित कर रहा है।

## एक नजर में

### बरही : तीन बच्चों की मां प्रेमी संग फरार

बरही। प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत के कोरियाडीह निवासी 35 वर्षीय महिला 2 दिनों से गायब है। कोरियाडीह निवासी 35 वर्षीय महिला अचानक बिन कुछ कहे सुने अपने घर से 2 दिन पहले दोपहर करीब 12 बजे अपने दो पुत्र एवं एक पुत्री को घर पर ही छोड़ कर भाग गई। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन करने पर बताया जाता है कि गांव के ही किसी लड़के के साथ उसकी प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिसे लेकर पूर्व में भी एक पंचायत की गई थी, लेकिन लड़की के भाग जाने के बाद जब लड़के के बारे में पता किया गया तो बताया जाता है कि वह भी लड़का 2 दिनों से गायब है। लड़की के घरवालों का कहना है कि हमारी बहू को उस लड़के के द्वारा जबरन भगा कर ले गया है। काफी खोजबीन करने के बावजूद जब उन्हें अपनी बहू के बारे में कोई पता नहीं चल पा रहा है। वही छोटे-छोटे बच्चों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है। जब लड़की के मोबाइल नंबर पर संपर्क किया जा रहा है तो मोबाइल स्विच ऑफ आ रहा है। जिससे घर वाले काफी परेशान हैं, परिजनों ने थाना से न्याय की गुहार लगाई गई है।

### पशुओं से लदा पिक जब्त, दो गिरफ्तार

**बरही।** हथगड्डा से एक बोलेरो पिकअप वैन संख्या डब्लूबी 37 डी 7992 में अवैध रूप से गोवंशीय पशुओं को क्रूरता पुर्वक लोड कर वध करने के उद्देश्य से बंगाल ले जाने की मिली सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नाजिर अख्तर बरही के नेतृत्व में गठित टीम के द्वारा पहरिया मोड के पास हथगड्डा की ओर से आने वाले वाहनो के जांच के दौरान उक्त बोलेरो पिकअप वैन में 10 गौवंशीय पशुओं को लोड किया हुआ पाया गया। उक्त बोलेरो पिकअप वैन संख्या डब्लूबी 37 डी 7992 को ले जा रहे दो व्यक्तियों को पकड़ा गया। छापामारी दल में पु.नि. सह थाना प्रभारी ललित कुमार, पु.अ.नि. लक्ष्मण बोबोंगा, स.अ.नि. पंच किस्कु, हवलदार श्याम कुमार हांसदा, आरक्षी गुड्डू कुमार, आरक्षी बब्लू कुमार शामिल है।

### शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी जोरों पर

**चरही** ।चरही मंडाटांड़ में सात दिवसीय श्री-श्री 1008 हनुमंत एवम शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ की तैयारी जोरों पर है। भगवती मंदिर और शिवालय को रंग रोगन कराया जा जा चुका है। महायज्ञ स्थल का निर्माण भी कराया जा रहा है।इस कार्य में महायज्ञ समिति के लोग यज्ञ सफल बनाने के दिन-रात लगे हुए हैं।महिला भी इस कार्य में तन मन धन के जुटी हुई हैं।बुधवार को हनुमान जी और शिव परिवार की मूर्तियां को आगमन होते ही सैकड़ों महिला पुरुषों श्रद्धालुओं के जय श्री राम,जय हनुमान और हर-हर महादेव के गगन भेदी नारों से गूंज उठा पूरा चरही क्षेत्र।

### केरेडारी में पारा 40 पार, धूप से लोग परेशान

**केरेडारी।** कई वर्षों के बाद माह अप्रैल में ही पर 40 पार देखा जा रहा है । धूप इतनी तेज कि लोगों का जीना दुर्लभ्य हो गया है । इतनी तेज धूप और गर्म हवा तो लोग भूल ही गए थे । किंतु मोसम ने लिया करवट बदली और तेज धूप और गर्म चलती हवा का लोगों का एहसास कराया। इस धूप में लोगों को पीने के पानी के लिए परेशान होते देखा जा रहा है । मजबूरी में लोग पानी की बोतल एवं अन्य ठंढाई खरीद कर पीते देखें गए है। जिस प्रकार से ठंढ की मौसम में आवाला की व्यवस्था होती है उसी प्रकार से नगर परिषद कि और से स्थान विशेष पर जल की व्यवस्था होनी चाहिए।

### लारा में गायत्री महायज्ञ को लेकर बैठक

**चरही/चुरचू ।** चुरचू पंचायत के लारा गांव में बुधवार को गायत्री महायज्ञ को लेकर लारा उत्क्रमित म.वि.के मैदान बैठक हुई। बैठक में प्रखंड के अंगों चनारो सहित कई पंचायतों के समाजसेवी जनप्रतिनिधि और महिला-पुरुष शामिल हुए। सभी ने बारी-बारी से अपनी बातों को रखा। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि,गायत्री महायज्ञ पूजन कार्यक्रम ग्राम लारा में अगामी 15 मई से 17 मई तक किया जायेगा। इसके लिये समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष अनिल कुमार,उपाध्यक्ष पद खागेश राम,सचिव शिव कुमार, कोषाध्यक्ष जुगल चंद्रवंशी को चयनित किया गया है। इस कार्यक्रम में चुरचू पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सहदेव किस्कू, चनारो मुखिया ब्रज बिहारी महतो,सांसद प्रतिनिधि अनूप भाई वर्मा, गायत्री पीठ के कार्यकर्ता सीताराम चंद्रवंशी, समाजसेवी प्रवील यादव,जितेंद्र चंद्रवंशी चानो,वार्ड सदस्य संतोष टूडू ,रामदेव चंद्रवंशी,मांझी समाज के प्रधान कैलू टूडू सुनील टुडू, पुनीत चंद्रवंशी, राम प्रसाद चंद्रवंशी, केसो चंद्रवंशी अजय कुमार, शंभू गोप, होरिल राम, योगेश कुमार, संजय कुमार, धनेश्वर करमाली सहित कई लोग उपस्थित थे।

### फुसरी में नौकरी को ले ग्रामीणों ने की बैठक

चरही ।सीसीएल तापिन साउथ परियोजना के तहत फुसरी गांव के रैयतों ने सिंघाड़ा टोला में नौकरी को लेकर बैठक का अयोजन किया ।इस बैठक में परियोजना पदाधिकारी एके दिवाकर,मैनेजर एसके सिंह ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू हुए। ग्रामीणों ने खासकर जमीन के बदले नौकरी लेने को लेकर बात कहीं। ग्रामीणों ने बताया कि नौकरी के लिए ग्रामीणों ने पिछले 11 वर्ष पूर्व प्रबंधन को आवेदन दिया जा चुका है ।लेकिन अभी तक ग्रामीणों को नौकरी नहीं मिल पाई है। नौकरी संबंधित फाइल को हेड क्वार्टर दरभंगा हाउस रांची से वापस लौटकर परियोजना कार्यालय में पहुंच गई है ।परियोजना में पूछने पर बताया जाता है कि नौकरी के आवेदन के लिए पुन:आवेदन देना होगा ।साथ ही अंचल कार्यालय से सत्यापित वंशावली का प्रमाण देना होगा। ग्रामीण बताते हैं कि वंशावली सत्यापित के लिए अंचल कार्यालय चुरचू जानें पर अंचल अधिकारी के द्वारा बताया गया कि वंशावली सत्यापित करने के लिए अंचल कार्यालय में कोई रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है। जिससे इसकी जांच किया जाए। ग्रामीणों ने परियोजना अधिकारी के समक्ष नौकरी के आवेदन पर जल्द से जल्द प्रबंधन को फाइल आगे बढ़ाने को कहा जाय। मौके पर झामुमो केन्द्रीय सदस्य रामकिशोर मुर्मू, मोर्चा सचिव मन्नू टुडू, संजय मुर्मू, सोनाराम मांझी, बिरसा टुडू, राजेश सोरेन, सुनील हेमब्रोम, शिवा टुडू, जयराम मांझी, बिरसा टुडू, सहित गांव के कई महिला- पुरुष उपस्थित थे।

### बड़कागांव में ट्रेड लेबर यूनियन की बैठक

बड़कागांव ।कोयला खदान संघर्ष समिति ट्रेड लेबर यूनियन की एक अहम बैठक कार्यालय बसरिया मोहल्ला बड़कागांव में की गई जिसमें गोंडल पूरा कॉल ब्लॉक में दलालों द्वारा अदानी कंपनी को प्रश्रय देने का यूनियन ने विरोध किया। बैठक में निर्णय लिया गया की अगर कंपनी के लोग गोंदल पूरा के रैयतों के साथ जोर जबरजस्ती करेगी तो ट्रेड लेबर यूनियन उसके लिए आंदोलन करने को बाध्य होगी ।जिस तरह एनटीपीसी द्वारा रैयतों को ठगने का कार्य किया गया उसी तरह कंपनी गोंदल पूरा के ग्रामीणों को ठगने का प्रयास कर रही है । हम ट्रेड लेबर यूनियन कंपनियों से मांग करते हैं की अस्थानीय लोगों को 75फीदी रोजगार से जोड़ा जाए। ऐसा नहीं करने पर हम कोयला खदान संघर्ष समिति ट्रेड लेबर यूनियन आंदोलन के लिए बाध्य हो जाएंगे। बैठक में अध्यक्ष शिव कुमार ओझा गुलाब ठाकुर सहित यूनियन के सदस्य मौजूद थे। उक्त आशय की जानकारी ट्रेड यूनियन के मीडिया प्रभारी संजय कुमार पासवान ने दी।

### सीएसआर मद से फुसरी में दो डीप बोरिंग

**चरही ।**भीषण गर्मी को देखते हुए पीने की पानी के लिए सीसीएल हजारीबाग एरिया के द्वारा सीएसआर मद से तापिन साउथ परियोजना के समीप फुसरी गांव स्थित लुदू मांझी के घर के पास डीप बोरिंग का नारियल फोड़ कर उद्घघाटन किया गया। यहां से पानी का आपूर्ति फुसरी और माइंस से सटे गांव सिंघाड़ा टोला तक पहुंचाया जाएगा ।माइनिंग एरिया होने के कारण सिंघाड़ा टोला में पानी का स्तर नीचे चला गया है। वही दुसरी बोरिंग फुसरी के 44 मोड़ के पास किया गया। यहां से पानी का आपूर्ति बोरवा टोला होते हुए सिंघाड़ा टोला तक पहुंचाया जाएगा। इस अवसर पर तापिन साउथ परियोजना मैनेजर एसके सिंह, पर्सनॉल मैनेजर वरुण कुमार, रामलखान कुमार, मैनेजर सिविल, क्षितिज अग्रवाल, लैंड रेवेन्यू ऑफिसर, पियूष कुमार, मैनेजर सीडी, निर्भय दुबे, झामुमो केन्द्रीय सदस्य रामकिशोर मुर्मू, मन्नू टुडू, गणेश मांझी, बिटका मांझी, संजय मुर्मू, प्रमोद सिंह, करीनाथ महतो, सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

**स्पीड न्यूज**

## नाबालिग से दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



जारी। थाना क्षेत्र के श्रीनगर निवासी जितेंद्र कुमार (32) पिता केश्वर साहू को जारी पुलिस ने गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्त पर नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने का आरोप है। गिरफ्तार जितेंद्र कुमार 11 अप्रैल 2023 को चैनपुर से अपने गांव आने की क्रम में शंख नदी जंगल के पास नाबालिक लड़की को जबरदस्ती हाथ पकड़ कर जंगल की ओर खींच कर ले गया और नाबालिक के जबरन दुष्कर्म किया और वहां से फरार हो गया था। ग्रामीणों के द्वारा घटना को लेकर जारी पुलिस को सूचना दिया गया था। जारी पुलिस घटनास्थल पहुंची तो वहां से जितेंद्र कुमार साहू फरार हो चुका था। वही नाबालिक लड़की को चेकअप के लिए अस्पताल केंद्र भेजा गया और अभियुक्त के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज पीड़ित ने कराया था।

## सेन्हा : श्री विधि से मोटा अनाज की खेती करने के बारे में बताया गया

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में कृषि विज्ञान केन्द्र, प्रखंड कृषि विभाग तथा कृषि कम्पनी का संयुक्त बैठक आयोजित कर श्री अन्न की खेती के लिये मोटे अनाज को बढ़ावा देने पर चर्चा किया गया। आयोजित बैठक में प्रखंड कृषि पदाधिकारी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि केन्द्र सरकार का नीति आयोग के द्वारा वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय श्री अन्न वर्ष घोषित किया गया है। जिसके तहत क्षेत्र के अनुसार मडुवा, मकई, गोंदली जैसे मोटा अन्न का उत्पादन को बढ़ावा देने के बारे में जानकारी दिया गया। साथ ही कहा गया। कि भारत सरकार का नीति आयोग के द्वारा श्री अन्न के तहत मोटा अनाज में मडुवा, गोंदली, मकई का खेती करने के लिये किसानों को उन्नत किस्म का बीज पूर्ण अनुदान के तहत दिया जायेगा, जिसके लिये केंद्र सरकार के द्वारा लोहरदगा जिला को लगभग 2 करोड़ रुपैया आबंटन किया गया है। जिसे सभी किसानों को पूर्ण अनुदान पर बिज उपलब्ध कराया जायेगा। मोटे अनाज में मडुवा,मकई,गोंदली जैसे अनाज को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण के द्वारा परियोजना का क्रियान्वयन के लिये क्रय व प्रस्ताव हेतु मेसर्स टेक्नो सॉफ्टवेयर प्राइवेट लिमिटेड कार्य एजेंसी को निविदा के आधार पर कार्यरत एजेंसी को कार्य निष्पादन का निर्देश दिया गया है। मौके पर जिला पदाधिकारी राहुल रंजन पांडेय, सौरभ भारती, एटीएम स्नेहलता भगत, बीटीएम प्रिता रानी के अलावे देवप्रताप यादव, राजेन्द्र नायक, जगदीश लकड़ा, प्रकाश महतो, संगीता कुमारी, एतवा उरांव, भीम यादव, सुषमा उरांव सहित सभी कृषक मित्र उपस्थित थे।

## 13 को लोहरदगा सिविल कोर्ट में लगने वाली लोक अदालत की तैयारी जोरों पर



**लोहरदगा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार आगामी 13 मई को लगने वाले नेशनल लोक अदालत को लेकर लोहरदगा सिविल कोर्ट में तैयारी जोरों पर है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल ने मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं अन्य न्यायिक दंडाधिकारियों के साथ नेशनल लोक अदालत को लेकर बैठक की जिसमें सीजेएम चंदन, वरीय कोटि जज अर्चना कुमारी, प्रधान मजिस्ट्रेट पूजा कुमारी लाल, एसडीजेएम राज कल्याण, न्यायिक दंडाधिकारी एस एन तिग्गा शामिल हुए। वर्ष के द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु योजनाबद्ध तरीके से काम करने को लेकर सभी को आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किये। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार ने बताया कि 13 मई के पहले पक्षकार अपने-अपने मामले को निष्पादित कराने के लिए संबंधित कोर्ट और जिला विधिक सेवा प्राधिकार कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। सभी कोर्ट ने रिकॉर्ड को चिह्नित कर पक्षकारों को नोटिस भेज रहा है। ज्यादा लोगों को इसका लाभ मिल सके इसके लिए कार्य किये जा रहे हैं।

## मनरेगा से करीब 20 एकड़ भूमि में लगी आम बागवानी जलकर खाक



**घाघरा।** प्रखंड के कुगाव और चढ़या गांव के दर्जनों किसानों ने बुधवार को बीडीओ विष्णु देव कच्छप से कार्यालय कक्ष में मुलाकात कर जलने से नष्ट हुए आम बागवानी की क्षतिपूर्ति की मांग की। इस क्रम में लिखित आवेदन बीडीओ को किसानों द्वारा सौंपा गया। किसानों ने बताया कि मनरेगा के तहत कुगाव गांव में 20 एकड़ भूमि में आम बागवानी की गई थी। जिसमें 14 मार्च 2023 को लगभग 11 बजे आग लग गई थी। जिससे सभी आम के पौधे जल गये। किसानों द्वारा बरसात का इंतजार कर देखा गया लेकिन वर्षा होने के बाद भी उक्त पौधों में किसी भी तरह का मंजर नहीं निकला और जो भी पुराने मंजर थे वह खत्म हो गए। लोगों को विश्वास था कि पानी आने के साथ वह ठीक हो जायेगा। लेकिन सभी लगे पौधे सूख गये। बीडीओ विष्णु देव कच्छप ने कहा कि जांच के बाद आगे की कार्यवाई की जायेगी। आवेदन सौंपने वाले ग्रामीणों अभिमन्यु सिंह बलकवती कुजूर, सोमरा उराव,क्लेस्वर उराव,पुनई उराव, बहुरा भगत, बिरी उरांव सहित कई किसान शामिल थे।

## बालिका मवि की पाकशाला से मध्याह्न भोजन का अनाज और बर्तन की चोरी

**भरनो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीयकृत बालिका मध्य विद्यालय में मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने पाकशाला एवं स्टोर रूम का ताला तोड़कर मध्याह्न भोजन बनाने के सामान के साथ चावल, अंडा, तेल मसाला चोरी कर ली। संयोजिका सोनिया गुप्ता ने बताया कि आठ डेग, ढक्कन, साढ़े चार क्विंटल एमडीएम का चावल, पांच भरा सिलेंडर, दो गैस चूल्हा, एक कार्टून अंडा, दस किलो चना, 60 किलो दाल, बारह लीटर रिफाइन आदि की चोरी हुई। प्रचार्या स्नेहा कुमारी ने बताया कि बीते 17 अप्रैल को भी इस विद्यालय परिसर से सिंटेक्स और छड़ की चोरी कर ली थी। जिसे लेकर वाट्सएप से थाना प्रभारी को चोरी की घटना से अवगत कराया था। परन्तु पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गयी। फकस्वरूप फिर चोरी हुई।

# नक्सल प्रभावित गुमला की 159 पंचायतों में बन रही लाइब्रेरी

- जिला स्तरीय, अनुमंडल स्तरीय और प्रखंड स्तरीय लाइब्रेरी का कार्य भी चल रहा है तेजी से
- उपायुक्त गुमला के प्रयास से जिले के होनहार विद्यार्थियों को अब मिल सकेगा पढ़ने का अवसर
- लाइब्रेरी का उपयोग कर विद्यार्थी अपने जीवन के लक्ष्य को कर सकेंगे हासिल, मिलेगी मदद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिले में हुए उत्कृष्ट कार्यों के चलते पूरे देश के आकांक्षी जिलों में अव्वल स्थान हासिल किया। जिसके लिए जिले पीएम अवार्ड मिलने जा रहा है। उपायुक्त सुशांत गौरव के जिन प्रयासों ने जिले को श्रेष्ठ प्रशासनिक कार्यों की श्रेणी में लाते हुए झारखंड के लिए एक इतिहास रचा। उन कार्यों की सूची में लाइब्रेरी क्रांति भी शामिल है।

गुमला जिला एक नक्सल प्रभावी सुदूरवर्ती क्षेत्र है। जहां 65.73 प्रतिशत साक्षरता दर है। वहीं यदि महिलाओं की साक्षरता देखे तो 55.90 प्रतिशत है जो पुरुषों के अनुपात में लगभग 25 प्रतिशत कम है। उपायुक्त सुशांत गौरव की पहल से यूं तो शिक्षा के क्षेत्र में कई बड़े बदलाव किए गए हैं । लेकिन लाइब्रेरी क्रांति की पहल ने देश भर में जिले को एक पहचान देने के साथ साथ जिले वासियों को एक बेहतरीन पढ़ने का माहौल दिया है। जिले में हर कस्बे एवं गांव गांव तक शिक्षा की पहुंच हो उसके लिए उपायुक्त सुशांत गौरव की पहल से जिला स्तरीय, अनुमंडल स्तरीय, प्रखंड स्तरीय, पंचायत स्तरीय लाइब्रेरी का निर्माण किया जा रहा है।

जिले में 159 पंचायत स्तरीय पुस्तकालय, 11 प्रखंड स्तरीय, 3 अनुमंडल स्तरीय एवं 2 जिला स्तरीय (गर्ल्स एंड बॉयज) पुस्तकालय का निर्माण किया जा रहा है। टोटो पंचायत स्तरीय लाइब्रेरी में नियमित रूप से पढ़ने आने वाली कक्षा 8 वीं की छात्रा शोभा कुमारी बताती है कि वो आगे जाकर एक इंजीनियर बनना चाहती है। जिसके लिए वह आज से ही पढ़ाई को महत्व दे रहीं है। घर पर पढ़ाई का माहौल नहीं होने से एकाग्रता के साथ पढ़ना बेहद मुश्किल होता है।



विशुनपुर प्रखंड में बना भव्य लाइब्रेरी भवन।

### लाइब्रेरी बनने से क्या होगा फायदा

लाइब्रेरी के बन जाने से वे अब अपनी पढ़ाई की नियमितता को बनाए रखती है साथ ही पुस्तकालय में उनके आवश्यकता अनुसार सभी पुस्तके उपलब्ध है जिससे उन्हें बेहद आसानी होती है। पुस्तकालय में एक बेहतर माहौल देखने को मिलता है। जिला पंचायती राज डीपीएम बताती है कि उपायुक्त सुशांत गौरव के पहल से पूरे जिले के 159 पंचायतों के पंचायत भवनों में पुस्तकालय का निर्माण किया जा रहा है। पंचायत पुस्तकालय के संचालन हेतु समिति का भी गठन किया गया है जिनके द्वारा पुस्तकालय के नियमित रूप से खोलने, साफ-सफाई एवं सभी सुविधाओं को दुरुस्त रखने में सहायता होती है। सभी पुस्तकालय में वाइफाई की सुविधा के साथ साथ टीवी भी लगाया गया है जिसमे कोर्स संबंधित रिकॉर्डेड वीडियो एवं ज्ञानवर्धी चैनलों को चलाए जाते हैं। घाघरा स्थित महात्मागांधी प्रखंड स्तरीय लाइब्रेरी में नियमित रूप से पढ़ने आने वाली निधि कुमारी बताती है कि वह प्रतियोगिता पढ़ाई के लिए तैयारी कर रहीं है। उक्त लाइब्रेरी के खुल जाने से उनके तैयारी हेतु सभी पुस्तके मिल जाती है जिसे बाहर से खरीद पाना संभव नहीं था। जिले वासियों को तोहफे के रूप में समर्पित इन सभी पुस्तकालयों के निर्माण से न केवल बच्चों में पढ़ाई की एक नई ऊर्जा जगी है बल्कि आने वाले समय में जिले का एक बदलता स्वरूप देखने को मिलेगा। नक्सल प्रभावी क्षेत्र से उठ के जिले को शिक्षा की नगरी गुमला बनाने का उपायुक्त सुशांत गौरव प्रयास है।

### भौरो के रूद्र महायज्ञ में सांसद सुदर्शन भगत ने भी डाली आहुति, बोले

# मानवीय सद्भावनाओं को ऊंचाई देता है रूद्र महायज्ञ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भंडरा।** प्रखंड के शहीद पांडे गणपत राय के जन्म स्थाल भौरो में आयोजित पांच कुंडत्मक शिव शक्ति रुद्र महा यज्ञ सह शिव लिंग प्राण प्रतिष्ठा में स्थानीय सांसद सुदर्शन भगत शामिल हुए। उन्होंने दर्शन पूजन आरती किये एवं संध्या कार्यक्रम का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किये। यज्ञ के पांचवें दिन मानव कल्याण के लिए चल रहे रुद्र महायज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आहुति डाली। कार्यक्रम मे पहुचे सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि सृष्टि में धर्म मार्ग पर चलने के लिए भारत के ऋषि मुनि व तपस्वियों ने यज्ञ का महत्व बताया है। रुद्र महायज्ञ मानव कल्याण, मानवीय सद्भावनाओं को ऊंचाई देने, मानव को मानव के करीब लाने, मानव को धर्म मार्ग पर चलने, मानव के अंदर दिव्य गुणों को जागृत करने और वातावरण को प्रदूषण मुक्त करने के लिए किया जाता है।



यज्ञ में शामिल होते लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत व अन्य।

**खास बातें :** रुद्र महायज्ञ करने वालों को परम सौभाग्य प्राप्त होता है। उनमें भक्ति भावना, भक्ति करने की ललक, प्रभु के प्रति समर्पण और आत्म कल्याण के साथ-साथ मानव कल्याण की मंगल कामनाओं को पूरा किया जा रहा है। देश व क्षेत्र के कल्याण के लिए ऐसे आयोजन होनी चाहिए। मौके पर भाजपा प्रखंड अध्यक्ष विवेक सोनी, सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल, जिला महामंत्री बालकृष्ण सिंह, पूर्व अध्यक्ष राजू शर्मा, थाना प्रभारी गौतम कुमार, दुखहरण साहू, शिवशंकर साहू, अमरेश कुमार, पंकज साहू, वीना देवी, कर्मराज साहू, बिंदेश्वर महतो, चंदन कुमार, बिनोद प्रजापति, विष्णु सिंह आदि सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# चुमनू के निधन से कांग्रेस को बहुत बड़ी क्षति हुई है: डॉ रामेश्वर उरांव

- दिवंगत कांग्रेसी नेता चुमनू उरांव के परिजनों से मिले वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** कांग्रेस के दिवंगत नेता स्व. चुमनू उरांव के परिजनों से बुधवार को वित्त सह खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव उनके घर सिलम पहुंचे थे। मौके पर श्री उरांव ने कहा कि स्व चुमनू उरांव लोगों की मदद और सरलता से मिलते थे। वे सब के दिलों में जिंदा है और चुमनु उरांव की सोच के अनुरूप इसे आगे बढ़ायेंगे। उनका सपना पूरा करेंगे। मंत्री ने कहा कि चुमनु उरांव के नहीं रहने से परिवार के ऊपर दुखों का जो पहाड़ टूटा है। उससे कहीं ज्यादा हमारी पार्टी और संगठन के लिए तकलीफदेह है। वे मेरे विश्वास पात्र व्यक्ति थे। मंत्री ने मृतक के पुत्र व परिजनों के साथ लगभग एक घंटे आवास पर सभी परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढाढ़स बंधाया और हरसंभव मदद का अश्वासन दिया। मंत्री स्व उरांव की पत्नी श्वेता उरांव व पुत्र रोहित उरांव, भतिजा राजु उरांव, संजु उरांव एवं पूरे परिवार से मिले। साथ ही परिसदन भवन गुमला में सभी कांग्रेसी नेता, कार्यकर्ताओं एवं टाना भक्तों का डिलीगेट से मिले एवं हर संभव मदद करने के बाद कहीं। मौके पर जिलाध्यक्ष चैतु उरांव, प्रदेश प्रतिनिधि आशिक अंसारी प्रदेश सचिव रमेश कुमार, नगर परिषद अध्यक्ष दीप नारायण उरांव, रायडीह प्रखंड अध्यक्ष इस्माइल कुजूर, गुलाम सरवर,राजू रंजन महतो, हंदु भगत, तरुण गोप, रोहित उरांव, सुनील उरांव, अल्बर्ट तिग्गा, अरुण गुप्ता, विशुन राम, खालिद साह, मो कलाम आलम व कई कांग्रेसी मौजूद थे।



स्व चुमनू उरांव की पत्नी से वार्ता करते मंत्री रामेश्वर उरांव।

## डीएवी पब्लिक स्कूल में मनी महात्मा हंसराज की जयंती

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में महात्मा हंसराज की जयंती धूमधाम से मनाई गई। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहू ने कहा कि महात्मा हंसराज का योगदान भारतीय समाज में अमूल्य है। उन्होंने शिक्षा और दर्शन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किये हैं। डीएवी शिक्षण संस्थान ने देशभर में एक अलग पहचान बनायी है। इसका पूरा श्रेय महात्मा हंसराज को जाता है। शिक्षा और समाज में किये गये उनके कार्य आनेवाली पीढ़ी के लिए एक प्रेरणास्रोत है। महात्मा हंसराज की जयंती पर विद्यार्थियों ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की शुरुआत हवन तथा महात्मा हंसराज के चित्र पर पुष्पार्चन के साथ की गयी। मौके पर एक पोट्रेट मेकिंग प्रतियोगिता भी करायी गयी। कार्यक्रम में सुपरवाइजरी हेड पवित्र कुमार मोहंती, संजुक्ता खटुआ, दुर्गेश पाठक, श्री पार्थ प्रतिम मैती, श्री मिथिलेश कुमार दुबे सहित शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थी।

## सहायक अध्यापक संघ की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**भंडरा।** भंडरा सहायक अध्यापक संघ की बैठक बुधवार को बीआरसी भवन के समक्ष अंथोनी मिंज की अध्यक्षता में की गयी। जिसमें प्रखंड के सभी सहायक अध्यापकों ने भाग लिया। बैठक में प्रखंड के सहायक अध्यापकों ने कहा कि सहायक अध्यापकों को वेतनमान इपीएफ से जोड़ने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने हेतु सहायक अध्यापकों को एकजुट होना होगा। सहायक अध्यापकों ने कहा कि भंडरा प्रखंड के प्रमुख बरिया देवी ने जिस तरह 6 से 8 की अनुशंसा करने में भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया, वे उनकी ओछी मानसिकता को दर्शाता है। सहायक अध्यापकों का कहना है कि प्रमुख द्वारा अनुशंसा में किये गये व्यवहार से सहायक शिक्षको में भरी रोष है। सहायक अध्यापकों ने कहा कि अब समय आ गया है कि हमें एकजुट रहना होगा। अगला बैठक 5 मई 2023 को रखा गया है। जिसमें सहायक अध्यापकों के शोषण के विरुद्ध एकजुटता बनाए रखना जरूरी है। बैठक में मुख्य रूप से 4% वृद्धि में आ रहे सहायक अध्यापकों का विभाग द्वारा जल्द शैक्षिक एवं प्रशैक्षणिक प्रमाण पत्रों की जांच कराया जाये।

## ईद को लेकर गुमला थाना में शांति समिति की बैठक



**गुमला।** ईद उल फितर को लेकर बुधवार को गुमला थाना परिसर में अंचलाधिकारी केके मुंडू के नेतृत्व में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में धूमधाम से पर्व मनाने का निर्णया लिया गया। बैठक में शामिल सदस्यों ने रमजान के पवित्र माह में जलापूर्ति नहीं किये जाने का मामला उठाया गया। साथ ही बैठक में मांग की गई कि पानी आपूर्ति हेतु दो मशीन की व्यवस्था की जाए। ताकि जलापूर्ति की समस्या उत्पन्न न हो। वहीं बैठक में पर्व को लेकर सबो से मिलजुलकर व भाईचारगी के बीच पर्व मनाने की अपील की। गुमला पुलिस के द्वारा किसी तरह की अप्रिय घटना होने पर तत्काल थाना को सूचित करने की अपील की गई। वहीं सोशल मीडिया पर पर्व के दौरान पुलिस के द्वारा विशेष निगाह रखने की बात कही गई। किसी भी प्रकार के भ्रामक मैसेज पर कार्रवाई करने की बात कही गई। बैठक में नगर परिषद अध्यक्ष दीपनारायण उरांव, पुअनि मो. मोजम्मील, रमेश कुमार चीनी, मो. मिन्हाजुद्दीन, हिमांशु केसरी, शमीम खान, निर्मल गोयल, दामोदर कसेरा, आफताब आलम लाडले, मो इमत्याज, साय्यदा खातुन, ज्योति वर्मा, आशिक अंसारी, फिरोज आलम, राजेश गुप्ता, बबलू वर्मा, अमन आनंद, सरजू प्रसाद साहू आदि उपस्थित थे।

## महात्मा जी के जीवन आदर्श से ही वास्तविक उन्नति : जीपी झा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** जुरिया स्थित एमबी डीएवी विद्यालय में महात्मा हंसराज जयंती मनायी गयी। मौके पर प्राचार्य जी पी झा ने कहा की 19 शताब्दी के अंत में जिन्होंने शिक्षा व समाज सेवा के क्षेत्र में सर्वाधिक कार्य किया। उनमें महात्मा हंसराज जी का नाम बहुत ऊंचे स्थान पर है। उन्होंने डीएवी शिक्षा संस्थानों की स्थापना करने के साथ-साथ अछूतोद्धार क्षेत्र में भी अपना योगदान दिया। उन्होंने अपना सारा जीवन ही शिक्षा और समाज सुधार हेतु अर्पित कर दिया ।कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा जी की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। संगीत शिक्षक श्रवण कुमार पाठक द्वारा मनोरम भजन प्रस्तुत किया गया।

## बाइक सवार को कार ने मारा धक्का, गंभीर स्थिति में रिम्स रेफर

**गुमला।** थाना क्षेत्र के टोटो मेन रोड में खड़ी बाइक में सवार टोटो निवासी सतन प्रसाद का 20 वर्षीय पुत्र रवि कुमार को तेज रफ्तार कार सवार ने जोरदार टक्कर मार दिया। घटना के तत्काल बाद परिजनों ने घायल को सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया है। जहां उपचार के उपरांत गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे रांची रिम्स रेफर कर दिया। जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया कि रवि बाइक खड़ा करके उसमें बैठा हुआ था। तभी घाघरा की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने धक्का मार

## नाबालिग को आत्महत्या के लिए उकसाने वाली महिला गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** नाबालिग युवती को आत्महत्या के लिए प्रेरित कर दबाव बनाने के आरोप में महिला थाना की पुलिस ने शहरी क्षेत्र के ढोड़ा टोली बस स्टैंड निवासी कलावती देवी को गिरफ्तार कर जेल भेजी है। कलावती देवी के विरुद्ध महिला थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। गिरफ्तार महिला का पुत्र राजकुमार साहू महिला थाना कांड संख्या 28/ 22 में दुष्कर्म और पोक्सो एक्ट के तहत जेल की हवा खा रहा है।

**खास बातें :** महिला कलावती देवी की गिरफ्तारी शहर में चर्चा का विषय है। जानकारी के अनुसार कलावती देवी का पुत्र राजकुमार साहू (28) का सदर थाना क्षेत्र के जोरी आनंदपुर गांव निवासी एक नाबालिग युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। लंबे समय तक यौन शोषण के बाद युवती ने विवाह के लिए राजकुमार पर दबाव बनाया। इस पर प्रेमी राजकुमार विवाह से मुकर गया। पीड़ित युवती ने विवाह के लिए राजकुमार साहू के परिजन से संपर्क किया। प्रेमी के परिजन भी विवाह करने से मुकर गए। युवती द्वारा प्रेमी राजकुमार साहू से गहरा प्रेम करने का दावा किया गया। इस पर राजकुमार साहू की माता कलावती देवी ने प्यार को साबित करने के लिए युवती को कुआं में डूब कर आत्महत्या करने के लिए प्रेरित किया।

## सलगी पंचायत में मुखिया ने 1 लाख 39 हजार की अवैध निकासी पर उपायुक्त से की शिकायत

**कुडु।** प्रखंड के सलगी पंचायत में 14 वें वित्त आयोग से मुखिया द्वारा अवैध राशि निकासी का मामला प्रकाश में आया है। जिसे लेकर डीसी से शिकायत की गई है। डीसी को दिये गये आवेदन में कहा गया है की प्रखंड के पंचायत सलगी के मुखिया सुमित्रा देवी के द्वारा 14वें वित्त आयोग की राशि पंचायत सचिव एवं कार्यकारिणी समिति को बिना जानकारी दिये निकासी कर लिया गया है, और इसका कोई भी रिकार्ड नहीं रखा गया है। पंचायत सचिव द्वारा इस विषय पर पूछने पर उसे कोई जानकारी नहीं दी गई और कहा गया कि इस राशि संचालन मुखिया खुद अपने तरीके से करेगी किसी कि सहमति की आवश्यकता नहीं है और उनके पति बिरेन्द्र भगत जो कि स्वयंसेवक का काम करते हैं उन्हें ठेकेदार बना दिया है और उन्हीं के खाते से सरकारी राशि का संचालन होता है। किसी के कुछ कहने से अपनी दबंगई से काम निकालने का कार्य करते है। मुखिया और मुखिया पति के इस रवैये से आम जनता काफी परेशान हैं। आवेदन में बताया कि 22 मार्च 2023 को 56415 और 29 मार्च को 41210और 42200 रुपये की अवैध निकासी की गयी। कुल 1,39,825 रुपये की अवैध निकासी की जा चुकी है। साथ ही इसी तरह ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के पैसे भी मुखिया पति के निजी खाते में डाले जाते हैं। पंसस और पंचायत सचिव ने डीसी से जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

### अकांक्षी प्रखंड डुमरी के सुदृढ़ीकरण को लेकर बीडीओ ने की समीक्षा बैठक

# शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने की बनी रणनीति

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**डुमरी।** आकांक्षी प्रखंड योजना को तहत पंचायत को सुदृढ़ीकरण करने को लेकर प्रखंड सभागार में बीडीओ एकता वर्मा की अध्यक्षता में बैठक हुई। जहां शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य विकास योजनाओं में काम करने पर जोर दिया गया।

बीडीओ ने कहा कि अकांक्षी प्रखंड डुमरी में योजना के क्रियान्वयन किया जाना है। जिसके संचालन के लिए सभी लोगों के सहयोग करने की जरूरत है। जिसके तहत पंचायत स्तर में शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य योजनाओ को सुदृढ़ करना है। अभी तक कुल 17 कुपोषण बच्चे चिन्हित किए गए हैं। इसके तहत पंचायत स्तर पर पोषण मित्र बनाना है। इन सभी बच्चों को जनप्रतिनिधियों द्वारा एक एक बच्चों को गोद लेने कहा गया ताकि उनका देखरेख सही ढंग से हो सके। आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को पढ़ाने के यूनिक सिस्टम को अपनाया जायेगा। जिसके लिए प्रखंड के कटारी, दीना और श्रीनगर जारी का चयन किया गया है। जिसके तहत बच्चें आवाज के माध्यम से जानने और सीखने की कोशिश करेंगे।



बैठक में शामिल बीडीओ व अन्य।


**खास बातें :** एएनएम सीएचओ से 20 से 30 अप्रैल तक एनसी, प्रसव जांच, टीकाकरण का डोर टू डोर सर्वे करना है। साथ ही पंचायत के सारा काम अब पंचायत भवन में ही होना है। इसके लिए भवन में प्रज्ञा केंद्र, पानी, बिजली शौचालय सहित वहां के सभी व्यवस्था को को दुरुस्त किया जायेगा। भवन की देखरेख के लिए एक व्यक्ति नियुक्त किया जायेगा। वहां बैठक कर धरातल स्तर पर योजना बनेगी, जहां आधारभूत संरचना के साथ मूलभूत सुविधाओं पर फोकस है। बैठक में प्रमुख जीवंती एक्का, जिप सदस्य मरियानुस तिग्गा, उपप्रमुख हबिल टोप्पो, पंसस बेला देवी, मुखिया इगनासियुस मिंज, ज्योति बहेर देवी, नीलम एक्का आदि थे।

# भंडरा : मवेशी को नहलाने गये वृद्ध की डैम में डूबने से मौत, गांव में पसरा मातम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भंडरा।** प्रखंड के नंदनी डैम में डूबने से एक 70 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर गांव में मातम पसर गया। घटना बुधवार सुबह आठ बजे की है। जानकारी के अनुसार कचमची गांव के स्व मंगला महतो के 70 वर्षीय पुत्र अनु महतो अपने भैंसों को नहलाने नंदनी डैम गया था। मवेशियों को नहलाने के क्रम मे अनु महतो गहरे पानी की ओर चला गया और इसी कारण वह डैम मे डूब गया। गांव के लोग डैम के किनारे पहुंचते, तब तक काफी देर हो चुकी थी। लोगों ने मिलजुल कर वृद्ध अनु के शव को पानी से बाहर निकाला।

### अत्यंत ही गरीब परिवार के मुखिया थे अनु



मृतक का शव।

बता दें कि अनु महतो अत्यंत ही गरीब हैं। वह खेती बाड़ी कर अपना गुजर बसर करते था। अनु के तीन बेटे दूसरे प्रदेश में काम कर अपना भरण पोषण करते है। फिलहाल अनु के बेटे गांव मे हि है। घटना की सूचना मिलते ही अनु के परिजन काम को छोड़कर डैम पहुंचे। और अनु के शव पर दहाड़े मार कर रोने लगे। अनु के मौत की खबर से पूरा इलाका गम में डूब गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय मुखिया टेले उरांव कचमची पहुंचे और मृतक के परिवार ढांढ़स बढ़ाया और सरकारी लाभ दिलाने मे हर संभव मदद करने भरोसा दिलाया। इधर, सूचना मिलने के बाद पहुंची भंडरा पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेज कर अग्रेतर कार्रवाई में जुट गयी है।

# भाजपाई षड्यंत्र के खिलाफ जनसभा का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** बुधवार को धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान, जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में भाजपाई षड्यंत्र के द्वारा देश के लोकतांत्रिक व्यवस्था को ध्वस्त करने के विरोध में एवं उनके कुकृत्य व तानाशाही रवैया का पदार्फाश करने को लेकर लुबी सर्कुलर रोड स्थित पुराना कांग्रेस कार्यालय से हजारों की संख्या में कांग्रेसजन पैदल मार्च करते हुए समाहरणालय पहुंचकर समाहरणालय का घेराव एवं जनसभा कार्यक्रम आयोजित किया गया, उक्त कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह व जिला कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसजन मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पर जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि केंद्र की तानाशाह मोदी सरकार द्वारा हम सभी के लोकप्रिय नेता आदरणीय श्री राहुल गांधी जी की संसद की सदस्यता रद्द किए जाने के बाद यह तय हो गया कि लोकतंत्र खतरे में है,बाबा साहब अंबेडकर जी के द्वारा दिए गए संवैधानिक अधिकार खतरे में है,देश में अभिव्यक्ति की आजादी को खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है,ऐसे में हम सभी को दायित्व है कि लोकतंत्र को बचाने के लिए एकजुट होकर एक लंबी लड़ाई लड़ने के लिए हम सभी को तैयार रहने की जरूरत है, कांग्रेस पार्टी आए दिन धरना-प्रदर्शन, नुक्कड़ सभा, रैली आदि कर जनता को केंद्र सरकार की




तानाशाही रवैया एवं उनके कुकृत्यों से लोगों को अवगत कराने का काम करेगी।

कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह, जिला कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी,माधव सिंह, रवींद्र वर्मा, वैभव सिन्हा, मनोज यादव, दुर्गा दास, अब्दुल करीम अंसारी, बी के सिंह, नवनीत नीरज, योगेंद्र सिंह योगी, लक्ष्मण तिवारी, अक्षयवर प्रसाद, कयूम खान, गुड्डू खान, दिनेश यादव भगत सिंह रामचंद्र शर्मा, पिंटू तुरी, मनोज सिंह, मंटू दास, नंदलाल पासवान, सतपाल सिंह ब्रोका, कुमार गोरव, सीता राणा, गोपाल कृष्ण चौधरी, जहीर अंसारी, राजू दास, हुमायूं रजा ,जितेश सिंह, दिलीप मिश्रा, पप्पू पासवान, पप्पू कुमार तिवारी,बबलू दास, प्रसाद निधि, वकील बाऊरी,संजय जायसवाल, अशोक वर्णवाल, दुलारी देवी, जावेद रजा, गुड़िया देवी, अवधेश पासवान, डेविड सिंह ,विजय पासवान, अजय कुमार, डीएन यादव, मनोज हाडी, जयप्रकाश चौहान, रत्नेश यादव, बलराम महतो, मृत्युंजय सिंह रंजीत पांडे, इम्तियाज अली, कामता पासवान, सत्येंद्र शर्मा, विकास सिंह, गैरूल हसन, जियाउल हुसैन, राम रहीम, राहुल राज, डॉ संतोष राय, इरफान खान चौधरी, बाबू अंसारी सोनू खान अफजल खान, पूरनेन्दु सिंह, दीपक सिंह, रवि चौबे, रामवृक्ष यादव, जितेंद्र शर्मा, आशीष सिन्हा, बबीता शर्मा, सविता देवी, साहिर खान, अरविंद सैनी, सिकंदर ए आजम, सूरज वर्मा असलम अंसारी, बबलू दास शरीफ अंसारी, अमरजीत कुमार, मधु मोदक, भास्कर झा, अर्जुन भूइंया, मधु फिलिप, नूतन विश्कर्मा, सुखदेव हांसदा, श्यामल भंडारी, प्रीतम रवानी, अशोक मालाकार निवारण महतों, मेघु यादव, अमन गुप्ता, श्याम कुमार साव, हरीशचंद्र दुबे, नवीन पासवान, अजय पांडे, गीता सिंह, लक्ष्मी देवी, हेमंती देवी, रुबी खातून, सुनीता देवी, कुसमी देवी, राकेश पासवान, रवि दत्ता, विश्वनाथ बाऊरी, गणेश महतो, अजय पासवान, शकील अहमद, गोपाल रविदास, देवेश सिन्हा, अजय कुमार, मधुसूदन पंडित, राहुल पासवान, रणवीर कुमार, भोलू पासवान, टिंकू चौधरी, नवल बाऊरी, वासुदेव टूडू, सुनील भारती, विष्णु प्रमाणिक, सतीश किस्कू, नंदन, अमित सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## एमआर टीकाकरण शिविर का शुभारंभ

**बाघमारा।** बुधवार को झारखण्ड सरकार द्वारा चलाए जा रहे खसरा एवम रुबेला टीकाकरण अभियान के तहत पीयूष विहार ,हरिना स्थित संस्कार ज्ञानपीठ 10+2 विद्यालय में टीकाकरण शिविर लगाया गया। टीकाकरण शिविर का शुभारम्भ विद्यालय के निदेशक डा मुकेश कुमार राय एवम सिस्टर सुजाता ने संयुक्त राय से दीप प्रज्ज्वलित कर किए। इस अभियान के तहत विद्यालय में आज उपस्थित 458 बच्चो को टिका लगाया गया। टीकाकरण अभियान का निरीक्षण करने बाघमारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डा मनीष कुमार एवम स्वास्थ्य अधिकारी डा अरविंद सिंह पहुंचे। टीकाकरण टीम के सदस्य सिस्टर सुजाता कुमारी, मुक्ति लता किंडो ,सहिया चमेली देवी एवम अनुराधा देवी आदि रहे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में निदेशक नीरजा राय, आनंद कुमार गौतम, नीरज रावत, रुचि कुमारी, श्वेता शुक्ला आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## डॉ एएस गंगवार ने दीपांश के बच्चों में बांटी कॉपी-किताबें



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. एएस गंगवार ने अभिवंचित वर्ग के बच्चों के शिक्षार्थ संचालित दीपांश शिक्षा केंद्र के कक्षा एक के नवनामांकित विद्यार्थियों के बीच स्कूल बैग सहित कॉपी, किताब और सभी आवश्यक स्टेशनरी सामग्रियों का वितरण किया। उन्होंने बच्चों को नए शैक्षणिक सत्र में बेहतरीन प्रदर्शन के प्रति अपनी शुभकामनाएं देते हुए मन लगाकर पढ़ाई करने का संदेश दिया। झुग्गी-झोपड़ियों में रहनेवाले इन बच्चो ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। छात्र संतोष कुमार ने आज का विचार और गौतम कुमार ने समाचार-वाचन किया।

मंच संचालन छात्रा सृष्टि और छात्र अमित ने किया। केंद्र की प्रभारी सरिता गंगवार ने बताया कि लंबे समय से डीपीएस बोकारो दीपांश के जरिए समाज के अभिवंचित एवं निर्धन बच्चों में विद्यालय के अत्याधुनिक संसाधन व सुविधाओं के साथ मुफ्त शिक्षा का अलख जगा रहा है। पढ़ाई के अतिरिक्त बच्चों को संगीत, नृत्य, वादन, कंप्यूटर आदि की शिक्षा भी जाती है।

## शतरंज व कैरम में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**बोकारो।** डीपीएस चास में दो दिवसीय इंटर हाउस शतरंज व कैरम प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें स्कूल के चारों सदनों गंगा, यमुना, सतलज और चेनाब के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कैरम में चेनाब हाउस का दबदबा रहा तो शतरंज में सतजल हाउस के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।मौके पर डीपीएस चास की चीफ मेंटर डॉ. हेमलता एस. मोहन ने कहा कि बच्चों के भविष्य



संवारने के लिए यह स्कूल हर विद्यार्थी को एक उचित मंच प्रदान करता है। विद्यार्थी कड़ी मेहनत और लगन से अभ्यास करें, तो वे राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में भी सफलता प्राप्त कर सकते हैं। कार्यवाहक प्राचार्या दीपाली भुस्कुटे ने कहा कि प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए कैरम में 4-5 कक्षा के गर्ल्स में चेनाब हाउस की अंशिका प्रथम, चेनाब की ही सौम्या यादव द्वितीय,गंगा की श्रेयांशी तृतीय रही।

## आरएसपी कॉलेज के जर्जर भवन को लेकर एबीवीपी ने दिया ज्ञापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** बुधवार को बलियापुर नगर आरएसपी कॉलेज के जर्जर भवन के सुधार के लिए बलियापुर नगर मंत्री राहुल मिश्रा के नेतृत्व में ज्ञापन जेआरडी के पदाधिकारी को दिया गया। जिसमें प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुधांशु प्रसाद गुप्ता ने कहा कि - वहां आए दिनों कभी भी छत का प्लास्टर गिरता रहता है। जिससे हमेशा आशंका बनी रहती है कि कभी भी किसी विद्यार्थी या किसी व्यक्ति को उससे चोट ना लगे, और कोई बड़ी दुर्घटना ना हो। जिसके सुधार के लिए विधार्थी परिषद मांग करती है।जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित जिला सयोंजक अंशु तिवारी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुधांशु प्रसाद गुप्ता, महानगर विस्तारक गोविंद साव, महानगर मंत्री नीरज निखिल आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जेपी हॉस्पिटल में स्व. जोशना मंडल की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

### स्वास्थ्य जांच एवं साड़ी-धोती का वितरण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** बुधवार को जेपी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के चेयरमैन प्रदीप मंडल की पत्नी स्व. जोशना मंडल की पुण्यतिथि पर सामाजिक एवं स्वास्थ्य कार्यक्रमों का भव्य आयोजन कोला कुसमा, मेझला डीह, बाईपास बलियापुर रोड स्थित जेपी हॉस्पिटल में किया गया। कार्यक्रम में सांसद पीएन सिंह बतौर मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह,मानस प्रसून,भाजपा युवा जिलाध्यक्ष अमलेश सिंह,रुपेश सिन्हा तमाल राय सुमित अन्य उपस्थित हुए। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने स्व. जोशना मंडल की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके व्यक्तित्व व कृतित्व को याद किया। समारोह में जेपी हॉस्पिटल के चेयरमैन प्रदीप मंडल, हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक नित्यानंद मंडल, शहर के कई गणमान्य लोग तथा हॉस्पिटल के डॉक्टर्स, नर्स, कर्मीगण उपस्थित हुए। इस अवसर पर सांसद पीएन सिंह ने कहा कि जेपी हॉस्पिटल स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपनी बेहतर सेवा प्रदान कर उल्लेखनीय कार्य कर रहा है।

धनबाद के अलावे आसपास के जिलों से भी लोग यहां इलाज कराने आते हैं। मरीजों का खास ख्याल रखने वाले इस अस्पताल प्रबंधन को विशेष तौर से धन्यवाद देता हूं। इस पुण्यतिथि के अवसर पर हेल्थ चेकअप कैंप, ब्लड डोनेशन कैंप, जरूतमंद महिला पुरषों के बीच साड़ी एवं धोती वितरण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था।

## सीआईएसएफ ने की छापेमारी बरामद किया अवैध कोयला

**कतरास।** अंगार पथरा ओपी क्षेत्र अंतर्गत केजरीवाल आउट सोर्सिंग स्थित शिव मंदिर के समीप कतरी नदी में अवैध कोयले के मुहाने खोलकर कोयले का कारोबार संचालित किया जा रहा है, इस कारोबार में अंसारी और यादव की जुगल जोड़ी से क्षेत्र के लोगों में हड़कंप व्याप्त हो रहा है। बताते चले कि 1995 के भयंकर बाढ़ कतरी नदी के उफान के बाद कई मजदूर जल समाधि हो गए थे। उससे पूर्व वही पर कतरी नदी फट जाने के कारण दरारों में काफी पानियों का बहाव हुआ था जिसे चेतुडीह कोलियरी, रामकनाली कोलियरी, अंगार पथरा 20 फिट के खदानों में पानी घुसकर तबाही मचाया था। समय रहते अगर इस पर करवाई नहीं हुआ तो आने वाला समय में क्षेत्र की जनता को जल समाधि होने से कोई नहीं रोक सकता है। बाघमारा अंचल के सीओ को भी कई बार कतरी नदी में हो रहे गंदगी और अवैध मुहाने कर कोयले निकाले जाने की सूचना मौखिक रूप से लोगों द्वारा दिया जा चुका है। वहीं बुधवार को सोशल मीडिया पर या खबर चलने के बाद जैसे पीठ टीम ने उपरोक्त स्थल पर छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध कोयला बरामद किया है।

## कर्ण गोष्ठी ने निदेशक प्रभारी को किया सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो कर्ण गोष्ठी ने महिला कर्ण गोष्ठी के साथ बीएसएल के निदेशक प्रभारी के सेल चेयरमैन चयनित होने पर उनके निवास पर उन्हें मिथिला का पाग पहनाते हुए शॉल एवं डोपटा ओढ़ाकर सम्मानित किया। साथ ही उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान कर जहां उनके मान-सम्मान की वृद्धि की कामना की।

महिला कर्ण गोष्ठी बोकारो की ओर से उन्हें मिथिला पेंटिंग भी प्रदान किया गया। मौके पर अपने उद्गार में श्री प्रकाश ने कहा कि मेरे कैरियर की शुरूआत बोकारो संयंत्र से हुई थी, इसलिए यहां से मेरा अंतरंग लगाव है। मैं इस प्लांट को 12 मिलियन टन क्षमता का करने



का पूर्ण प्रयास करूंगा। उन्होंने अपने इस सम्मान कार्यक्रम के लिए पूरे कर्ण गोष्ठी परिवार बोकारो का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन एसएन दास ने तथा धन्यवाद ज्ञापन अनिल कुमार कर्ण ने किया। मौके पर पुष्पा रानी कर्ण, कामेश्वरी दास, नीलम प्रकाश, रूपम रंजन, बिंदु दास, पूनम लाल, प्रभा कंठ, पूनम दास, वैजयंती चौधरी, रीता दास, बिमला मल्लिक, यूएमएल दास, सुनील कुमार, अमरनाथ लाल दास रूद्र नारायण लाल, राजेंद्र मल्लिक, रतन मल्लिक, शुभेंदु प्रकाश, अमरेंद्र चौधरी, परिणव कुमार, अविनाश कुमार, अमन आरूज्य, उमेश दास, अशोक कुमार लाल दास, राजीव कंठ आदि उपस्थित थे।

## अफवाहें फैलाने वाले के खिलाफ कठोर कार्रवाई: मनीष

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झरिया।** ईद पर्व शांति पूर्ण रूप से मनाने को गंगा जमुना तहजीब का पगाम लेकर बोर्रागढ़ ओपी परिसर में आयोजित शांति समिति का बैठक में जुटे हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई धर्म के लोग। उन्होंने कहा कि सभी धर्म एकसाथ मिल कर होली, दुर्गा पूजा या मुहर्रम व ईद आपसी भाईचारा के साथ मनाते है। जोकि इस वर्ष भी कायम रहेगा। बैठक ओपी प्रभारी मनीष कुमार के अध्यक्षता में शांति समिति का बैठक हुई। इस दौरान थानेदार नेकहाकि किसी प्रकार की अफवाह को नजर अंदाज कर भाईचारा केसाथ त्योहार मनाये। कहा कि अफवाहें फैलाने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई किया जायेगा। सुन्नी बक्फ बोर्ड कमेटी के सचिव मुजीव अंसारी, इंतेजामिया कमेटी का अध्यक्ष मो. असलम, मकसुद अंसारी, अब्दुल रजाक, शेख असलम, लारा अंसारी, शशि सिंह, भोलू नोनिया, पंकज तिवारी, मो. सुल्तान, कमाल खान, लीलु देवी, सरिता देवी, मधु देवी, पुतुल देवी, प्रेम सिंह, विनोद सिंह, अबुसीद, परवेज खान, सुनील सिंह, शशी सिंह, विनोद कुमार सिंह, राजेश सिंह, रंजन आदि थे।

## पेयजल समस्या के समाधान के लिए उपायुक्त ने की बीसीसीएल, टाटा सहित अन्य कंपनियों के साथ बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** गर्मी के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति की समस्या के समाधान के लिए उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री संदीप सिंह ने आज समाहरणालय के सभागार में भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल), टाटा स्टील, मैथन पावर लिमिटेड (एमपीएल), ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल), हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (हर्ल), एसीसी सहित अन्य कंपनियों के साथ बैठक कर गर्मी के दौरान आपसी समन्वय बनाकर लोगों को पेयजल उपलब्ध कराने पर विचार विमर्श किया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी कंपनियों से उनके क्षेत्र में आम लोगों को गर्मी के दौरान सुचारू रूप से कैसे जल सप्लाई किया जाता है, की समीक्षा की। बीसीसीएल ने कहा कि वे गर्मी के दौरान अपने आसपास के क्षेत्रों में 49 ट्रक माउंटेड टैंकर द्वारा पानी की सप्लाई करते हैं। इसके अलावा विभिन्न क्षेत्रों में लगे 208 हैंडपंप से लोगों को पानी मिलता है।

उपायुक्त ने बीसीसीएल को आम जनों के लिए टैंकर की अलग व्यवस्था रखने, किस क्षेत्र में आमजन के लिए कितने टैंकर चलेंगे, उसकी विस्तृत सूची जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

एमपीएल ने कहा कि वे आसपास के 21 गांव में तीन टैंकर से जलापूर्ति करते हैं। इसके अलावा कंपनी के 17 सोलर वॉटर टैंक कार्यरत है। जिससे लोगों को

### सभी से किया गया जलापूर्ति करने के लिए टैंकर की संख्या बढ़ाने का अनुरोध



जलापूर्ति की जाती है। चार आरओ प्लांट भी लगाए गए हैं। टाटा स्टील ने बताया कि वे आसपास के 42 गांव में फिल्टर वाटर सप्लाई करते हैं। 14 गांव में साल भर टैंकर से पानी की सप्लाई करते हैं। नियमित रूप से चापानल की मेंटेनेंस की जाती है। वहीं भूगर्भ जलस्तर बढ़ाने के लिए छह स्थानों पर वाटर हार्वेस्टिंग किया गया है। कंपनी के पास वर्तमान में 6 टैंकर है।

**एसीसी ने बताया कि विगत सात :** आठ साल में उन्होंने 152 हैंडपंप लगाए हैं। साल भर उसकी मरम्मत और रखरखाव करते हैं। सभी हैंडपंप चालू स्थिति में है। राजा बस्ती में पानी की समस्या को देखते हुए उपायुक्त ने वहां टैंकर से पानी सप्लाई करने का अनुरोध किया। ईसीएल ने कहा कि माइंस क्वारी के पास फिल्टर प्लांट लगाए गए हैं। वहां से आस-पास के गांव में पानी सप्लाई किया जाता है। रामकनाली पंचायत में अत्यधिक समस्या होने के कारण वहां दो डीप बोरिंग बनाने की योजना है। हर्ल ने बताया कि 2019 से एफसीआई की पाइप लाइन से लोगों को पानी की सप्लाई की जाती है। इससे लगभग दो लाख की आबादी को पानी मिलता है। कंपनी द्वारा पाइपलाइन सहित सभी संसाधनों का नियमित रूप से रखरखाव किया जाता है। उपायुक्त ने कहा कि अभी गर्मी का अधिकतम दौर है। इसलिए आमलोगों की पानी की समस्या के समाधान के लिए सभी जिला के समन्वय से लोगों को पेयजल उपलब्ध कराएं। साथ ही उन्होंने सभी से जलापूर्ति करने के लिए टैंकर की संख्या बढ़ाने का अनुरोध किया। इसके अलावा सभी कंपनियों से विगत 5 वर्षों का सीएसआर एक्टिविटी रिपोर्ट उपलब्ध कराने तथा वित्तीय वर्ष 2023 - 24 का सीएसआर एक्शन प्लान भी तैयार करने को कहा। बैठक में उपायुक्त संदीप सिंह, उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, जिला योजना पदाधिकारी महेश भगत, पीएचईडी एक के कार्यपालक अभियंता मनीष कुमार, बीसीसीएल, टाटा स्टील, मैथन पावर लिमिटेड, ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड, एसीसी सहित अन्य कंपनियों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## खबरें बिहार की

### सदाकत आश्रम में कांग्रेस की इफ्तार पार्टी, सीएम सहित कई नेता शामिल

**पटना।** बिहार में अभी इफ्तार पार्टी का दौर चल रहा है। बुधवार की शाम पटना में कांग्रेस की इफ्तार पार्टी में विपक्ष के महागठबंधन के तमाम नेता के साथ विपक्ष के नेता भी शामिल हुए। बिहार के सीएम नीतीश कुमार और डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव भी पार्टी मे शामिल हुए। यह कार्यक्रम सदाकत आश्रम में आयोजन किया गया। इफ्तार पार्टी में सीएम और डिप्टी सीएम के अलावा जाप प्रमुख पप्पू यादव, हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीतन राम मांझी, जदयू कोटे से मंत्री लेसी सिंह, विजय चौधरी, जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा समेत कांग्रेस के तमाम वरिष्ठ नेता मौजूद रहे. सीएम नीतीश कुमार का काफिला पहुंचा तो कांग्रेस बिहार प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह उनका स्वागत किया।

**सियासी इफ्तार पार्टी :** बिहार में रमजान महीने के साथ सियासी इफ्तार पार्टी का भी आयोजन हो रहा है। इससे पहले सीएम नीतीश कुमार ने इफ्तार पार्टी का आयोजन किया था, इसके बाद जदयू और इसके बाद राजद की ओर से इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया था। इसके बाद पूर्व सीएम जीतन राम मांझी ने भी इफ्तार पार्टी का आयोजन किया था, जिसमें सीएम नीतीश कुमार और डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव शामिल हुए थे। इससे पहले राजद की इफ्तार पार्टी में कई विपक्षी नेता भी पहुंचे थे, जिसमें सबसे ज्यादा चर्चा में जमुई सांसद चिराग पासवान थे। चिराग पासवान के शामिल होने के बाद बिहार में सियासी माहौल गर्म हो गया था। कयास यह भी लगाया जा रहा था कि चिराग महागठबंधन में शामिल होने वाले हैं, जिसपर चिराग ने जबाव भी दिया था। एक बार फिर कांग्रेस की इफ्तार पार्टी के माध्यम से विपक्ष को महागठबंधन के दलों की ताकत दिखायी। नीतीश कुमार पहली बार सदाकत आश्रम में दावत ए इफ्तार में शामिल हुए।

### स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी

**पटना ।** कई बार देखा गया है कि अफसरों के रवैये पर कोर्ट ने नाराजगी जाहिर की है। एक बार फिर से पटना हाई कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। अदालती आदेश का पालन नहीं करने के मामले में राज्य के स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव के विरुद्ध जमानती वारंट जारी किया है। डा. राकेश रंजन की अवमानना वाद पर सुनवाई करते हुए जस्टिस पी वी बजंत्री ने यह आदेश दिया। दरअसल, कोर्ट ने एक याचिकाकर्ता डॉक्टर के प्रोन्नति के मामले 17 दिसंबर, 2021 को एक आदेश पारित किया था। कोर्ट के आदेश का पालन नहीं किये जाने पर याचिकाकर्ता ने अवमाननावाद दायर किया। इसके बाद कोर्ट ने 5 अप्रैल 2023 को स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अमृत प्रत्यय को आज मामले के सारे सम्बंधित रिकार्ड व कागजात के साथ उपस्थित होने का आदेश दिया था। हालांकि आज भी अमृत प्रत्यय कोर्ट के समक्ष उपस्थित नहीं हुए। इससे कोर्ट काफी नाराज हो गया। इस पर कोर्ट ने उनके खिलाफ जमानती वारंट जारी कर दिया। इस मामले की अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद की जायेगी। कोर्ट में याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता शशि भूषण कुमार ने पक्ष रखा। वहीं राज्य सरकार की ओर से सरकारी अधिवक्ता सूरज देव यादव ने कोर्ट के समक्ष पक्षों को प्रस्तुत किया। अब ऐसे में दो सप्ताह बाद जब सुनवाई की जाएगी उसमें अमृत प्रत्यय प्रस्तुत होते हैं कि नहीं इसपर सबकी निगाह टिकी रहेगी।

### जहरीली शराब कांड के दोषियों को फास्ट ट्रैक कोर्ट से दिलायेंगे सजा : मंत्री

**पटना।** मोतिहारी जहरीली शराब कांड के बाद प्रभारी मंत्री सुनील कुमार बुधवार को वहां पहुंचे। उन्होंने अलग-अलग विभागों के मंत्री के साथ बैठक की और कहा कि यह बहुत हीं दुःखद घटना हुई है। मंत्री ने कहा कि जो भी इस मामले में दोषी होगा, उसके खिलाफ जांच कर स्पीडी ट्रायल करवाकर सजा दिलायी जायेगी।

पूर्वी चंपारण जिला में जहरीली शराब कांड में मृतकों का आंकड़ा बढ़ता रहा। शुरूआत में जिला प्रशासन भी इस मामले को डायरिया का रुप देने में लगा रहा और अधिकारी मीडिया का जबाब देने से बचते रहे। कैमरा पर कुछ बताने के लिए ना डीएम और ना ही एसपी तैयार हुए। शुक्रवार को सामने आई पहली घटना के छठे दिन जिला के प्रभारी मंत्री व मद्य निषेध एवं निबंधन मंत्री सुनील कुमार मोतिहारी पहुंचे और जिला के विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। जहरीली शराब कांड को लेकर आयोजित हाई लेवल मीटिंग में मंत्री सुनील कुमार ने घटना के बारे में जानकारी ली और कई निर्देश दिये। हालांकि, प्रभारी मंत्री के आगमन को लेकर कोई ऑफिशियल जानकारी पत्रकारों को नहीं दी गयी थी। बावजूद इसके बैठक की जानकारी मिलने पर पहुंचे पत्रकारों को मद्य निषेध व निबंधन मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि इस मामले में जो भी दोषी होगा, उसे फास्ट ट्रैक कोर्ट से कड़ी से कड़ी सजा दिलायी जायेगी।

## एक नजर में

### बोकारो के जयदीप को मिली डॉक्टरेट की मानद उपाधि

**बोकारो।** खेल संस्कृति के विकास हेतु सतत प्रयत्नशील अंतर्राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रशिक्षक जयदीप सरकार को संयुक्त राष्ट्र संघ कमीशन की ओर से डॉक्टरेट की मानद उपाधि हेतु चयनित किया गया है। देश में खेल संस्कृति के विकास एवं विस्तार के लिए उन्हें यह गौरवशाली उपलब्धि मिली है। जयदीप ने बताया कि उनकी अभ्यर्थिता स्वीकृत किए जाने यह सूचना सोमवार को उन्हें आधिकारिक ईमेल से दी गई।

### धूमधाम से मना सरहुल परब

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के मंजूरा गांव स्थित नाइया जेहराथान में आदिवासी कुड़मि समाज ने सरहुल पर्व धूमधाम से मनाया। गांव के नाइया जानकी महतो गुलिआर ने परंपरानुसार खीर का भोग चढ़ाने, झागड़ हाड़ी से सर पर पानी डालने आदि विधियों के बाद ग्रामीणों के बीच (सखुआ) का फूल बांटा। मंजूरा गांव में भगता पूजा के उपरांत सरहुल परब मनाने की परंपरा गांव बसने के दौरान से ही पीढ़ी दर पीढ़ी सदियों से चली आ रही है।

### इफ्तार पार्टी में दिखी मजहबी एकता

**बेरमो।** फुसरो बाजार स्थित महतो मार्केट में मंगलवार को यंग ब्लड बेरमो के केंद्रीय अध्यक्ष जावेद खान की ओर से आयोजित इफ्तार पार्टी में मजहबी एकता बखूबी देखने को मिली। रोजेदारों के साथ ही चहिदू धर्म के लोगों ने इफ्तार से पहले हाथ उठाकर देश में अमन शांति की बहाली के लिए दुआ मांगी। इफ्तार से यह संदेश दिया कि देश में हर एक धर्म जाति के लोग मेल मोहब्बत से रहते हैं, यहां नफरत की कोई जगह नहीं है।

### अर्चना अग्रवाल ने किया प्याऊ का उद्घाटन

**बेरमो।** प्रचंड गर्मी में लोगों के सूखे कंठ की प्यास को बुझाने से बड़ा कोई धर्म और पुण्य नहीं। यह कहना था कनिका महिला समिति ढोरी के अध्यक्षा अर्चना अग्रवाल का।अपना बाजार फुसरो के सामने अर्पिता महिला समिति रांची के मार्गदर्शन में कनिका महिला समिति ढोरी द्वारा गर्मी की पहली प्याऊ का उद्घाटन उन्हें राहगीरों को पानी पिलाकर किया।

### खतियान आधारित नीति की मांग पर प्रदर्शन

**धनबाद।** 60/40 नियोजन नीति वापस लेने और खतियान आधारित स्थानीय नीति लागु करने की मांग को लेकर विभिन्न छात्र संगठनों और मुलवासी संगठनों का झारखण्ड बंद का धनबाद में बुधवार को मिला जुला असर देखने को मिला।60/40 नाय चलतो नारे के साथ बंद समर्थक सुबह से ही बंद को सफल बनाने सड़क पर उतरे।तेतुलमारी स्थित शहिद शक्ति नाथ महतो चौक कर नारेबाजी की गई।सरकार को साफ शब्दों में संदेश दिया गया कि किसी भी कीमत में बाहरी को नौकरी बेचने नहीं देंगे झारखंड राज्य झारखंड के युवाओं के लिए है और झारखंड में खतियान के आधार पर नियोजन देना होगा। छात्र नेता अजीत महतो ने कहा बिना खतियान के रोजगार झारखंड में बर्दाश्त नहीं करेंगे.दुकानदारों और ऑटो संचालकों ने आने वाली पीढ़ी के भविष्य को देखते हुए लिए स्वेच्छा से झारखंड बंद में अपना सहयोग दिया।





# लखनऊ ने राजस्थान के जबड़े से छीनी जीत

## थमा रॉयल्स का विजयी रथ

### अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 6 | 4 | 2 | 8 | +1.043 |
| लखनऊ | 6 | 4 | 2 | 8 | +0.709 |
| चेन्नई | 5 | 3 | 2 | 6 | +0.265 |
| गुजरात | 5 | 3 | 2 | 6 | +0.192 |
| पंजाब | 5 | 3 | 2 | 6 | -0.109 |
| मुंबई | 5 | 3 | 2 | 6 | -0.164 |
| कोलकाता | 5 | 2 | 3 | 4 | +0.320 |
| बेंगलुरु | 5 | 2 | 3 | 4 | -0.318 |
| हैदराबाद | 5 | 2 | 3 | 4 | -0.798 |
| दिल्ली | 5 | 0 | 5 | 0 | -1.488 |

**पर्पल कैप**



मार्क वुड
लखनऊ
विकेट: 11

**ऑरेंज कैप**



डु प्लेसिस
बेंगलुरु
रन: 259




**एजेंसी**

**जयपुर।** आइपीएल 2023 में राजस्थान रॉयल्स के जीत का सिलसिला रुक गया है। लखनऊ सुपर जायंट्स ने राजस्थान को उसके घरेलू मैदान सवाई मान सिंह स्टेडियम पर 10 रन से हराया। सलामी बल्लेबाज काइल मेयर्स के अर्धशतक के बावजूद लखनऊ सुपर जाइंट्स की टीम सात विकेट पर 154 रन ही बना सकी। जवाब में यशस्वी जायसवाल और जोस बटलर की जोड़ी ने 87 रन जोड़कर टीम को बेहतरीन शुरूआत दिलाई। लेकिन यशस्वी का विकेट गिरने के बाद ही राजस्थान की पारी पटरी से उतर गई। टीम 20 ओवर में ओवर में 6 विकेट पर 144 रन ही बना सकी। राजस्थान को लगातार तीन जीत के बाद हार मिली है।

**राहुल को मिले दो जीवनदान**

मेयर्स (51) ने दो जीवनदान का फायदा उठाने वाले कप्तान केएल राहुल (39) के साथ पहले विकेट के लिए 82 रन जोड़कर टीम को अच्छी शुरूआत दिलाई। सुपर जायंट्स की रन गति पर रविचंद्रन अश्विन (23 रन पर दो) और ट्रेंट बोल्ट (16 रन पर एक विकेट) ने अंकुश लगाया लेकिन टीम निकोलस पूरन (29) और मार्कस स्टोइनिस (21) के बीच पांचवें विकेट की 45 रन की साझेदारी से स्कोर 150 रन के पार पहुंचाने में सफल रही। रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने सुपर जायंट्स को पहले बल्लेबाजी के लिए न्योता दिया, जिसके बाद मेजबान टीम के गेंदबाजों ने अच्छी शुरूआत की। काइल मेयर्स ने बोल्ट पर पारी का पहला छक्का जड़ा लेकिन इसी ओवर में राहुल दूसरी बार भाग्यशाली रहे। लखनऊ सुपर जायंट्स ने पावरप्ले में बिना विकेट खोए 37 रन बनाए।

### स्कोड़ कार्ड

**लखनऊ : 154/7 (20ओवर )**

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| राहुल को. बटलर बो. होल्डर | 39 | 32 | 4/1 |
| काइली मेयर्स बोल्ड अश्विन | 51 | 42 | 4/3 |
| आयुष बदोनी बोल्ड बोल्ट | 01 | 04 | 0/0 |
| हूड्डा कै. हेटमायर बो. अश्विन | 02 | 04 | 0/0 |
| स्टॉयनिस बो. सैमसन बो. शर्मा | 21 | 16 | 2/0 |
| निकोलस पूरन रन आउट | 29 | 20 | 2/1 |
| क्रुणाल पंडया नाबाद | 04 | 02 | 0/0 |
| युधवीर सिंह रन आउट | 01 | 01 | 0/0 |

**अतिरिक्त** : 06

**विकेट पतन:** 1-82, 2-85, 3-99, 4-104, 5-149, 6-153, 7-154.

**गेंदबाज** : ट्रेंट बोल्ट : 4-1-16-1, संदीप शर्मा : 4-0-32-1, रविचंद्रन अश्विन : 4-0-23-2, युजवेंद्र चहल : 4-0-41-0, जेसन होल्डर : 4-0-38-1.

**राजस्थान:144/6 (20ओवर )**

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जयसवाल कै. खान बो. स्टॉयनिस | 44 | 35 | 4/2 |
| बटलर कै.बिश्नोई बो. स्टॉयनिस | 40 | 41 | 4/1 |
| संजू सैमसन रन आउट | 02 | 04 | 0/0 |
| पडिक्कल कै. पूरन बो. खान | 26 | 21 | 4/0 |
| हेटमायर कै. राहुल बो. खान | 02 | 05 | 0/0 |
| रियान पराग नाबाद | 15 | 12 | 1/1 |
| जुरेल कै. हूड्डा बो. खान | 00 | 01 | 0/0 |
| रविचंद्रन अश्विन नाबाद | 03 | 02 | 0/0 |

**अतिरिक्त** :12

**विकेट पतन:** 1-87, 2-93, 3-97, 4-104, 5-141, 6-141.

**गेंदबाज:** नवीन-उल-हक : 4-0-19-0, युधवीर सिंह : 2-0-27-0, आवेश खान : 4-0-25-3, मार्कस स्टॉयनिस : 4-0-28-2, रवि बिश्नोई : 4-0-25-0, अमित मिश्रा : 2-0-15-0.

## सचिन तेंदुलकर ने की कैमरून ग्रीन की तारीफ

**नयी दिल्ली।** ग्रीन के इस शानदार प्रदर्शन की मुंबई के मेंटर सचिन तेंदुलकर ने जमकर तारीफ की और उन्होंने कहा कि कैमरून ग्रीन की मैच में बड़े शॉट खेलते हुए गलती सकते थे, लेकिन उन्होंने अपने अहंकार को बीच में नहीं आने दिया। ग्रीन की शानदार बल्लेबाजी की तारीफ करते हुए सचिन ने कहा, मुझे लगता है कि मैंने कुछ सीखा है और मुझे लगता है कि हम सभी ने ग्रीन से एक ही संदेश लिया है। वह गेंद को हिट कर सकता था और उसका अहंकार बीच में आ सकता था लेकिन और उसने ऐसा नहीं होने दिया। अहंकार एक ऐसी चीज है जो आपको हमेशा गलत काम करने के लिए प्रोत्साहित करेगी। उसने ऐसा नहीं किया। सचिन ने आगे कहा, ग्रीन ने हमारी टीम के हित के लिए सही रास्ता चुना।






## डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए वॉर्नर टीम में शामिल

**मेलबर्न।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल और इंग्लैंड के विरुद्ध होने वाले शुरूआती दो टेस्ट मैचों के लिये सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर को स्क्वाड में शामिल किया है। सीए के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने बुधवार को इसकी घोषणा करते हुए संवाददाताओं से कहा, श्वह (वॉर्नर) टेस्ट क्रिकेट में हमारे पिछले दो शानदार वर्षों को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीतकर खत्म करना चाहते हैं और फिर एशेज पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं।

## शमीम को अहमदाबाद ओपन में शुरुआती बढ़त

**अहमदाबाद।** दिल्ली के शमीम खान ने बुधवार को यहां पांच अंडर 31 का कार्ड खेलकर एक करोड़ रुपये इनामी अहमदाबाद ओपन गोल्फ टूनार्मेंट में शुरूआती बढ़त हासिल की। श्रीलंका के मिथुन परेरा, बांग्लादेश के जमाल हुसैन, दिल्ली के क्षितिज नवीद कौल, फरीदाबाद के अभिनव लोहान और ग्रेटर नोएडा के अर्जुन भाटी तीन अंडर 33 के समान स्कोर के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर रहे। प्रतियोगिता के पहले दो दौर नौ-नौ होल के हैं। इस तरह से 18 होल के बाद कट लागू होगा। तीसरा और चौथा दौर 18-18 होल का होगा। इस तरह से इस टूनार्मेंट में कुल 54 होल का खेल होगा। पहले दो दौर में पार स्कोर 36 है।

## ग्लोबल चेस लीग के लोगो का अनावरण

**नयी दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) और टेक महिंद्रा के संयुक्त उद्यम ग्लोबल चेस लीग (जीसीएल) ने बुधवार को अपने आधिकारिक लोगो का अनावरण किया। यह लोगो 64 खानों के साथ एक शतरंज बोर्ड जैसा दिखता है। पहली बार जीसीएल के उद्घाटन से '64' दिन पहले लोगो को रणनीतिक रूप से लॉन्च किया गया है।

## पीएचएल में शामिल हुए गोल्डन ईगल्स यूपी- गुजरात

**मुंबई।** भारत के पहले प्रमुख हैंडबॉल टूनार्मेंट 'प्रीमियर हैंडबॉल लीग' (पीएचएल) ने गोल्डन ईगल्स उत्तर प्रदेश और गर्वित गुजरात के रूप में दो नयी टीमों के संयोजन की घोषणा बुधवार को की। आयोजकों ने बताया कि उत्तर प्रदेश की टीम का स्वामित्व अलीगढ़ के पावना ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के पास होगा, जबकि भारत के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रूप कुमार नायडू की अध्यक्षता में गर्वित स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड (जीएसपीएल) गुजरात की फ्रेंचाइजी का मालिक होगा।

## फीबा करेगा ओलंपिक प्री-क्वालीफाइंग टूर्नामेंट का आयोजन

**मिस (स्विट्जरलैंड)।** अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल महासंघ (फीबा) 40 टीमों के लिये 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों का रास्ता खोलने की खातिर इस साल ओलंपिक प्री-क्वालीफाइंग टूनार्मेंट का आयोजन करेगा। फीबा ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि उच्चतम रैंक वाली 12 टीमें जो बास्केटबॉल विश्व कप 2023 क्वालीफायर के दूसरे दौर के लिये क्वालीफाई नहीं कर पायी थीं, और 28 टीमें जिन्होंने दूसरे दौर में भाग लिया लेकिन 32-टीमों के विश्व कप में जगह नहीं बना सकीं, वे सभी टीमें इस आयोजन में हिस्सा लेंगी।

## भारत ने अंडर-17 एएफसी महिला एशियाई कप क्वालीफायर्स के लिए टीम घोषित की

**नयी दिल्ली।** भारत ने किर्गिस्तान के बिश्केक में 24 अप्रैल से शुरू होने वाले महिला अंडर-17 एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर फुटबॉल टूर्नामेंट के पहले दौर के लिये बुधवार को 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की। भारत ग्रुप एफ में है जिसमें मेजबान किर्गिस्तान और म्यांमार भी हैं। भारतीय टीम अपना पहला मैच 26 अप्रैल को मेजबान टीम के खिलाफ खेलेगी और फिर 28 अप्रैल को म्यांमार के से भिड़ेगी। भारतीय टीम को पिछली बार ढाका में सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप में खेली थी जहां टीम तीसरे स्थान पर रही थी। तब से टीम इंदौर शिविर में हिस्सा ले रही है।

**टीम इस प्रकार है:**

**एगोलकीपर:** सारंगथेम खंबी चानू, अनीशा उरांव, खुशी कुमारी।

**डिफेंडर:** येंद्रेमबम थोई थोई देवी, तोइजाम थोईबिसाना चानू, हीना खातून, विक्षित बारा, जूही सिंह, अखिला राजन, आर्य अनिलकुमार, इरोम सोनिबिया देवी।

**मिडफील्डर:** नोंगमेइकापम शिबानी देवी, लोरेम्बम मेनका देवी, शिवानी टोप्पो, बबीता कुमारी, सिंडी रेमरुतपुई कोलनी, श्वेता रानी, सुलंजना राउल, रेमी थोकचोम, ललिता बोयपाई।

**फारवर्ड:** काजल कुमारी, शिलजी शाजी, पूजा।

## चेन्नई के गेंदबाजों ने सुधार नहीं किया तो धोनी पर प्रतिबंध लग जायेगा : वीरेंद्र सहवाग

**नयी दिल्ली।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग का मानना है कि चेन्नई सुपरकिंग्स के गेंदबाज महेंद्र सिंह धोनी को लगातार निराश कर रहे हैं और उन्होंने सीएसके के गेंदबाजों को कमर कसने को कहा जिससे कि इस करिश्माई कप्तान पर प्रतिबंध' के खतरे से बचा जा सके। सुपरकिंग्स ने सोमवार को बेंगलुरू में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ आईपीएल मैच में छह विकेट पर 226 रन बनाए लेकिन टीम को लक्ष्य का बचाव करने के लिए जूझना पड़ा क्योंकि गेंदबाजों ने छह वाइड गेंद फेंकी। सहवाग ने कहा, धोनी खुश नजर नहीं आ रहे थे, क्योंकि वह पहले भी जिक्र कर चुके हैं कि वह चाहते हैं कि गेंदबाज नो बॉल और वाइड की संख्या में कटौती करें। यह इस स्थिति में नहीं पहुंचना चाहिए जहां धोनी पर प्रतिबंध लग जाए और टीम को अपने इस कप्तान के बिना मैदान पर उतरना पड़े। चार बार के आईपीएल चैंपियन सुपरकिंग्स ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ 18 एकस्ट्रा रन रन दिए थे और धोनी ने उन्हें चेताया था कि वे अतिरिक्त रनों में कटौती करें या नए कप्तान के नेतृत्व में खेलने के लिए तैयार रहें। सहवाग ने कहा, धोनी पहले भी वाइड और नो बॉल में कटौती की बात कर चुके हैं और छह वाइड गेंद फेंकना बेहद निराशाजनक है।'

## भारत में खेलों में निजी क्षेत्र की भागीदारी की अब भी काफी गुंजाइश: सरकारी अधिकारी

**नयी दिल्ली।** खेल मंत्रालय में संयुक्त सचिव पीके झा का मानना है कि भारत में खेलों के विकास में निजी क्षेत्र की भागीदारी की अब भी काफी गुंजाइश है। खेल मंत्रालय में संयुक्त सचिव ने फिक्की के कार्यक्रम में कहा, खेल विकास में निजी क्षेत्र की भागीदारी के लिए बहुत सुधार और गुंजाइश है। फिलहाल खेल में ज्यादातर चीजें सरकार द्वारा समर्थित हैं और निजी क्षेत्र को कदम बढ़ाने की जरूरत है। वे मदद के लिए खेल विकास को भी अपना सकते हैं। उन्होंने कहा, यह जमीनी स्तर के विकास के लिए सीएसआर समर्थन का आधार हो सकता है। वर्तमान में प्रमुख पहलू जिस पर ध्यान देने की आवश्यकता है वह प्रतिभा की पहचान और जमीनी स्तर पर प्रतिभा खोज है। भारत के पूर्व क्रिकेटर और वर्तमान में बीसीसीआई की क्रिकेट सलाहकार समिति के सदस्य अशोक मल्होत्रा ने कहा कि कोई भी भारतीय क्रिकेट बोर्ड से सीख सकता है कि अन्य खेलों को लोकप्रिय और आर्थिक रूप से स्वस्थ कैसे बनाया जाए। उन्होंने कहा, बीसीसीआइ से सीख लेनी चाहिए कि वे किस तरह से खेल का विपणन करते हैं। आईपीएल ने अच्छा प्रदर्शन क्यों किया है, क्योंकि इसकी अच्छी मार्केटिंग की गई है और हर किसी को ऐसा करने की जरूरत है।

## इंपैक्ट प्लेयर के कारण ऑलराउंडर का महत्व कम हो गया है: वेंकटेश

**नयी दिल्ली।** कोलकाता नाइट राइडर्स के सलामी बल्लेबाज वेंकटेश अय्यर का मानना है कि आइपीएल में इंपैक्ट प्लेयर के नियम के कारण ऑलराउंडर को गेंदबाजी करने के कम मौके मिल रहे हैं। टखने की सर्जरी के बाद वापसी करने वाले वेंकटेश ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 83 और मुंबई इंडियंस के खिलाफ 104 रन की पारियां खेली थी। वह सभी मैचों में इंपैक्ट प्लेयर के रूप में मैदान पर उतरे। वेंकटेश ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो इंपैक्ट प्लेयर नियम के कारण किसी ऑलराउंडर के ओवरों की संख्या में भारी गिरावट आई है। वेंकटेश ऑलराउंडर हैं लेकिन उन्होंने अभी तक एक भी मैच में गेंदबाजी नहीं की है। उन्होंने कहा, निश्चित तौर पर यदि टीम के पास छठे गेंदबाज के रूप में विशेषज्ञ गेंदबाज है तो वह अपने ऑलराउंडर को नहीं आजमाना चाहते हैं।

## सुदीरमन कप में भारत की अगुवाई करेंगे सिंधु, प्रणय

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधू और विश्व के नंबर नौ खिलाड़ी एचएस प्रणय चीन के सूजौ में 14-21 मई तक होने वाले 2023 सुदीरमन कप में भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे। सीनियर राष्ट्रीय चयन समिति ने हुई बैठक में मिश्रित टीम चैंपियनशिप में पहली बार पदक जीतने के उद्देश्य से एक संतुलित टीम का चयन किया। भारतीय पुरुषों ने पिछले साल प्रतिष्ठित थॉमस कप जीतकर इतिहास रचा था। साल की शुरूआत में एशियाई मिश्रित टीम चैंपियनशिप में भारत के कांस्य पदक जीतने के बाद सुदीरमन कप में पदक आने की उम्मीदें और बढ़ गयीं। भारतीय बैडमिंटन संघ के सचिव संजय मिश्रा ने कहा, सुदीरमन कप एक प्रतिष्ठित टूनार्मेंट है। चयनकताओं ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय परिणामों का अध्ययन करने के बाद सर्वश्रेष्ठ टीम चुनी है। हमें विश्वास है कि यह टीम इस साल पदक के लिये चुनौती पेश करेगी। भारत को सुदीरमन कप के ग्रुप सी में मलेशिया, चीनी ताइपे और ऑस्ट्रेलिया के साथ रखा गया है। उनका पहला लक्ष्य संभावित मुश्किल ग्रुप से नॉक-आउट चरण में जगह बनाना होगा। चोट के कारण एशियाई मिश्रित टीम चैंपियनशिप से बाहर रहने वाले सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की वापसी से पुरुष युगल टीम को मजबूती मिलेगी, जबकि अनुभवी अश्विनी पोनप्पा और उनकी नयी जोड़ीदार तनीषा क्रैस्टो ऑल इंग्लैंड सेमीफाइनलिस्ट गायत्री गोपीचंद और त्रिशा जॉली के विकल्प के रूप टीम के साथ सफर करेंगी। किदांबी श्रीकांत और मौजूदा सीनियर राष्ट्रीय महिला एकल चैंपियन अनुपमा उपाध्याय टीम में अन्य एकल खिलाड़ी होंगी।

**सुदीरमन कप के लिये भारतीय टीम :**

**पुरुष एकल** : एचएस प्रणय, किदांबी श्रीकांत (अतिरिक्त : लक्ष्य सेन)
**महिला एकल** : पीवी सिंधु, अनुपमा उपाध्याय (अतिरिक्त : आकर्षी कश्यप)
**पुरुष युगल** : सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी/चिराग शेट्टी, एमआर अर्जुन/ध्रुव कपिला
**महिला युगल** : गायत्री गोपीचंद/त्रिशा जॉली, अश्विनी पोनप्पा/तनीषा क्रास्टो
**मिश्रित युगल** : तनीषा क्रास्टो/साई प्रतीक

## भुवनेश्वर करेगा 2023 इंटरकांटिनेंटल कप की मेजबानी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआइएफएफ) नौ से 18 जून के बीच भुवनेश्वर में चार टीमों के इंटरकॉन्टिनेंटल कप का आयोजन करेगा। एआइएफएफ ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह इस टूनार्मेंट का तीसरा संस्करण होगा, जबकि इससे पहले मुंबई (2018) और अहमदाबाद (2019) ने इंटरकॉन्टिनेंटल कप की मेजबानी की थी। इस आयोजन में भारत का सामना लेबनान, मंगोलिया और वानुअतु से होगा। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के महासचिव शाजी प्रभाकरण ने कहा, भुवनेश्वर फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप के आयोजन स्थलों में से एक था। हमने ओडिशा सरकार द्वारा विकसित किये जा रहे उत्कृष्ट बुनियादी ढांचे को देखा है। उन्होंने कहा, अंडर-17 महिला विश्व कप ने यह विरासत पीछे छोड़ी है और सीनियर पुरुषों की राष्ट्रीय टीम के इतिहास में पहली बार शहर में खेलने का मार्ग प्रशस्त किया है। भारत ने इससे पहले मंगोलिया और वानुअतु के खिलाफ कोई फुटबॉल मैच नहीं खेला है, जबकि लेबनान से वह छह बार भिड़ चुका है। भारतीय टीम वर्तमान में घरेलू मैदान पर लगातार पांच मैच जीतकर आ रही है। यह सिलसिला आठ जून, 2022 को कोलकाता में एएफसी एशियाई कप 2023 क्वालीफायर राउंड-3 में कंबोडिया पर 2-0 से जीत के साथ शुरू हुआ था। तब से, इगोर स्टीमैक की टीम ने अफगानिस्तान (2-1), हांगकांग (4-0) को हराने के बाद त्रिकोणीय राष्ट्र टूनार्मेंट में म्यांमार (1-0) और किर्गिज गणराज्य (2-0) को मात दी है।




## गौरव सिंह मेमोरियल सुपर डिवीजन क्रिकेट लीग

**रांची।** आरडीसीए के तत्वाधान में चल रही गौरव सिंह मेमोरियल सुपर डिविजन क्रिकेट लीग के तहत मेकॉन मैदान में आरसीए की टीम ने साईं बी को 9 विकेट से पराजित कर पूरे अंक अर्जित किए साई बी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 18.3 ओवर में 76 रन पर सिमट गई जिसमें अंजनी ने 32 और धर्मेंद्र ने 15 रनों का योगदान किया हर्ष ने 21 रन देकर सात विकेट लिए सलाउद्दीन 32 रन देकर दो विकेट प्राप्त किए जवाबी पारी में आरसीए की टीम ने 9.4 ओवर में 1 विकेट खोकर मैच को जीत लिया अश्विनी ने 61 औरअतुल ने 15 रन बनाए शिवम को एक विकेट मिला।

## यूथ मंथन अगले दौर में

**रांची।** प्रभात तारा ग्राउंड में खेले जा रहे लिटिल विंग्स स्कूल बी डिविजन क्रिकेट के नॉकआउट चरण में बुधवार को यूथ मंथन ने हटिया सीसी को 76 रनो से हरा दिया पहले बालेबाजी करते हुआ मंथन की टीम ने 32 ओवरों मे 8 विकेट खोकर 222 रन बनाए शिवांश ने 67 प्रथम ने 23 और राजन ने 20 रन बनाए। आदित्य और हर्ष स्वासी ने 3-3 विकेट लिए हिमांशु को 2 विकेट मिला। जवाब मे हटिया की टीम 25.4 ओवरों मे 146 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। आशुतोष ने 57 और आदित्य ने 22 रन बनाए। आदित्य को 3 अली सुदीप और अनुपम को 2-2 विकेट मिले।

## गैलेक्सी सीसी की आसान जीत

**रांची।** गोलचक्कर मैदान मे खेले गए लिटिल विंग्स स्कूल बी डिविजन क्रिकेट मे आज गैलेक्सी सीसी ने यंग मोनार्क को 119 रन के बड़े अंतर से हरा दिया पहले बालेबाजी करते हुए गैलेक्सी की टीम ने 30 ओवरों मे 5 विकेट खोकर 250 रन बनाए। अविनाश ने 72 वैभव ने 68* जाकिर ने 28 आकाश ने 28 रन बनाए यश को 2 विकेट मिला। जवाब मे यंग मोनार्क की पारी 25.1 ओवरों मे 119 रन पर ढेर हो गई। सुप्रभात ने 53 और हर्ष ने 16 रन बनाए आकाश ने 3 और अनाश ने 2 विकेट लिए।

## पेज 1 का शेष

### वीरेंद्र राम की...

**22 अप्रैल के पूर्व चार्जशीट :** इडी 22 अप्रैल के पूर्व इस केस में वीरेंद्र राम और अन्य आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट भी दायर करेगी। 22 फरवरी को इडी ने झारखंड में सरकारी ठेकों में कमीशन के जरिये उगाही के मामले में वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था। अब तक के अनुसंधान में ईडी ने कई कंपनियों में इंवेस्टमेंट, ठेकों में कमीशनखोरी, वरीय अफसरों और नेताओं के सांठगांठ के जरिए 250 करोड़ से अधिक के कमाई के साक्ष्य जुटाये हैं।

### नियोजन नीति के...

**संथाल में बंद असरदार :** उपराजधानी दुमका समेत पूरे संथालपरगना में बंद का व्यापक असर दिखा। भीषण गर्मी के बाद भी छात्र अपनी मांग को लेकर सड़कों पर उतरे थे। छात्रों ने लगभग दुमका के सभी सड़कों को जाम कर दिया। फूलो झानो चौक पर सैकड़ों छात्र बैठे कर आंदोलन को सफल बनाया। साहिबगंज-गोविंदपुर मार्ग में आवागमन पुरी तरह से बाधित हो गया। पाकुड़ में छात्र संगठनों ने पाकुड़ दुमका मुख्य सड़क को जाम कर दिया। सड़क जाम के कारण खासकर यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। **पलामू में आंशिक असर :** छात्र संगठनों के बंद का पलामू प्रमंडल में असर नहीं देखा गया। बाजार सामान्य तरीके से खुले रहे और जनजीवन सामान्य रहा। बंद का पलामू प्रमंडल के तीनों जिले पलामू, गढ़वा और लातेहार के इलाके में कोई असर नहीं देखा गया। **धनबाद में मिलाजुला असर :** नियोजन नीति 60-40 के विरोध में छात्र संगठन के झारखंड बंद का असर धनबाद में भी देखा गया। छात्र संगठन के लोग सड़क पर उतर दुकानो को बंद कराया। धनबाद रांची मुख्य मार्ग के पुटकी में छात्र संगठन टायर जला विरोध प्रदर्शन किया। **जमशेदपुर में करनडीह चौक जाम :** झारखंड बंद के तहत जमशेदपुर में पूर्वी सिंहभूम स्टूडेंट यूनियन के द्वारा करनडीह चौक जाम कर दिया गया। इससे टाटा चाईबासा हाता मुख्य मार्ग पर आवागमन ठप पड़ गया। शहर में कई इलाकों में दुकान और बाजार भी बंद रहें। बंद के मद्देनजर शहर में जगह-जगह पुलिस बल और मजिस्ट्रेट की तैनाती थी।

### हाइ कोर्ट ने...

उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि वर्ष 2020 में हाईकोर्ट ने सूचना आयुक्तों कि नियुक्ति से संबंधित एक याचिका को राज्य सरकार का पक्ष सुनने के बाद निष्पादित कर दिया था। उस समय सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि सूचना आयुक्तों की नियुक्ति जल्द कर ली जाएगी। सूचना आयुक्तों की नियुक्ति नहीं होने पर वर्ष 2021 में प्रार्थी राजकुमार ने अवमानना याचिका दाखिल की है। वहीं राज्य सूचना आयोग में रिक्त पदों की नियुक्ति एवं झारखंड में बाल आयोग, सूचना आयोग, मानवाधिकार आयोग, पुलिस कंप्लेंट अर्थॉरिटी, लोकायुक्त सहित करीब 12 संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष एवं सदस्यों का पद खाली रहने को लेकर एडवोकेट एसोसिएशन की ओर से भी जनहित याचिका दाखिल की गयी है।

### चीन को पछाड़...

**क्या होगा नफा-नुकसान :** ऐसे में भारत के पास वस्तुओं व सेवाओं के उत्पादन और उपभोग में वृद्धि लाने की असीम संभावना है। यह देश अपनी युवा आबादी के बूते इनोवेशन को बढ़ावा देने और तकनीकी बदलावों के मामले में खुद को अव्वल साबित कर सकता है। यहां एक बात गौर करने वाली है कि यह स्थिति तभी संभव है जब भारत अपनी एक बड़ी आबादी को रोजगार उपलब्ध कराने में सफल रहे। पीएम मोदी जिनके 2024 में एक बार फिर सत्ता में आने के कयास लगाये जा रहे हैं, वे देश की अर्थव्यवस्था में निर्माण क्षेत्र की भागीदारी 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 करने की कोशिशों में जुटे हैं। **अर्थव्यवस्था में रोड़ा :** देश की अर्थव्यवस्था 2025-26 तक 5 ट्रिलियन डॉलर और 2030 तक 7 ट्रिलियन डॉलर की हो सकती है। हालांकि बढ़ती आबादी सरकार के इस लक्ष्य को हासिल करने की राह का रोड़ा भी बन सकता है। अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। बढ़ती आबादी के साथ लोगों को बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था, बेहतर शिक्षा, बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर और शहरों व गांवों को अधिक सुविधाजनक बनाना सरकार के लिए और भी बड़ी चुनौती होगी। **जलवायु परिवर्तन :** देश में हर व्यक्ति को भोजन उपलब्ध करने और निर्बाध बिजली आपूर्ति करने की राह में चुनोती बनता जा रहा है। हाल के वर्षों में असमय बारिश से फसलों के नुकसान और हीट वेव के कारण बिजली आपूर्ति में बाधा आने जैसी समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं। भविष्य में आबादी यूं ही बढ़ती रही तो हालात और भी बुरे हो सकते हैं। **जल संकट :** देश में जल संकट भी गंभीर स्तर पर पहुंच गया है। प्रदूषण के कारण पेयजल की स्थिति रोज खराब हो रही है। लगभग 40 प्रतिशत ग्रामीण आबादी के घर तक जल आपूर्ति की सुविधा अब भी उपलब्ध नहीं है। जैसे-जैसे आबादी बढ़ेगी यह समस्या और विकराल होती जायेगी। **स्वास्थ्य सुविधाओं पर असर :** केंद्र और राज्य सरकारें हेल्थकेयर पर अपनी जीडीपी का लगभग दो प्रतिशत ही खर्च कर पा रही हैं जो पूरी दुनिया में सबसे कम है। पांच से कम उम्र के एक तिहाई से अधिक बच्चे कुपोषित हैं जबकि 15-49 वर्ष की आयु की लभगभग आधी महिलाएं अनीमिया की शिकार हैं। ऐसे में लगातार बढ़ रही आबादी देश की स्वास्थ्य व्यवस्था को देखते माथे पर सिकन डालने वाली स्थिति है। **बेरोजगारी :** भारत में बेरोजगारी आजादी के बाद से हर दौर में बड़ी समस्या रही है। बीते वर्षों में देश में रोजगार जरूर बढ़ा है पर आबादी उस अनुपात में कहीं ज्यादा बढ़ी है। नतीजा यह है कि भारत में लगभग एक तिहाई युवा बेरोजगार हैं। ना उनके पास बेहतर शिक्षा है ना कौशल। देश की कामगारों के महज पांच प्रतिशत ही आधिकारिक तौर पर स्किल्ड है। देश के शिक्षण संस्थानों के पास न तो बेहतर संसाधन है ना ही योग्य शिक्षक।

## स्पीड न्यूज

### हवाला कारोबारी नरेश जैन की 21 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त

**नयी दिल्ली।** ईडी ने बुधवार को कहा कि उसने कथित हवाला कारोबारी नरेश जैन की 21 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की संपत्ति धनशोधन जांच के तहत जब्त की है जिनमें फ्लैट और जमीन भी शामिल हैं। ईडी ने बताया कि कुल पांच अचल संपत्ति को जब्त किया गया है जो मध्य प्रदेश के इंदौर, ग्रेटर नोएडा, हिमाचल प्रदेश के सोलन और गुजरात के गांधीनगर में स्थित हैं। पीएमएलए के तहत एक अनंतिम आदेश जारी किए जाने के बाद इन संपत्ति को जब्त किया गया है। इन संपत्ति का कुल मूल्य 21.31 करोड़ रुपये है।

### गुजरात : नरोदा दंगा मामले में फैसला आज

**अहमदाबाद।** गुजरात की एक विशेष अदालत 2002 के सांप्रदायिक दंगों के दौरान नरोदा गाम में मुस्लिम समुदाय के 11 सदस्यों की हत्या के मामले में गुरुवार को फैसला सुना सकती है।इस मामले के आरोपियों में भाजपा की पूर्व विधायक माया कोडनानी और बजरंग दल के नेता बाबू बजरंगी भी शामिल हैं। मामले में कुल 86 आरोपी थे, लेकिन उनमें से 18 लोगों की सुनवाई के दौरान मौत हो गई।

### राहुल गांधी की अर्जी पर फैसला आज !

**अहमदाबाद।** गुजरात में सूरत की एक सत्र अदालत मोदी उपनाम वाले बयान को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी को दोषी ठहराये जाने के फैसले पर रोक लगाने की उनकी याचिका पर अपना आदेश गुरुवार को सुना सकती है। दोषी ठहराये जाने और सजा सुनाये जाने के फैसले पर रोक लगती है तो राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता बहाल हो सकती है।

### अतीक-अशरफ को बताया शहीद, अरेस्ट

मुंबई। महाराष्ट्र में बीड जिले में माफिया और पूर्व सांसद अतीक अहमद तथा उसके पूर्व विधायक भाई अशरफ अहमद को बैनर लगाकर शहीद बताने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि यह घटना मंगलवार को जिले के माजलगांव में हुई, जिसके बाद कई स्थानीय लोग बैनर के पास जमा हो गए। अधिकारियों ने तुरंत इस बैनर को हटाया।

### ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर 10.50 लाख की ठगी

**नोएडा ।** जनपद गौतमबुद्ध नगर में ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर साइबर ठगों ने एक महिला से 10 लाख 50 हजार रुपए की ठगी कर ली। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। नोएडा के सेक्टर-36 स्थित साइबर अपराध थाने की प्रभारी निरीक्षक रीता यादव ने बताया कि सेक्टर-21 जलवायु विहार में रहने वाली पलक अग्रवाल ने अपनी शिकायत में कहा है कि 10 मार्च को उनके पास एक फोन आया। फोन करने वालों ने कहा कि वह घर बैठे ट्रेडिंग वेबसाइट के माध्यम से मोटी रकम कमा सकती हैं।

### दो राजनीतिक धमाके 15 दिनों में होंगे : सुले

**पुणे।** राकांपा सांसद सुप्रिया सुले ने दावा किया है कि अगले 15 दिनों में दो धमाके (राजनीतिक) होंगे। उनके मुताबिक इन धमाकों में एक दिल्ली में और दूसरा महाराष्ट्र में होगा। उन्होंने यह टिप्पणी तब की जब कुछ संवाददाताओं ने उनसे वंचित बहुजन आघाड़ी के प्रमुख प्रकाश आंबेडकर के उस बयान के बारे में मंगलवार को पूछा, जिसमें उन्होंने कहा था कि राज्य में अगले 15 दिनों में बम धमाके होंगे।

### हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी व बारिश

शिमला। हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी हुई है व कई अन्य हिस्सों में बारिश हुई है। शिमला व आसपास के इलाकों में आसमान में बादल छाए रहे व बुधवार सुबह में कोहरे से दृश्यता घटकर कुछ मीटर की रह गई।

# मास्टरमाइंड समेत छह साइबर ठग जामताड़ा से गिरफ्तार

## दिल्ली पुलिस ने पेन इंडिया ऑन लाइन ठगी का किया पर्दाफाश

▶▶ 20 हजार से ज्यादा सिम कार्ड व दर्जनों आधुनिक मोबाइल बरामद

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** बाहरी उत्तरी जिले के साइबर थाना पुलिस टीम ने ऑनलाइन ठगी के इंटरस्टेट गैंग का पर्दाफाश करते हुए मास्टरमाइंड सहित आधा दर्जन ठगों को झारखंड के जामताड़ा से गिरफ्तार किया। इनके पास से पुलिस टीम ने 20 हजार से ज्यादा सिम कार्ड और दर्जनों हाई क्वालिटी के मोबाइल बरामद किया है।

डीसीपी रवि सिंह ने बताया कि यह गैंग जामताड़ा में बैठकर पैन इंडिया लोगों को टारगेट करके उनसे ठगी करता था। उनकी मेहनत की कमाई को रातों-रात अकाउंट से साफ कर देता था। आरोपितों की पहचान निजामुद्दीन अंसारी उर्फ निजाम (23), अफरोज आलम, मो आमिर अंसारी, सरफराज अंसारी, अफरोज अंसारी और नसीम मालित्य के रूप में हुई है।

डीसीपी ने बताया कि एसीपी ऑपरेशन यशपाल सिंह की देखरेख में पुलिस टीम ने इस गैंग का पर्दाफाश करने में कामयाबी पाई है। जब एमएचए पोर्टल के जरिए एक शिकायत साइबर थाना में पहुंची थी। दुबई में रहने वाले एक शख्स के साथ लाखों की चिटिंग हुई थी और उस मामले में पुलिस




ने बेहतरीन काम करते हुए सूझबूझ से चीटिंग के अमाउंट को पहले रोका और उसे फिर टेक्निकल सर्विलांस की मदद से वापस कराने में कामयाबी पाई। फिर चीटिंग के मामले को दर्ज कर पुलिस टीम जब छानबीन शुरू की तो फिर पता चला कि नंबर झारखंड के जामताड़ा में चल रहा है। उसके बाद पुलिस टीम फिर इस गैंग का पता लगाने में जुट गई। टेक्निकल सर्विलांस के आधार पर पुलिस टीम जामताड़ा से आगे उस जगह पहुंची जहां से गोरखधंधा चल रहा था। पुलिस टीम ने फिर एक-एक करके छह आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी पाई। शुरूआती पूछताछ में पता चला है कि यह लोग अब तक ढाई हजार से ज्यादा लोगों को टारगेट करके करोड़ों की चीटिंग कर चुके हैं। यह लोग अलग स्टेट से सिम निकालते हैं और कॉलिंग अलग स्टेट से करते हैं। जिससे कि पुलिस की पकड़ से दूर हो सके। गूगल पर इनका डिटेल सबसे पहले ऊपर आता है, जिससे लोग इनसे संपर्क कर लेते हैं और इनके झांसे में आकर एनी डेस्क डाउनलोड करके अपना सारा डिटेल अनजाने में देकर ठगी का शिकार बन जाते हैं।

# एलएसी पर स्थिति तनावपूर्ण थल सेना रखे कड़ी निगरानी

## देश की सुरक्षा सरकार की शीर्ष प्राथमिकता : राजनाथ

▶▶ सीमा पर तैनात हर जवान को अत्याधुनिक हथियार और सुविधाएं देगी सरकार

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को थल सेना से कहा कि वह चीन से लगी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर कड़ी निगरानी रखे क्योंकि चीनी सैनिकों की तैनाती को देखते हुए उत्तरी क्षेत्र में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है।

सेना कमांडरों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए सिंह ने बिना किसी विशेष संदर्भ का जिक्र करते हुए, सशस्त्र बलों का आह्वान किया कि वे विश्व भर में हो रहे भू-राजनीतिक परिवर्तनों पर गौर करें और अपनी योजना और रणनीतियों को उस अनुसार ढालने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि उत्तरी क्षेत्र में पीएलए (चीनी) सैनिकों की तैनाती के कारण स्थिति तनावपूर्ण है। हमारे सशस्त्र बलों, खासकर भारतीय थल सेना को एलएसी की सुरक्षा के लिए लगातार सतर्कता बरतनी होगी। रक्षा मंत्री की यह टिप्पणी पूर्वी लद्दाख में तीन साल से चल रहे सीमा विवाद की पृष्ठभूमि में है। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मैं आप सभी को विश्वास दिलाता हूं कि सरकार का भरसक प्रयास है कि सीमा पर तैनात हर जवान को अत्याधुनिक हथियार और सुविधाएं मुहैया कराई जाएं। सेना के कमांडरों का पांच दिवसीय सम्मेलन सोमवार को दिल्ली में शुरू हुआ। इसमें चीन और पाकिस्तान के साथ सीमाओं पर देश की राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों और बल की युद्धक क्षमता में वृद्धि के तौर-तरीकों पर



विचार किया जा रहा है। जम्मू कश्मीर का जिक्र करते हुए रक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि वहां शांति और स्थिरता है एवं केंद्रशासित प्रदेश में आतंकवादी गतिविधियों की संख्या में उल्लेखनीय गिरावट आई है। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर राज्यों में भी, भारतीय थल सेना द्वारा चलाए गए अभियानों के बाद आंतरिक सुरक्षा स्थिति में काफी सुधार हुआ है। सिंह ने कहा कि इसके बाद भी, हमें शांति के लिए सरकार के प्रयासों को चुनौती देने वाले राष्ट्र-विरोधी संगठनों को लेकर सतर्क रहना होगा। सिंह ने कहा कि विभिन्न अनिश्चितताओं के कारण भविष्य के युद्ध काफी अप्रत्याशित होंगे। उन्होंने कहा कि आज के बदलते समय में, खतरों और हथियारों का दायरा काफी व्यापक हो गया है। इसे ध्यान में रखते हुए अपनी रक्षा तैयारियों का आकलन करने की आवश्यकता है।

## अतीक व अशरफ हत्या के आरोपियों की रिमांड मंजूर

**प्रयागराज ।** माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की पुलिस कस्टडी में हत्या के तीनों आरोपित शूटर्स को बुधवार को जिला न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस ने अतीक और उसके भाई की हत्या में छानबीन को लेकर तीनों शूटर्स से पूछताछ के लिए 14 दिन की रिमांड मांगी।

न्यायालय ने पुलिस की अर्जी को मंजूरी दे दी है, लेकिन रिमांड कितने दिन की है इस पर कोई सही जानकारी अभी तक नहीं मिल सकी है। पुलिस कस्टडी में बीते दिनों माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने मौके से तीन शूटर्स को गिरफ्तार कर लिया था। पकड़े गए हत्यारोपियों में बांदा का लवलेश तिवारी, कासगंज का अरुण मौर्य व हमीरपुर का सनी है। इनके पास से हत्या में प्रयुक्त भारत में प्रतिबंधित जिगना पिस्टल बरामद की गई थी।

**एसटीएफ ने बिल्डर मोहम्मद मुस्लिम को उठाया :** अतीक-अशरफ की हत्या के बाद सोशल मीडिया में सार्वजनिक हुए चैट के आधार पर यूपी एसटीएफ ने बुधवार को बिल्डर मोहम्मद मुस्लिम को उठा लिया है। वह माफिया अतीक का फाइनेंसर बताया जा रहा है। उसे एक स्थान पर ले जाकर एसटीएफ पूछताछ कर रही है।

## छात्रों को स्थानीय भाषाओं में परीक्षा देने की अनुमति दें विवि

यूजीसी ने सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से किया आग्रह

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने देश के विश्वविद्यालयों से आग्रह किया है कि वे छात्रों को स्थानीय भाषाओं में परीक्षा लिखने की अनुमति दें, भले ही पाठ्यक्रम अंग्रेजी माध्यम में हो। आयोग के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने यह जानकारी दी। यूजीसी के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को पत्र लिखकर यह आग्रह किया है। आयोग ने कहा कि उच्च शिक्षण संस्थान पाठ्य पुस्तकें तैयार करने और मातृभाषा/स्थानीय भाषाओं में शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया का समर्थन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आयोग ने जोर देकर कहा कि इन प्रयासों को मजबूत करना और मातृभाषा/स्थानीय भाषाओं में पाठ्यपुस्तकों को लिखने और अन्य भाषाओं से मानक पुस्तकों के अनुवाद सहित शिक्षण में उनके उपयोग को प्रोत्साहित करने जैसी पहल को बढ़ावा देना आवश्यक है। कुमार ने पत्र में लिखा इसलिए आयोग अनुरोध करता है कि आपके विश्वविद्यालय में छात्रों को परीक्षाओं में स्थानीय भाषाओं में उत्तर लिखने की अनुमति दी जाए, भले ही पाठ्यक्रम अंग्रेजी माध्यम में हों । मौलिक लेखन का स्थानीय भाषा में अनुवाद तथा शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में स्थानीय भाषा के उपयोग को विश्वविद्यालयों में बढ़ावा दिया जाना चाहिए।ह्लह्ल पत्र में कहा गया है कि उपरोक्त कदमों के संदर्भ में रणनीति बनाने के लिए निम्नलिखित जानकारी प्रदान करने का आग्रह किया जाता है। इसमें मुख्य विषयों/पाठ्यक्रमों की विषयवार सूची जिसके लिए पाठ्य पुस्तकों/संदर्भ पुस्तकों/अध्ययन सामग्री को स्थानीय भाषाओं में अवश्य लिखा या अनुवादित किया जाना चाहिए।

## तृणमूल विधायक जीवन कृष्ण के दस खाते फ्रीज

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के बहुचर्चित नियुक्ति भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तार तृणमूल विधायक जीवन कृष्ण साहा के दस बैंक खातों को सीबीआई ने फ्रीज किया है। यह पता लगाया जा रहा है कि उनके बैंक खाते में रुपये कहां-कहां से आए और कहां कहां भेजे गए। दावा है कि उनकी संपत्ति का एक बड़ा हिस्सा बीरभूम जिले में बिखरा हुआ है। सूत्रों के मुताबिक, सीबीआई उनकी अकूत संपत्ति का हिसाब लगा रही है। सूत्रों के मुताबिक, इस बात की जांच जरूरी है कि आखिर विधायक ने नौकरियों की एवज में लिये गये रिश्वत के पैसे कहां रखे। अब तक जीवन कृष्ण के नाम से दस बैंक खातों का पता लगाया जा चुका है जिन्हें फ्रीज किया गया है। इन बैंक खातों में संदिग्ध लेन-देन हो सकता है। खातों को फ्रीज करने के अलावा, बैंक अधिकारी लेन-देन के सभी विवरण और उसके दस्तावेज जुटा रहे हैं। 65 घंटों की पूछताछ के बाद सोमवार सुबह बरवान से विधायक जीवन कृष्ण को गिरफ्तार किया गया था।


## देश को 2047 तक नशे से मुक्त करायेंगे : शाह

मादक कारोबारियों के खिलाफ कठोर कदम उठायें : गृह मंत्री

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि देश से मादक पदार्थ की बुराई को खत्म करने के लिए नशे के कारोबारियों के खिलाफ कठोर कदम अपनाएं। उन्होंने सभी राज्यों से दलगत राजनीति से ऊपर उठकर नशे के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने की अपील की।

राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मादक पदार्थ रोधी कार्यबलों के प्रमुखों के पहले सम्मेलन को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने देश की आजादी के 100वें वर्ष यानी 2047 में भारत को नशे से मुक्त बनाने का लक्ष्य तय किया है।

उन्होंने कहा कि मादक पदार्थ के कारोबारी मुख्य रूप से गुनहगार हैं जबकि इनका इस्तेमाल करने वाले पीड़ित हैं। हमें मादक पदार्थ कारोबारियों के खिलाफ कठोर रुख अपनाना चाहिए और उनके खिलाफ यथासंभव मजबूत कदम उठाने चाहिए। केंद्रीय गृहमंत्री ने



कहा कि मादक पदार्थ के खिलाफ पूरी सरकार के तौर पर रुख अपनाया जाना चाहिए, क्योंकि यह आने वाली पीढ़ियों को नष्ट कर सकती है। उन्होंने सभी से दलगत राजनीति से ऊपर उठकर कार्य करने की अपील करते हुए राज्य सरकारों से कहा कि वे राजनीतिक मदभेदों को अलग रखकर मादक पदार्थ के खिलाफ लड़ाई में एकजुट होकर काम करें।

## मेरिट के आधार पर हो कास्टिंग: प्रियंका चोपड़ा

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा का कहना है कि कोई कैंप बॉलीवुड पर राज नहीं कर सकता और मेरिट के आधार पर कास्टिंग होनी चाहिये।प्रियंका चोपड़ा ने कहा कि बॉलीवुड में लोगों का चुनाव मेरिट के आधार पर होना चाहिए न कि पॉलिटिक्स के आधार पर।कोई कैंप बॉलीवुड और फिल्मों पर राज नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा कि पिछले 5-10 सालों में फिल्म इंडस्ट्री में काफी बदलाव हुए हैं। इंडस्ट्री में बाहर से काफी टैलेंटेड लोग आ रहे हैं। फिल्मों में कास्टिंग योग्यता के आधार पर होनी चाहिए न कि पॉलिटिक्स के आधार पर। कोई भी कैप बॉलीवुड या कास्टिंग को लेकर रूल नहीं कर सकता।फिल्मों में कास्टिंग इस आधार पर भी होनी चाहिए कि आपकी ऑडियंस क्या देखना चाहती है।प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपनी इंटरनेशनल सीरीज ह्यसिटाडेलह्न को लेकर चर्चा में है। सिटाडेल का प्रीमियर 28 अप्रैल को किया जाएगा। सिटाडेल को 06 एपिसोड में तैयार किया गया है।






## वाणिज्य की खबरें

### सिनेमेटोग्राफ एक्ट को मंत्रिमंडल की मंजूरी

**नयी दिल्ली।** सरकार सिनेमा जगत में बड़ी समस्या बन चुकी पायरेसी से निपटने के लिए सिनेमेटोग्राफ एक्ट 2023 में इस पर अंकुश लगाने का प्रावधान करने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि सिनेमा जगत में भयंकर रूप ले चुकी पायरेसी की समस्या से निपटने के लिए सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि सरकार इसके लिए सिनेमेटोग्राफ एक्ट 2023 लेकर आ रही है। यह विधेयक संसद के आगामी सत्र में लाया जायेगा। उन्होंने कहा कि सिनेमा जगत की ओर से इस बारे में लंबे समय से मांग की जा रही थी।

### बाजार में गिरावट जारी, सेंसेक्स 159 अंक टूटा




**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 159.21 अंक टूट गया। मुख्य रूप से सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और कुछ बैंक शेयरों में बिकवाली तथा विदेशी पूंजी की निकासी से बाजार में गिरावट आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 159.21 अंक यानी 0.27 प्रतिशत की गिरावट के साथ 59,567.80 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 274.29 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 41.40 अंक यानी 0.23 प्रतिशत की गिरावट के साथ 17,618.75 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इंडसइंड बैंक, इन्फोसिस, विप्रो, एनटीपीसी, एशियन पेंट्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा, भारतीय स्टेट बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट मुख्य रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में भारती एयरटेल, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी, एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस और रिलायंस इंडस्ट्रीज शामिल हैं।

### एनएचएआई बनाएगा 10,000 किमी डिजिटल राजमार्ग

**नयी दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) वित्त वर्ष 2024-25 तक देशभर में ऑप्टिकल फाइबर केबल (ओएफसी) का लगभग 10,000 किलोमीटर का ढांचा विकसित करने के लिए काम कर रहा है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है। एनएचएआई के पूर्ण स्वामित्व वाली विशेष इकाई राष्ट्रीय राजमार्ग रसद प्रबंधन लिमिटेड (एनएचएलएमएल) ओएफसी ढांचा विकसित करने के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों के साथ एकीकृत उपयोग गलियारे विकसित करते हुए डिजिटल राजमार्ग नेटवर्क बनाएगी। बयान के अनुसार, परीक्षण के तौर पर डिजिटल राजमार्ग विकास के लिए दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर लगभग 1,367 किलोमीटर और हैदराबाद-बेंगलुरु गलियारे पर 512 किलोमीटर को चिह्नित किया गया है। देशभर में दूरस्थ स्थानों पर इंटरनेट कनेक्टिविटी उपलब्ध कराते हुए ओएफसी नेटवर्क 5जी और 6जी जैसी नई पीढ़ी की दूरसंचार प्रौद्योगिकियां सुगम करेगा। दिल्ली-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर हाल ही में 246 किलोमीटर लंबे दिल्ली-दौसा-लालसोट खंड का उद्घाटन किया गया है। इसमें ऑप्टिकल फाइबर केबल डालने के लिए तीन मीटर का गलियारा बनाया गया है। क्षेत्र में 5जी नेटवर्क उपलब्ध कराने में यह बहुत जरूरी साबित होगा।

### दिल्ली में आज खुलेगा एप्पल का स्टोर

**नयी दिल्ली।** दुनिया की अग्रणी प्रौद्योगिकी एवं आईफोन निर्माता एप्पल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी टिम कुक राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पहले और भारत में दूसरे स्टोर का 20 अप्रैल को उद्घाटन करेंगे। कंपनी से जुड़े सूत्रों ने बुधवार को बताया कि भारत में एप्पल के इस दूसरे स्टोर के उद्घाटन पर सीईओ टिम कुक खुद मौजूद रहेंगे। वह इस समय राजधानी दिल्ली में ही हैं, जहां उनका कई हस्तियों से मिलने का कार्यक्रम है। इससे पहले टिम कुक ने देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में मंगलवार को एप्पल के पहले स्टोर का उद्घाटन के साथ स्टोर के दरवाजे खोलकर ग्राहकों का स्वागत भी किया था। दिल्ली में एप्पल का पहला स्टोर साकेत के सेलेक्ट सिटीवॉक मॉल में खुलने जा रहा है। ह्यएप्पल साकेतह्न नाम के इस स्टोर का डिजाइन दिल्ली के पुराने दरवाजों से प्रेरित है। हालांकि, आकार में यह मुंबई के स्टोर से थोड़ा छोटा है। एप्पल ने भारत में अपना पहला रिटेल स्टोर मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) में खोला है। यह स्टोर रिलायंस इंडस्ट्रीज रिलायंस लिमिटेड (आरआईएल) के जियो वर्ल्ड ड्राइव मॉल में खोला गया है।

